सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 08 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 94, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 510 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी जारी रही और सेंसेक्स 510 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के पार पहुंच गया। } 10

## नारी शक्ति को हर रूप में दी प्राथमिकता : मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने हमेशा हर तरह से महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि राजग सरकार द्वारा लाए गए महिला आरक्षण अधिनियम के साथ, भारत अधिक नारी-नेतृत्व वाली शासन व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। } 12

# 22 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में होगी एसआईआर

## विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद शुरू होगी प्रक्रिया



एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग इस महीने पांच विधानसभाओं के चुनाव के बाद दिल्ली सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का तीसरा और अंतिम चरण शुरू कर सकता है। इस महीने केरल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और मतगणना चार मई को होगी। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में दूसरे एवं अंति चरण का मतदान समाप्त होने के बाद एसआईआर शुरू किया जा सकता है। एक और संभावना है कि चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद इस कवायद को बड़े पैमाने पर शुरू किया जाए। अब तक, एसआईआर 10 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में किया जा चुका है। असम में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण किया गया है। जिन राज्यों में अब तक एसआईआर किया गया, उनमें सिर्फ उत्तर प्रदेश में अब तक अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित नहीं हुई है। अब तक के एसआईआी में लगभग 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ मतदाताओं को कवर किया गया है। शेष लगभग ...शेष पृष्ठ 10 पर

# आज रात हो सकता है पूरी सभ्यता का अंत : ट्रंप

## अमेरिका ने ईरान के तेल उद्योग के लिए अहम खार्ग द्वीप पर फिर किया हमला





एजेंसी

तेहरान। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान उनकी ओर से दी गई मंगलवार की नवीनतम समय-सीमा तक होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने समेत एक समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो आज रात एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब ईरान में हवाई हमलों में दो पुल और एक रेलवे स्टेशन को निशाना बनाया गया। इस बीच, ईरानी अधिकारियों ने युवाओं से बिजली संयंत्रों की रक्षा के लिए उनके चारों ओर मानव शृंखला बनाने की अपील की है। ट्रंप ने पहले भी समयसीमा बढ़ाई थी, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि वाशिंगटन में मंगलवार रात आठ बजे तक की समयसीमा अंतिम है। इसी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## 1.4 करोड़ ईरानी युद्ध में अपनी जान देने के लिए तैयार : राष्ट्रपति मसूद

एजेंसी



दुबई। अमेरिका की आसन्न समयसीमा के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने मंगलवार को कहा कि उनके समेत 1.4 करोड़ ईरानी स्वयंसेवक युद्ध में अपनी जान देने के लिए तैयार हैं।

राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने यह टिप्पणी एक्स पर उस समय की, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वह समयसीमा करीब आ रही है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा नहीं खोलता है तो उसके बिजली संयंत्रों और पुलों पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## 9 से 29 तक एक्जिट पोल के प्रसारण पर रोक

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि इस महीने हो रहे पांच विधानसभा चुनावों के लिए नौ अप्रैल की सुबह सात बजे से 29 अप्रैल की शाम 6.30 बजे तक एग्जिट पोल का प्रसारण नहीं किया जा सकता है। उसने यह चेतावनी भी दी है कि इस अवधि में एग्जिट पोल आयोजित करना या प्रसारित करना जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 ए का उल्लंघन है औरै दो साल तक की कैद, या जुर्माना या दोनों दंड दिया जा सकता है। केरल, असम और पुडुचेरी में नौ अप्रैल को विधानसभा चुनाव होंगे, वहीं तमिलनाडु में 23 अप्रैल को चुनावी प्रक्रिया होगी। पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को चुनाव होंगे। केरल और पुडुचेरी में मंगलवार शाम छह बजे और असम में पांच बजे से चुनाव प्रचार थम जाएगा। आमतौर पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होता है, लेकिन इलाके और सुरक्षा स्थिति के कारण समय अलग-अलग हो सकता है।

## सरकारी गेहूं क्रय केंद्र का प्रभारी निलंबित

शाहजहांपुर। जिला प्रशासन ने सरकारी गेहूं खरीद केंद्र के बाहर से गेहूं खरीदे जाने के बाद यहां के एक सरकारी खरीद केंद्र के प्रभारी को निलंबित करने की सिफारिश की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि शहर में स्थित मंडी परिसर के भीतर एक गेहूं खरीद केंद्र स्थापित किया गया है। सोमवार देर रात, ददरौल विधानसभा क्षेत्र (शाहजहांपुर जिले में) के भाजपा विधायक अरविंद कुमार सिंह ने वहां का दौरा किया और देखा कि खरीद केंद्र वीरान पड़ा था, जबकि परिसर के बाहर गेहूं की खरीद बिक्री की जा रही थी। मिश्रा ने कहा कि जैसे ही उन्हें सूचना मिली, वह मौके पर पहुंचे और निर्धारित केंद्र के बाहर गेहूं की खरीद देखी।

# योगी सरकार ने शिक्षामित्रों व अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाया

## ❍ शिक्षामित्रों का 18,000 व अनुदेशकों का मानदेय 17,000 किया ❍ मई माह के भुगतान में मिलेगा बढ़ा मानेदय

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा पर मुहर लगाते हुए योगी कैबिनेट ने मंगलवार को शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में बड़ी बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। इस निर्णय से प्रदेश के लाखों शिक्षा कर्मियों को सीधा लाभ मिलेगा और शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार, वर्ष 2017 में 10,000 रुपये निर्धारित किए गए शिक्षामित्रों के मानदेय को अब बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। इसी प्रकार अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय को बढ़ाकर अब 17,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। बढ़ा हुआ मानदेय अप्रैल माह से लागू हो जाएगा। इस निर्णय से प्रदेश सरकार पर कुल 1475.27 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। यह निर्णय उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र 2026 के प्रथम सत्र में मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में लिया गया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि बढ़ा हुआ मानदेय वर्ष में 11 माह के लिए देय होगा। इसके साथ ही कैबिनेट बैठक में प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं को सरकार की तरफ से बड़ी सौगात देते हुए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत युवाओं को निःशुल्क वितरण के लिए 25 लाख टैबलेट खरीदने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रदेश में महापुरुषों की विरासत को सहेजने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए योगी सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र में 10 स्मारकों के विकास का निर्णय लिया है। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में डॉ. बी.आर. आंबेडकर मूर्ति विकास योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत महापुरुषों, समाज सुधारकों और सांस्कृतिक विभूतियों की मूर्तियों का संरक्षण, सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। कैबिनेट की बैठक में गोरखपुर में बनने वाले उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में निजी क्षेत्र के अंतर्गत मेट्रो विश्वविद्यालय स्थापना को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने भारत या पाकिस्तान विभाजन के समय विस्थापित होकर आए शरणार्थियों को दी गई जमीन पर उन्हें मालिकाना हक दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे दशकों बाद 12380 शरणार्थी परिवारों को राहत मिली है। उन्हें आसानी से बैंक लोन मिल सकेगा। साथ ही वे अपनी उपज को सरकारी खरीद केंद्रों पर भी बेच सकेंगे। कैबिनेट बैठक में 24,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। 15,189 करोड़ के औद्योगिक निवेश को भी हरी झंडी दी गई। योगी सरकार मदरसों के शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी को लेकर अखिलेश सरकार के समय के विवादित विधेयक को वापस लेगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने समेत कई तरह के गैर शमनीय अपराध करने के बाद बच नहीं पाएंगे। कैबिनेट ने इस बाबत सुप्रीम कोर्ट में लंबित रिट याचिका पर दिए गए आदेश का पालन करने के लिए उप्र आपराधिक विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) (संशोधन) अध्यादेश लाने के गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कैबिनेट में कुल 22 प्रस्तावों को हरी झंडी दिखाई गई।

कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में कुल 1,42,929 शिक्षामित्र कार्यरत हैं। इनमें से 1,29,332 शिक्षामित्रों का मानदेय अब तक केंद्र सरकार से समग्र शिक्षा अभियान के तहत 60:40 अनुपात में प्राप्त होता था। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत केंद्रांश के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा तथा अनुमोदन प्राप्त न होने की स्थिति में बढ़े हुए मानदेय के कारण इन पर आने वाला अतिरिक्त 1138.12 करोड़ रुपये का व्यय राज्य सरकार वहन करेगी। वहीं शेष 13,597 शिक्षामित्र, जिनका भुगतान पूरी तरह राज्य सरकार द्वारा किया जाता है, उनके लिए 119.65 करोड़ रुपये का ...शेष पृष्ठ 10 पर



- ❍ 25 लाख युवाओं को दिए जाएंगे टैबलेट
- ❍ औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन पैकेज पर लगी मुहर
- ❍ डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना स्वीकृत
- ❍ एलओसी, सब्सिडी और संशोधन प्रस्ताव स्वीकृत
- ❍ कानपुर देहात में बसाए जाएंगे 99 हिन्दू बंगाली परिवार
- ❍ विस्थापित परिवारों को मिलेगा भूमिधर अधिकार
- ❍ प्रदेश के विभिन्न जिलों की औद्योगिक इकाइयों को राहत
- ❍ अध्यादेश के जरिये आसान की जाएगी भू-उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया
- ❍ यातायात नियमों का उल्लंघन करना पड़ेगा भारी

## पवन खेड़ा के आवास पर असम पुलिस का छापा

नयी दिल्ली। असम पुलिस की एक टीम मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के आवास पर पूछताछ के लिए पहुंची। यह कार्रवाई असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और उनके परिवार के खिलाफ लगाए गए आरोपों से जुड़े एक मामले के संबंध में की जा रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। असम पुलिस के डीसीपी देबोजित नाथ ने कांग्रेस नेता के आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि खेड़ा अपने आवास पर नहीं मिले।

उन्होंने कहा, हालांकि आवास की तलाशी ली गई और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। नाथ ने कहा कि कुछ दोष साबित करने वाली सामग्री मिली है, लेकिन जांच के इस स्तर पर इसकी विस्तृत जानकारी साझा नहीं की जा सकती। डीसीपी ने बताया कि गुवाहाटी की अपराध शाखा पुलिस थाना ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, लेकिन उन्हें ढूंढ निकाला जाएगा। सूत्रों के अनुसार, पुलिस टीम ने यहां पहुंचने पर औपचारिक रूप से दिल्ली पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद स्थानीय पुलिस की एक टीम भी जांच में शामिल हो गई और ...शेष पृष्ठ 10 पर

# यूपी समेत 20 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## हिमाचल, उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली में ओलावृष्टि का भी अनुमान

विशेष संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ समेत कई जिलों में अचानक आए आंधी-पानी ने आम आदमी की परेशानी बढ़ा दी है। सर्वाधिक परेशान अन्नदाता किसान हैं। खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल को अचानक बिगड़े मौसम से काफी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने यूपी के तीस जिलों में आंधी-पानी, ओलावृष्टि और वज्रपात का पूर्वानुमान जारी किया है।

यूपी में गर्मी के बीच बारिश और आंधी का सिलसिला थम नहीं रहा है। मंगलवार देर शाम लखनऊ में धूल भरी आंधी चली। इस कारण विजिबिलिटी कम हो गई। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। गोमती नगर में एक पेड़ कार पर गिर गया, जिससे गाड़ी टूट गई। ड्राइवर कार में ही बैठा था, वह बाल-बाल बच गया। बाद में बारिश भी हुई। मथुरा में दोपहर में तेज आंधी और बारिश हुई। झांसी में शाम करीब साढ़े 4 बजे तेज आंधी चली। चारों तरफ धूल का गुबार छा गया। कानपुर में भी तेज आंधी के चलते जाजमऊ इलाके में रामादेवी की ओर जाने वाले वाहन काफी देर हाईवे पर ही रुके रहे, जिससे यातायात ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जम्मू-कश्मीर : आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक अंतरराज्यीय आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पिछले 16 साल से फरार अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, अब्दुल्ला के अलावा एक अन्य पाकिस्तानी आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब को भी इस बड़े अभियान में गिरफ्तार किया गया। यह कार्वाई जम्मू और कश्मीर पुलिस द्वारा फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय में स्थित एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के छह महीने बाद हुई है, जिसके तार कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पीएम 14 को करेंगे दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर का शुभारम्भ

## सीएम धामी ने की उच्चस्तरीय बैठक कर लिया तैयारियों का जायजा

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड में 14 अप्रैल को प्रस्तावित दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के उद्घाटन को लेकर शासन-प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास पर उच्चस्तरीय बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं तय समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाएं और कार्यक्रम को भव्य व सुव्यवस्थित स्वरूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल उद्घाटन कार्यक्रम नहीं, बल्कि राज्य की पहचान, संस्कृति और विकास की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का अवसर है। बैठक में यह भी तय किया गया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन का प्रमुख आकर्षण होंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गढ़वाली, कुमाऊनी और जौनसारी लोक परंपराओं को प्रमुखता देते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को आकर्षक बनाया जाए, ताकि प्रदेश की समृद्ध विरासत राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित हो ...शेष पृष्ठ 10 पर

### विशेष खबर

## डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

# हिन्दुस्तान ओलंपियाड में शामिल हए बृजेश पाठक, सुषमा खर्कवाल

विशेष संवाददाता

❍ बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित






लखनऊ। हिन्दुस्तान ओलम्पियाड के अंतर्गत मंगलवार को बी.बी.डी. यूनिवर्सिटी, लखनऊ स्थित डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बी.बी.डी. ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास भी उपस्थित रहीं। वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास ने भी विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की ...शेष पृष्ठ 10 पर

# मणिपुर में सीआरपीएफ शिविर पर भीड़ का हमला

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर के गृह मंत्री गोविंदास कांथौजम ने मंगलवार को कहा कि बिष्णुपुर जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शिविर पर भीड़ द्वारा धावा बोले जाने के बाद गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।

❍ गोलीबारी में दो लोगों की मौत, पांच घायल
❍ कई जिलों में तोड़फोड़ आगजनी के बाद कर्फ्यू

कोंथौजम ने बताया कि मोइरांग ट्रोंग्लाओबी इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए बम हमले में दो बच्चों की मौत के विरोध में बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने बम हमले वाली जगह से कुछ ही सौ मीटर दूर गेल्मोल के पास स्थित सीआरपीएफ शिविर पर धावा बोल दिया, वहां वाहनों को जलाया और संपत्तियों में तोड़फोड़ की। मंत्री ने कहा मैंने प्रदर्शनकारियों से सीआरपीएफ शिविर में प्रवेश नहीं करने और सुरक्षा बलों को बम हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के अभियान पर ध्यान केंद्रित करने देने का आग्रह किया था। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने मेरी अपील पर ध्यान नहीं दिया। राज्य के गृह मंत्री ने कहा उन्होंने सीआरपीएफ शिविर पर धावा बोल दिया, ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# 25 लाख युवाओं को मिलेंगे टैबलेट, खरीद के लिए 2000 करोड़ का प्रावधान

## तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, आईटीआई तथा सेवामित्र पोर्टल पर पंजीकृत युवाओं को टैबलेट उपलब्ध कराये जायेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कैबिनेट बैठक में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत प्रदेश के युवाओं को निःशुल्क टैबलेट वितरण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने 25 लाख टैबलेट खरीदने के लिए जारी किए जाने वाले अंतिम बिड डॉक्यूमेंट को मंजूरी दे दी है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2000 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है और इसका पूरा व्यय राज्य सरकार वहन करेगी। योजना के तहत प्रदेश के स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण, आईटीआई तथा सेवामित्र पोर्टल पर पंजीकृत युवाओं को मुफ्त टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकार का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने शैक्षिक पाठ्यक्रमों को बेहतर ढंग से पूरा कर सकें और आगे चलकर रोजगार, स्वरोजगार तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी अवसरों में इसका उपयोग कर सकें। पांच वर्षों तक लागू रहने वाली यह योजना प्रदेश में डिजिटल सशक्तीकरण और रोजगार सृजन की दिशा में एक अहम पहल मानी जा रही है।

## कैबिनेट फैसला

## गोरखपुर में बनेगा वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में गोरखपुर में बनने वाले उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने इसके लिए उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश-2026 के प्रख्यापन को स्वीकृति प्रदान की है। 491 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यह विश्वविद्यालय कैम्पियरगंज क्षेत्र में लगभग 50 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित किया जाएगा। योगी सरकार वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय के लिए इस वर्ष प्रस्तुत प्रदेश के बजट में भी 50 करोड़ रुपये पास कर चुकी है।

गोरखपुर के इस पांचवें विश्वविद्यालय में वानिकी, औद्यानिकी, वन्य जीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, एग्रोफॉरेस्ट्री, फल एवं बागवानी सहित कई आधुनिक विषयों में बीएससी, एमएससी, पीएचडी और



50 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा विश्वविद्यालय, 491 करोड़ रुपये होंगे खर्च

डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य वनावरण बढ़ाना, जैव विविधता संरक्षण को मजबूत करना, किसानों और छात्रों को आधुनिक प्रशिक्षण देना तथा कृषि और पर्यावरण के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देना है। इस फैसले से प्रदेश में हरित विकास, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए योगी सरकार और गोरखपुर के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हो जाएगी। इसके पहले सरकार ने दुनिया के पहले राजगिद्ध (जटायु) संरक्षण केंद्र की स्थापना गोरखपुर में ही की है।

6 सितंबर 2024 को कैम्पियरगंज में दुनिया के पहले राजगिद्ध जटायु (रेड हेडेड वल्चर) संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र के उद्घाटन अवसर पर सीएम योगी ने जटायु संरक्षण केंद्र के समीप ही वानिकी विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा की थी। अब इसे कैबिनेट की भी मंजूरी मिल गई है। यह उत्तर भारत का पहला और पूरे देश का दूसरा वानिकी विश्वविद्यालय होगा।

इस विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए गोरखपुर वन प्रभाग ने जटायु संरक्षण केंद्र के समीप ही 50 हेक्टेयर भूमि चिह्नित कर प्रक्रियात्मक तैयारी तेज कर दी है। गोरखपुर के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) विकास यादव का कहना है कि वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय में वानिकी के अलावा कृषि वानिकी, सामाजिक वानिकी और औद्यानिक के भी डिग्री और डिप्लोमा कोर्स संचालित कराने की योजना है ताकि बड़ी संख्या में युवाओं के सामने नौकरी और रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब शिलान्यास की तैयारी और तेज की जाएगी।

## ग्रेटर नोएडा में स्थापित होगा मेट्रो विश्वविद्यालय

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इस क्रम में ग्रेटर नोएडा में निजी क्षेत्र के अंतर्गत मेट्रो विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है, जो प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के अंतर्गत यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त अधिनियम के तहत निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना, उनके विनियमन एवं संचालन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रायोजक संस्था सनहिल हेल्थकेयर प्रा. लि., नोएडा की ओर से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से आवंटित 26.1 एकड़ भूमि पर मेट्रो विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिसे विधिक प्रावधानों के अनुरूप परीक्षण के उपरांत स्वीकृति दी गई है। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना से प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के नए अवसर सृजित होंगे तथा युवाओं को आधुनिक एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

## बलिया में खुलेगा मेडिकल कॉलेज, निःशुल्क मिलेगी कारागार विभाग की जमीन

बलिया में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय खुलेगा। इसके लिए जिला कारागार विभाग की 14.05 एकड़ जमीन चिकित्सा शिक्षा विभाग को दी जाएगी। महाविद्यालय निर्माण में 437.0021करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। प्रदेश सरकार की ओर से हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोला जा रहा है। इसी के तहत बलिया में भी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की योजना तैयार की गई। सभी विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के बाद तय किया गया है कि जिला कारागार की 14.05 एकड़ जमीन चिकित्सा शिक्षा विभाग को निशुल्क उपलब्ध क राई जाएगी। कारागार के भवन का ध्वस्तीकरण और मलबा हटाने का कार्य चिकित्सा शिक्षा विभाग करेगा। भवन के निर्माण कर 437.0021 करोड़ रुपया खर्च किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने बजट वर्ष 2026-27 में 25 करोड़ का प्रावधान किया है।

## शिक्षा मित्रों ने समस्याओं का भी शीघ्र निस्तारण होने की जताई उम्मीद

- उप्र प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने प्रदेश सरकार का किया धन्यवाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में शिक्षामित्रों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए मानदेय को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये करने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई है। इस पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लगभग 1.5 लाख से अधिक शिक्षामित्रों को सीधा लाभ मिलेगा। लंबे समय से अल्प मानदेय में काम कर रहे शिक्षामित्रों के लिए यह आर्थिक संबल प्रदान करने वाला कदम माना जा रहा है। कैबिनेट के इस निर्णय के बाद उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश सरकार का धन्यवाद व्यक्त करता है।

## प्रदेश में 24 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव को मिली मंजूरी



मंत्रिपरिषद की बैठक में 24,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। शाहजहांपुर, गोरखपुर, ग्रेटर नोएडा, प्रयागराज, हाथरस, यमुना, मुरादाबाद में औद्योगिक इकाईयां स्थापित होंगी।

- आठ औद्योगिक इकाइयों को जारी होंगे लेटर ऑफ कंफर्ट
- शाहजहांपुर, गोरखपुर, ग्रेटर नोएडा, प्रयागराज, हाथरस, यमुना, मुरादाबाद में स्थापित होंगी औद्योगिक इकाइयां

जल्द ही सभी कम्पनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जाएगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में ओएफबी टैंक प्राइवेट लिमिटेड को शाहजहांपुर में 589.98 करोड़ की लागत से एग्रो केमिकल्स प्लांट स्थापित करने, इंडिया ग्लाइकौल्स लिमिटेड को गोरखपुर में 669.93 करोड़ रुपये की लागत से एथेनॉल संयंत्र स्थापित करने, सीईएसी ग्रीन पॉवर लिमिटेड को यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं बुन्देलखण्ड में 3805 करोड़ रुपये की लागत से सोलर सैल प्लांट स्थापित करने के लिए, बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड को सरस्वती हाइटेक सिटी प्रयागराज में 269.31 करोड़ रुवये की लागत से कार्बनिटेड सॉफ्टड्रिंक, सोडा, प्रीफार्म मैन्युफेक्वरिंग प्लांट स्थापित करने के लिए, एजीआई ग्रीन पैक लिमिटेड की सलेमपुर औद्योगिक क्षेत्र हाथरस में 1128.72 करोड़ रुपये की लागत से एल्युमिनियम कैन विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए, इंटीग्रेटेड बेटरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 1146 करोड़ रूपए की लागत से सोलर सेल निर्माण तन्यन्त्र स्थापित करने के लिए, त्रिवेणी इंजीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड को 237 करोड़ रुपये की लागत से मुरादाबाद में एथेनाल इकाई स्थापित करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। अवाडा इलेक्ट्रो लिमिटेड को दो सितम्बर 2025 को मंत्रि परिषद द्वारा परियोजना लागत 11,399 करोड़ के प्रस्ताव को प्रदान किए गए स्वीकृति को संशोधित कर 13,640.79 करोड़ के निवेष प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष रखे गए प्रस्तावों में 6 नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, एक इकाई के सब्सिडी क्लेम और एक परियोजना में संशोधित एलओसी को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर में ओएफसी टेक प्रा लि (589 करोड़ रुपये) एवं हाथरस में एजेआई केन इंडस्ट्रीज (1128 करोड़ रुपये) को एसजीएसटी प्रतिपूर्ति के लिए एलओसी जारी किए जाने की मंजूरी दी गई है। वहीं गोरखपुर स्थित इंडिया ग्लाइकोल्स लि.(669 करोड़ रुपये) और प्रयागराज की विस्कोस इंटरनेशनल प्रा. लि. (269 करोड़ रुपये) तथा गौतमबुद्ध नगर की इंटीग्रेटेड बैटरीज इंडिया प्रा. लि. (1146 करोड़ रुपये) को पूंजीगत सब्सिडी प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिससे इन इकाइयों की लागत में कमी आएगी और उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त मुरादाबाद में त्रिवेणी इंजीनियरिंग को पूंजीगत सब्सिडी वितरण की स्वीकृति दी गई है। साथ ही गौतमबुद्ध नगर स्थित आवादा इलेक्ट्रो लि. के 16,000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट में संशोधन प्रस्ताव को भी कैबिनेट ने अनुमोदित कर दिया है, जिससे परियोजना के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक बाधाओं को दूर किया जा सकेगा।

**ग्रीन एनर्जी पर फोकस :** बैठक में विशेष रूप से सोलर सेल और मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े बड़े निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिससे यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र को ग्रीन एनर्जी हब के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। इन परियोजनाओं से सोलर उपकरणों के आयात पर निर्भरता घटेगी और प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

**विस्थापित परिवारों को मिलेगा भूमिधर अधिकार :** योगी सरकार ने कैबिनेट बैठक में एक अहम निर्णय लेते हुए जनपद पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, रामपुर और बिजनौर में भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को भूमिधर अधिकार प्रदान करने की मंजूरी दी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस फैसले से अपनी जमीन पर अतिक्रमणकारी कहे जाने वाले विस्थापित परिवारों को भूमिधर होने का सम्मान मिल सकेगा। राजस्व संहिता में यह संशोधन कर प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के संकल्प को सिद्ध किया है। इस निर्णय से मुख्य रूप से भारत-पाकिस्तान के विभाजन के समय विस्थापित होकर आए और पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, रामपुर व बिजनौर में बसाए गए शरणार्थी परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2026 के माध्यम से उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 में संशोधन किया गया है, जिसके तहत पात्र परिवारों को असंक्रमणीय अधिकार दिए जाएंगे। दशकों से स्वामित्व के अभाव में ये परिवार खेती के लिए बैंक ऋण लेने और सरकारी खरीद केंद्रों पर उपज बेचने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। अब इस निर्णय से उन्हें अपनी जमीन का कानूनी मालिकाना हक मिलेगा, जिससे वे आसानी से ऋण प्राप्त कर सकेंगे और सम्मानजनक तरीके से अपनी फसल बेच पाएंगे। यह कदम न केवल इन परिवारों को कानूनी सुरक्षा देगा, बल्कि उनके आर्थिक सशक्तीकरण और सामाजिक सम्मान को भी सुनिश्चित करेगा। सुरेश खन्ना ने बताया कि लखीमपुर में शरणार्थी परिवारों की संख्या 2350, पीलीभीत में 4000, बिजनौर के 18 ग्रामों में 3856 और रामपुर के 16 ग्रामों में 2174 है।

## सामाजिक न्याय के प्रणेताओं के स्मारकों का होगा संरक्षण

- कैबिनेट ने डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना को किया स्वीकृत
- 14 अप्रैल को प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में होंगे विशेष कार्यक्रम

उत्तर प्रदेश में महापुरुषों की विरासत को सहेजने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए योगी सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र में 10 स्मारकों के विकास का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में डॉ. बी०आर० आंबेडकर मूर्ति विकास योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत महापुरुषों, समाज सुधारकों और सांस्कृतिक विभूतियों की मूर्तियों का संरक्षण, सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

इसके अंतर्गत योगी सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ-साथ संत रविदास, कबीर, ज्योतिबा फुले, महर्षि वाल्मीकि समेत अन्य महापुरुषों की मूर्तियों का व्यापक सौंदर्यीकरण करेगी। इसके साथ ही आगामी 14 अप्रैल को प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां स्थानीय जनप्रतिनिधि (सांसद, विधायक, एमएलसी) जनता को इस योजना और चयनित स्थलों के बारे में जानकारी भी देंगे। यह पहल न केवल ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित करेगी, बल्कि उन्हें जनोपयोगी केंद्र के रूप में भी विकसित करेगी। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि योजना के तहत प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 स्मारकों का विकास किया जाएगा। प्रति स्मारक 10 लाख रुपये की लागत तय की गई है। इसके अंतर्गत कुल 403 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन स्मारकों के आसपास बाउंड्रीवॉल, छत्र निर्माण, सौंदर्यीकरण, हरियाली का विकास और प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। योजना का उद्देश्य सिर्फ मूर्तियों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके आसपास के क्षेत्रों को विकसित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करना है। निर्माण कार्यों के जरिए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

योगी सरकार की यह पहल मूर्ति स्थलों को केवल प्रतीकात्मक स्थान न बनाकर उन्हें जानकारीपरक और जन उपयोगी केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे नई पीढ़ी को महापुरुषों के योगदान के बारे में जानने और उनसे प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा। इसके अंतर्गत 31 दिसम्बर, 2026 तक स्थापित मूर्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर उनके आसपास के क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।

## कुशीनगर में नारायणी नदी पर पुल निर्माण को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुशीनगर के खड्डा विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ा निर्णय लिया गया है। सरकार ने नारायणी नदी के भैंसहा घाट पर एक नए बड़े पुल के निर्माण के प्रस्ताव को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दे दी है। इसका निर्माण ईपीसी मोड में होगा, जिसकी कुल प्रस्तावित लागत 705 करोड़ रुपये है। वर्तमान में इस घाट पर नदी पार करने का एकमात्र साधन पीपे का पुल (पॉन्टून पुल) है, जिसे मानसून के दौरान हटा दिया जाता है। नए पक्के पुल के बनने से बिहार और महराजगंज की यात्रा बारहमासी और सुगम हो जाएगी। इस पुल के निर्माण से बिहार और महराजगंज जाने के लिए यात्रियों को लगभग 40-50 किलोमीटर की कम दूरी तय करनी होगी। परियोजना से कुशीनगर और महराजगंज जिले के दर्जनों गांवों को सीधा लाभ मिलेगा।

## छिबरामऊ में गंगा पुल को मंजूरी, 289 करोड़ होंगे खर्च

कन्नौज के विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ के विकास खंड गुरसहायगंज में ग्राम चियांसार व च्यवन ऋषि आश्रम के पास गंगा नदी पर पुल के निर्माण को मंजूरी दे दी गई है। इस पुल के निर्माण से कन्नौज और हरदोई के करीब 4 लाख नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। परियोजना के पूरे होने पर कन्नौज साइड से रतनगंगा नदी सेतु, पतिया बैरियर और रामगंगा नदी सेतु के माध्यम से हरदोई, बरेली एवं शाहजहांपुर जिलों से संपर्क सुगम होगा। वहीं, हरदोई साइड के निवासी छिबरामऊ, गुरसहायगंज, कन्नौज, कानपुर और फरुर्खाबाद से राष्ट्रीय राजमार्ग-34 व आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के माध्यम से जुड़ सकेंगे। इससे समय एवं ईंधन की बचत होगी। यह परियोजना इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर लागू की जाएगी। परियोजना की अनुमानित लागत 289 करोड़ रुपये है, जिसे वित्त समिति द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है।

# एयरपोर्ट जैसे बनेंगे यूपी के 49 बस स्टेशन

## परिवहन विभाग से जुड़े कुल तीन प्रस्तावों को कैबिनेट से मिली स्वीकृति

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सार्वजनिक निजी सहभागिता (पीपीपी) मॉडल पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशनों के विकास के द्वितीय चरण को मंजूरी दे दी गई है। इस चरण में प्रारंभिक रूप से प्रस्तावित 54 बस स्टेशनों में से 6 अनुपयुक्त स्टेशनों को हटाते हुए तथा जनपद चंदौली को शामिल करते हुए कुल 49 बस स्टेशनों को विकसित किया जाएगा। यह परियोजना पीपीपी के डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ट, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) मॉडल पर लागू की जाएगी, जिसमें राज्य सरकार पर कोई वित्तीय बोझ नहीं आएगा।

प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि परियोजना के तहत बस स्टेशनों को अत्याधुनिक स्वरूप दिया जाएगा, जहां यात्रियों को शॉपिंग मॉल, सिनेमाघर, बेहतर प्रतीक्षालय, स्वच्छता एवं अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पात्रता शर्तों में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। तकनीकी क्षमता की शर्त को परियोजना लागत के 150% से घटाकर 100% किया गया है, वहीं परियोजनाओं को पूरा करने की समय सीमा 5 से बढ़ाकर 8 वर्ष कर दी गई है। नेट वर्थ की अनिवार्यता परियोजना लागत का 25% निर्धारित की गई है तथा कंसोर्टियम में सदस्यों की अधिकतम संख्या 3 से बढ़ाकर 4 कर दी गई है। सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने पर परियोजना का काम शुरू करने की समय सीमा भी 6 माह से बढ़ाकर 12 माह कर दी गई है।



निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी स्थलों पर 2.5 फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) और ग्राउंड कवरेज की निःशुल्क अनुमति देने का प्रस्ताव है। लीज अवधि 35 या 90 वर्ष निर्धारित की गई है और इसके समाप्त होने पर स्वामित्व स्वतः ही उत्तर प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन को प्राप्त हो जाएगा। कैबिनेट ने यह भी निर्णय लिया है कि बिडिंग प्रक्रिया के दौरान यदि किसी संशोधन की आवश्यकता होती है, तो उसके लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि इस योजना के प्रथम चरण में 23 बस स्टेशनों (लखनऊ, कानपुर, आगरा सहित) को पहले ही स्वीकृति दी जा चुकी है और द्वितीय चरण के 49 बस अड्डों के साथ अब कुल 52 जनपद इस योजना से आच्छादित हो जाएंगे, जबकि शेष 23 जनपदों को अगले चरण में शामिल किया जाएगा। परियोजना में 4000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश आने का अनुमान है (पहले चरण में लगभग 2500 करोड़ रुपये), जिसके तहत बस अड्डों को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करते हुए वीआईपी लाउंज, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल और ठहरने की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कुल क्षेत्रफल का लगभग 55% हिस्सा सार्वजनिक सुविधाओं और 45% व्यावसायिक गतिविधियों के लिए उपयोग होगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि कैबिनेट में मंजूर किए गए अन्य प्रस्तावों के तहत सिकंदराराऊ (हाथरस), नरौरा (बुलंदशहर) और तुलसीपुर (बलरामपुर) में नए बस अड्डों के निर्माण हेतु निःशुल्क भूमि हस्तांतरण को मंजूरी दी गई है। परियोजना के तहत निर्माण कार्य दो वर्षों में पूरा करने तथा व्यावसायिक गतिविधियों को सात वर्षों में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## विकास कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता से न हो समझौता : धामी

जिला संवाददाता (vol)

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गढ़वाल मंडल के थराली, कर्णप्रयाग, केदारनाथ, रुद्रप्रयाग और देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्रों में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाएं तय समयसीमा में पूरी हों और उनकी गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए।



मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का उद्देश्य संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित करना है, ताकि हर क्षेत्र और हर वर्ग को समान अवसर मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने कार्यों का निष्पादन पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ करें। पर्वतीय क्षेत्रों की परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इन इलाकों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उन्होंने निर्देश दिए कि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। हेली एंबुलेंस सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाते हुए आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की ओर से उठाए गए मुद्दों का त्वरित समाधान किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। योजनाओं की नियमित समीक्षा कर उनकी प्रगति पर निगरानी रखी जाए और जहां भी देरी या शिथिलता सामने आए, वहां संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत बाढ़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां पहले से ही सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं, ताकि संभावित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। मुख्य सचिव को सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर व्यापक तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए। चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों की स्थिति, यातायात प्रबंधन, आवास, पेयजल, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त रखा जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही पर्यटन और होटल व्यवसाय से जुड़े हितधारकों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने की भी बात कही गई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य समग्र विकास है और इसके लिए सभी विभागों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## भाजपा का वार्ड चलो अभियान शुरू

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वा स्थापना दिवस के निमित भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा वार्ड चलो अभियान की शुरूआत उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी कैंट विधानसभा क्षेत्र के गीतापल्ली वार्ड पहुंचकर की। क्षेत्रवासियों के बीच केंद्र एवं राज्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए संवाद किया। वही भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह ने निशातगंज काल्विन कॉलेज वार्ड में पहुंचकर राज्य सरकार की 9 साल उपलब्धियों का पत्रक वितरित करते हुए लाभार्थियों से संपर्क किया।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का सीधे लोगों के बीच जाना और संवाद स्थापित करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। निशातगंज काल्विन कॉलेज वार्ड में भाजपा वरिष्ठ नेता डा. नीरज सिंह ने घर घर पहुंच कर डबल इंजन सरकार केंद्र एवं राज्य की 9 साल जन कल्याणकारी योजनाओं का पत्रक देकर लोगों बीच संवाद स्थापित किया।

फिर वरिष्ठ समाजसेवी श्याम लाल वाल्मीकि के आवास पर जाकर उनको अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर में 7 से 12 अप्रैल तक व्यापक स्तर पर वार्ड चलो अभियान चलाया जा रहा है।

## भाजपा लोकतंत्र और संविधान विरोधी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा साजिश करके लोकतंत्र की पवित्रता नष्ट करती है। लोकतांत्रिक प्रणाली के साथ खिलवाड़ कर रही है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान विरोधी है। भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को नहीं मानती है।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये नेताओं एवं कार्यकताओं से अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए की ताकत के सामने भाजपा की एक नहीं चलने पायेगी। पीडीए की ताकत से भाजपा घबराई है। समाजवादी पार्टी भाजपा को लोकतंत्र की हत्या नहीं करने देगी। हर स्तर पर मुकाबला करेगी। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर पीडीए की हिस्सेदारी सुनिश्चित होगी। पीडीए को हक और सम्मान मिलेगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक न्याय की विरोधी है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गये हैं। हर विभाग हर कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा है। कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी के कारण मंहगाई बढ़ती जा रही है।

## परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा : सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भ्रष्ट-भाजपा में यूपी के परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा हुआ है। 1671 ड्राइवर बिना बस चलाए वेतन उठा रहे हैं। 50 प्रतिशत चालक शून्य किलोमीटर चले। श्री यादव ने कहा कि इधर गर्मियों की छुट्टियों में जनता आने-जाने के लिए परेशान है और उधर भाजपाई और उनके संगी-साथी परिवहन विभाग के पहिये खोलकर बेचने में लगे हैं, यही वो कारण है जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश के विकास की गाड़ी भाजपा के भ्रष्टाचार की मारी धँसी सड़क में धँसकर पूरी तरह ठहर गयी है। अखिलेश यादव ने कहा कि दरअसल यातायात-आवागमन का बाधित होना, अर्थव्यवस्था का बाधित होना होता है। भाजपाई ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं, ट्रिलियन डॉलर की अपनी व्यवस्था बनाने में लगे हैं।

# किसानों के सम्पर्क में रहें अधिकारी : सीएम

## बेमौसम बारिश ने किसानों का चैन छीना

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जनपदों में निरंतर हो रही बारिश पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मौसम विपरीत है, ऐसे में प्रशासनिक अधिकारी निरंतर किसानों के सम्पर्क में रहें। बेमौसम बारिश ने किसानों का चैन छीन लिया है, लेकिन सरकार संबल के रूप में खड़ी है। उन्हें परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

सीएम ने मंगलवार को फिर हुई असमय बारिश से किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी स्वयं किसानों के पास पहुंचें और मातहतों को भी फील्ड में रखें। फसलों के नुकसान का आकलन कराने के साथ समयबद्ध ढंग से मुआवजा दिलाएं। हर हाल में प्रयास करें कि आपदा का असर किसानों पर न्यूनतम हो। जनहानि, पशुहानि, घायलों व प्रभावितों को निश्चित समय में मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व, कृषि विभाग व बीमा कंपनी फसल नुकसान का तत्काल संयुक्त सर्वे कराकर शासन को अवगत कराएं, जिससे किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि निरंतर फील्ड में रहें, वस्तुस्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (कृषि) व राहत आयुक्त को निर्देश दिया कि फील्ड में कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क करें और समन्वय बनाएं।

सभी सूचनाएं समय पर एकत्र कर शासन को उपलब्ध कराई जाए, जिससे राहत कार्य भी समय से हो सके।

## आंधी के साथ गिरे ओले, मौसम विभाग का अलर्ट

लखनऊ। मौसम विभाग के अनुसार, नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तेज हवा के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। बुधवार को पूरे प्रदेश में आंधी-पानी का असर देखने को मिलेगा। कई जिलों में ओले भी गिर सकते हैं। इसके चलते प्रदेश में मंगलवार से शुरू हुआ बारिश का क्रम गुरुवार तक जारी रहने के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यह मौसमी बदलाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू होकर धीरे-धीरे पूर्वी दिशा की ओर बढ़ेगा। यह वर्षा का दौर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों को प्रभावित करेगा। इस मौसमी गतिविधि का मुख्य कारण मध्य क्षोभमंडल में उत्तरी पूर्वी पाकिस्तान और अफगानिस्तान के आसपास बना चक्रवाती परिसंचरण है। यह परिसंचरण ऊपरी क्षोभमंडल तक जा रही द्रोणी से जुड़ा है। इसके अतिरिक्त, निचले क्षोभमंडल में उत्तरी पूर्वी राजस्थान, उत्तरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश पर अलग-अलग चक्रवाती परिसंचरण बने हुए हैं। इन सभी मौसमी प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव से प्रदेश में वर्षा की स्थिति बन रही है। तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से कुछ राहत भी मिलेगी। हालांकि, 48 घंटे बाद तापमान में फिर से वृद्धि होने से गर्मी का प्रकोप बढ़ सकता है। प्रदेशवासियों को मौसम में होने वाले इन बदलावों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वर्षा के इस दौर के कारण प्रदेश के अधिकतम तापमान में ठीक-ठाक गिरावट आएगी।

### गोमती नगर में गाड़ी पर गिरा पेड़



गोमती नगर स्थित लोहिया पार्क पावर हाउस के सामने एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आंधी से एक पेड़ उखड़ कर कार पर गिर गया। घटना के समय गाड़ी में कोई सवारी बैठी नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। अंतिम कुमार सिंह और उपनिरीक्षक विनीत शर्मा ने स्थानीय लोगों की मदद से सड़क से पेड़ हटाया। इस दौरान करीब 20 मिनट तक रोड की एक लेन पर यातायात बाधित रहा। रायबरेली रोड पर गोपालखेड़ा पुल के पास एक पेड़ गिर गया। गनीमत रही पेड़ की चपेट में कोई वाहन नहीं आया।

### कई इलाको की बिजली गुल

मंगलवार शांम आई आंधी पानी ने गोमतीनगर, सरोजनीनगर, इन्दिरानगर सहित अन्य जगहो पर लगे बिजली तार पर पेड़ की डाल टूटकर गिरने से कई क्षेत्रों कि बिजली गुल हो गयी। कही ऐसा भी हुआ कि तेज हवा चलते ही पावर हाऊस से बिजली सप्लाई रोक दिया गया और जब हवा थोड़ी कम हुई तो फिर चालू किया गया। गोमतीनगर के विशालखण्ड, विश्वासखण्ड और विपिनखण्ड में 30 मिनट के लिए बिजली कटी गयी। वहीं विपिनखण्ड पावर हाऊस के सामने पेड़ टूट कर गिर जाने से सड़क पर जाम लग गया। इससे कई उपभोक्ता पावर हाऊस नही पहुच सके। मोहनलालगंज के कई गांवो में पेड़ टूटने पर बिजली घण्टो गुल हो गयी। जिससे देर रात कुछ गांवो की बिजली व्यवस्था चालू कराया जा सके।

## सुलतानपुर रोड से जुड़ेगा ग्रीन कॉरिडोर, बनेगी 4-लेन सड़क

विशेष संवाददाता (vol)

- गोमती नगर विस्तार से अर्जुनगंज जाना होगा आसान
- डालीगंज से पक्का पुल तक 15 दिन में तैयार होगा आरओबी

लखनऊ। पिपराघाट से शहीद पथ के मध्य आकार ले रहा ग्रीन कॉरिडोर अब सुलतानपुर रोड से भी कनेक्ट होगा। इसके लिए आर्मी लैंड से मरी माता मंदिर तक 4-लेन सड़क बनायी जाएगी। इससे गोमती नगर विस्तार से अर्जुनगंज की ओर जाना आसान होगा और लगभग 10 लाख की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को स्थल निरीक्षण करके 4-लेन सड़क का कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर के तृतीय चरण के अंतर्गत पिपराघाट से शहीद पथ के मध्य बंधा एवं सड़क निर्माण, फ्लाईओवर व ब्रिज का कार्य कराया जा रहा है। इस रूट को और अधिक प्रभावी व लोगों के लिए उपयोगी बनाने के उद्देश्य से ग्रीन कॉरिडोर को सुलतानपुर रोड से सीधे कनेक्ट करने का भी कार्य कराया जाएगा। जिसके लिए आर्मी लैंड पर निमार्णाधीन ग्रीन कॉरिडोर से सुलतानपुर रोड स्थित मरी माता मंदिर तक 4-लेन सड़क बनायी जाएगी। लगभग 1800 मीटर लंबी इस सड़क का निर्माण लगभग 33 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा।

उपाध्यक्ष ने बताया कि 4-लेन सड़क के निर्माण के लिए टेंडर के माध्यम से कार्यदायी संस्था का चयन कर लिया गया है। जल्द ही स्थल पर कार्य शुरू करा दिया जाएगा, जिसके लिए सम्बंधित अभियंताओं को निर्देश दे दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर से सुलतानपुर रोड के मध्य यह नया रूट बनने से पुलिस मुख्यालय, ओमैक्स, इमार टाउनशिप समेत गोमती नगर विस्तार से अर्जुनगंज की ओर जाना आसान होगा और बड़ी संख्या में लोग लाभन्वित होंगे।

ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत पक्का पुल से डालीगंज के मध्य निर्मित किये जा रहे 1.5 किलोमीटर लंबे आरओबी/फ्लाईओवर का भी उपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया।

## अभा डिप्लोमा इंजीनियर्स में लम्बे अरसे बाद प्रदेश को मिला राष्ट्रीय नेतृत्व



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के गठन के 58 वर्ष के इतिहास में लोक निर्माण विभाग उ.प्र. से पहली बार इं. एन.डी. द्विवेदी बहुमत के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद शताब्दी एक्सप्रेस से ऐतिहासिक जीत दर्ज कराकर राजधानी पहुंचे श्री द्विवेदी का उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के अध्यक्ष इं.एच.एन. मिश्रा के नेतृत्व में डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के चौबीस घटक संघों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रेलवे स्टेशन से लेकर महासंघ कार्यालय तक फूल मालाए और ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया। अपने स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी ने कहा कि अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की गरिमा को बनाए रखने तथा संवर्ग का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान बनाए रखने के साथ ही तकनीकी आयोग के गठन, पूरे देश में एक समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली के लिए, संघर्ष जारी रहेगा। समारोह में मुख्य रूप से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री शिवबरन सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महासंघ इं. भानू प्रताप निरंजन, निर्माण निर्माण से इं. सत्यपाल, महासचिव इं. तुलसीराम, आवास विकास परिषद से इं. प्रवेश कुमार गौड़ मौजूद रहे।

## महापौर ने सुनीं समस्याएं

लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को जनता दरबार में महापौर सुषमा खर्कवाल ने आमजन की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें साफ-सफाई, जल निकासी, सड़क, प्रकाश व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। महापौर ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



**स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाएं :** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अमीनाबाद इंटर कॉलेज में स्वच्छता की संस्कृति निर्माण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल ने छात्रों को स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाने, भोजन से पहले और शौच के बाद हाथ धोने तथा आसपास पानी जमा न होने देने की सलाह दी। उन्होंने वैज्ञानिक सोच अपनाने और अंधविश्वासों से दूर रहने पर भी जोर दिया। इस दौरान शिक्षकों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वच्छता संबंधी गतिविधियां कराई गईं। अंत में सभी ने स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा आयोजन से जुड़े संस्थानों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## भाजपा ने भारतीय राजनीति की दिशा और दशा बदल दी : कमलेश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। अवध क्षेत्र कार्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी का ध्वज फहराकर भारतीय जनता पार्टी को विश्व स्तर पार्टी बनाने वाले महापुरुषों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर कमलेश मिश्र ने कहा की आज हम सब एक ऐसे दल की स्थापना दिवस का कार्यक्रम मना रहे हैं जिसने भारतीय राजनीति की दिशा और दशा दोनों बदल दी श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्रवाद और अन्त्योदय के विचार को लेकर आगे बढ़ते हुए आज ही के दिन 1980 मे राजनीति के शिखर पुरुष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी का उदय हुआ। कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक दल नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं का प्रतिबिम्ब है। आज पार्टी का हर कार्यकर्ता विकसित भारत के सपने को साकार करने के संकल्प के साथ आगे बढ रहा है।

आज इस स्थापना दिवस के अवसर पर हम सभी संकल्प ले कि भारतीय जनता पार्टी के आदर्षों को आगे बढाते हुए राष्ट्र निर्माण मे अपना पूर्ण योगदान देंगे।

क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी आकाश मिश्र मोदी ने बताया की इस अवसर पर अभियान संयोजक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, जितेन्द्र सिंह राय, चन्द्रा रावत मंत्री और सह संयोजक मणीन्द्र पाण्डेय, संजय गुप्ता, विनोद पटेल, विकास सिंह, कोषाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, सदस्य सरोज कुमारी सोशल मीडिया सह संयोजक मनोज त्रिवेदी, मोर्चा अध्यक्षों में किसान मोर्चा के अरूण सिंह गप्पू, अल्पसंख्यक मोर्चा के मो. नईम, कार्यालय मंत्री डॉ. विमल सिंह, कार्यालय प्रभारी अखिलेष त्रिपाठी, आईटी के संयोजक मानस मित्रा, सिद्वार्थ तिवारी सहित बडी संख्या मे सम्मानित कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।

## टेबल टेनिस चैंपियनशिप में डा. शकुंतला मिश्रा विवि के शिक्षक विवेक सिंह का श्रेष्ठ प्रदर्शन




लखनऊ। गोमती नगर स्थित साई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस (मॉडर्न एकेडमी) में आयोजित तृतीय पैरा स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के शिक्षक विवेक सिंह ने शानदार सफलता हासिल कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। शिक्षा शास्त्र विभाग में गेस्ट फैकल्टी के रूप में कार्यरत विवेक सिंह ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की क्लास सेवन श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों से लगभग 45 पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया। विवि प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि विवेक सिंह ने टेबल टेनिस के साथ-साथ पिकल बॉल खेल में भी पहली बार भाग लेकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस सफलता पर कुलपति आचार्य संजय सिंह, विवि के शिक्षा निदेशक प्रो. राजीव नयन पाण्डेय, शिक्षा शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र सिंह यादव समेत पूरे विवि परिवार ने बधाई दी।

## लोहिया संस्थान में लीवर पूप एप की लांचिंग आज

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के शिशु रोग विभाग की ओर से विकसित भारत का पहला एआई-आधारित मोबाइल एप लीवर पूप लॉन्च बुधवार को होगा। यह एप नवजात एवं शिशुओं में बाइलरी विकारों की प्रारम्भिक पहचान में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। यह अभिनव एप स्टूल के रंग के विश्लेषण के माध्यम से शिशुओं में गंभीर लीवर रोगों की प्रारम्भिक स्क्रीनिंग में सहायता करेगा, जिससे समय पर निदान एवं उपचार संभव हो सकेगा। यह एप उपयोग में सरल, निःशुल्क तथा अभिभावकों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। यह एप 40 भाषाओं (22 भारतीय एवं 18 विदेशी भाषाओं) में उपलब्ध है, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक इसकी पहुँच सुनिश्चित हो सकेगी।

## ऑटिज्म समावेश की ओर बड़ा कदम

लखनऊ। टाटा पावर की पे अटेंशन पहल ने ऑटिज्म समावेश को बढ़ावा देते हुए 45,000 से अधिक परिवारों को सहायता दी है। ई-सानिध्य प्लेटफॉर्म पर 14,000 यूजर्स को मुफ्त स्क्रीनिंग, विशेषज्ञ सलाह और हेल्पलाइन सुविधा मिली। विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर महीनेभर के कार्यक्रम, प्रशिक्षण और बहुभाषी विस्तार की घोषणा की गई। इस अवसर पर, हिमल तिवारी ने कहा ऑटिजम से जूझ रहे परिवारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती केवल जागरूकता नहीं, बल्कि संसाधनों तक पहुँच है। टाटा पावर की 'पे ऑटेंशन' पहल इसी दिशा में एक अनोखी कोशिश है।

## कोटेदारों से खाली बोरे खरीदने की मिली अनुमति

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कैबिनेट ने गेहूं खरीद के लिए उचित दर विक्रेताओं के पास उपलब्ध पीडीएस से खाली बोरों को सीधे खरीदने की अनुमति खाद्य विभाग को दे दी है। अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के चलते बोरों की आपूर्ति बाधित हुई है। साथ ही बाजार भाव भी बढ़ गए हैं। इसलिए ई टेंडर और जेम से ही खरीद की शर्त में छूट देते हुए उचित दर विक्रेताओं के पास उपलब्ध पीडीएस से खाली यूज्ड बोरों की खरीद का फैसला किया गया है। इससे उचित दर विक्रेताओं से सीधे 20-25 हजार गांठ जूट बोरे तत्काल उपलब्ध हो सकेंगे और गेहूं खरीद का काम प्रभावित नहीं होगा।

**तदर्थ कर्मचारी को विनियमित किए जायेंग :** कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा-47(1) के अंतर्गत कर अधिकारी के पद पर की गई तदर्थ नियुक्ति को विनियमित किए जाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसी के मद्देनजर संबंधित प्रस्ताव लाया गया था।

**अध्यादेश के जरिये आसान की जाएगी भू-उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया :** कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2026 को जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इस अध्यादेश के जारी होने पर विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, विनियमित क्षेत्रों और उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अधीन क्षेत्रों में गैर-कृषि उपयोग (लैंड यूज) परिवर्तन की प्रक्रिया बेहद सरल हो जाएगी। अब इन क्षेत्रों में अलग से लैंड यूज बदलवाने की आवश्यकता नहीं होगी। 23 मार्च 2026 को हुई कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा-80 में संशोधन की मंजूरी दे दी गई थी। इसके तहत अगर किसी भूखंड का नक्शा प्राधिकरण द्वारा पास हो जाता है, तो संबंधित भूमि का भू-उपयोग वही हो जाएगा, जिस उपयोग के लिए नक्शा पास किया गया है। इससे पहले लोगों को दोहरी प्रक्रिया यानी पहले लैंड यूज परिवर्तन और फिर नक्शा पास कराने से गुजरना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अधिक खपत होती थी। राज्य सरकार ने यह कदम उद्योग लगाने या फिर कारोबार करने वालों को राहत देने के लिए उठाया है। विधानसभा सत्र हाल-फिलहाल में आहूत होने वाला नहीं है, इसलिए अध्यादेश के माध्यम से इन बदलावों को लागू करने के लिए प्रस्ताव लाया गया था, जिसे मंजूरी दे दी गई है।

**यातायात नियमों का उल्लंघन करना पड़ेगा भारी :** यातायात नियमों का उल्लंघन करने समेत कई तरह के गैर शमनीय अपराध करने के बाद बच नहीं पाएंगे। कैबिनेट ने इस बाबत सुप्रीम कोर्ट में लंबित रिट याचिका पर दिए गए आदेश का पालन करने के लिए उप्र आपराधिक विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) (संशोधन) अध्यादेश लाने के गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अध्यादेश में संशोधन किया जाएगा। इसके तहत गैर शमनीय अपराध पूर्व की तरह उपशमित (समाप्त) नहीं होंगे। अध्यादेश में संशोधन के बाद जिन अपराधों में अनिवार्य कारावास का दंड है, वे अपराध जो प्रथम अपराध नहीं हैं, अर्थात वे बाद के अपराध है, वे पूर्व की भांति स्वतः समाप्त नहीं होंगे। उदाहरण के लिए यदि वर्तमान में किसी व्यक्ति की ओर से मोटर वाहन अधिनियम के तहत अपराध किया गया है और वह जुर्माना नहीं देता है तो एक समय बीतने के बाद कार्यवाही स्वतः समाप्त हो जाती है। अब उसे भी दंड का सामना करना होगा। बता दें कि उप्र आपराधिक विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) (संशोधन) अध्यादेश, 2023 मजिस्ट्रेट के सामने लंबित छोटे आपराधिक मामलों को समाप्त करने का प्रावधान करता है। यह अदालती बोझ कम करने के लिए समझौता या शमन (कंपाउंडिंग) की अनुमति देता है।

**विवादित उप्र मदरसा विधेयक, 2016 वापस लेगी सरकार :** योगी सरकार मदरसों के शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी को लेकर अखिलेश सरकार के समय के विवादित विधेयक को वापस लेगी। उत्तर प्रदेश मदरसा (अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) विधेयक, 2016 को वापस लेने के लिए अब इसे विधानमंडल के दोनों सदनों में विचार होगा। इससे संबंधित प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में मदरसा शिक्षकों को वेतन देने में देरी होने पर संबंधित अधिकारियों को आपराधिक दंड देने के प्रावधान थे। सपा सरकार ने मदरसा शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए ऐसा विधेयक बनाया था जो बेसिक व माध्यमिक शिक्षकों की तर्ज पर था। इस विधेयक में कुछ ऐसे प्रावधान थे, जिसके तहत मदरसा शिक्षकों व कर्मचारियों का वेतन समय पर न मिलने पर संबंधित अधिकारियों पर आपराधिक मुकदमा तक दर्ज कराया जा सकता था। इसके कुछ और बिंदुओं से तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने इस पर आपत्ति जताते हुए यह विधेयक राष्ट्रपति के पास भेज दिया था। केंद्र के न्याय विभाग और गृह मंत्रालय ने इस विधेयक की कुछ धाराओं पर गंभीर आपत्तियां जताई थीं। यह भी कहा कि इसके कई प्रावधान पहले से मौजूद कानून की धाराओं की विरोधाभासी हैं। इन आपत्तियों के आधार पर केंद्र सरकार ने प्रदेश सरकार को सलाह दी कि वह इस विधेयक को वापस लेकर आवश्यक संशोधनों के साथ नया विधेयक लाने पर विचार करे।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- ओएफबी टेक प्रा.लिम. 589 करोड़ के निवेश के साथ शाहजहांपुर में एग्रो केमिकल्स बनाएगी।
- इंडिया ग्लाइकॉन्स लिमिटेड गोरखपुर (गीडा) में एथेनाल प्रोडक्शन के लिए क्षमता विस्तार करेगी,669 करोड़ का निवेश।
- सोलर सेल व मॉड्यूल मैन्युफेक्चरिंग प्लांट निर्माण के लिए 3805 करोड़ का निवेश,बुंदेलखंड व यमुना अथॉरिटी परिसर में।
- बिसलेरी इंटरनेशनल प्रा.लिमिटेड, प्रयागराज में स्थापित होगा, 269.31 करोड़ का निवेश।
- ए.जी.आई. कैन मैन्युफैक्चरिंग के लिए हाथरस में यूपीसीडा क्षेत्र में 1128.72 करोड़ का निवेश करेगा।
- इंटीग्रेटेड बैटरीज इंडिया प्रा.लिमिटेड का सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट 1146 करोड़ का निवेश, यमुना अथॉरिटी परिसर में।

## पांच शहरों के लिए बस का किराया बढ़ा

लखनऊ। परिवहन निगम की बसों से सफर महंगा हो गया है। कई रूटों पर एक से छह रुपये तक अतिरिक्त देने पड़ेंगे। यह किराया उन रूटों की बसों पर लागू होगा जिन पर टोल प्लाजा पड़ता है और परिवहन निगम को टोल देना पड़ता है। एक अप्रैल से टोल की दरों में बढ़ोतरी के बाद यह बदलाव हुआ है। लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने बताया कि किराए की नई दरें लागू भी हो गई हैं। उन्होंने बताया कि जिन रूटों पर टोल नहीं पड़ता है उधर संचालित होने वाली बसों का किराया नहीं बढ़ाया गया है। इन रूटों पर बढ़ा किराया-आलमबाग से प्रयागराज 302 से बढ़कर 308 रुपये-आलमबाग से वाराणसी 473 से बढ़कर 476 रुपये-कैसरबाग से बहराइच 192 की जगह 193 रुपये-कैसरबाग से गोरखपुर 435 की जगह 437 रुपये-कैसरबाग से दिल्ली 776 की जगह 781 रुपये हो गया है।

## चैलेंज मूल्यांकन के आवेदन की तिथि बढ़ी



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2025-2026 के विषम सेमेस्टर परीक्षा के चैलेंज मूल्यांकन के आवेदन की तिथि को 7 से 9 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

कुछ छात्रों के अनुरोध पर छात्रहित में ध्यान रखते हुए तिथि को विस्तारित किया गया है। उक्त तिथि में छात्र चैलेंज मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद छात्रों की डिजिटल मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका छात्र के ईआरपी लॉगइन पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

### नई तकनीकी के सेंटर फॉर एक्सीलेंस से मिलेंगे दूरगामी परिणाम

लखनऊ। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में साधना सप्ताह के तहत सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन एआई एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीः इंडस्ट्री 4 प्वॉइंट एकेडमिक एक्सीलेंस पर विशेष ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। माइक्रोसॉफ्ट टीम के माध्यम से आयोजित इस व्याख्यान की अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार ने की। इस मौके पर एसो. डीन इनोवेशन डा. अनुज कुमार शर्मा ने भी विचार रखा। समन्वय शुभी पांडेय ने किया। इस दौरान राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक सहित फैकल्टी और कर्मचारी जुड़े थे।

## कूड़ा उठान पर सख्ती, डबल शिफ्ट में कार्य कराने के निर्देश

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मंगलवार को स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम से शहर के सभी आठ जोनों की समीक्षा की। उन्होंने कूड़ा उठान, डोर-टू-डोर कलेक्शन और रोड स्वीपिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ने पर डबल शिफ्ट में कार्य कराने के निर्देश भी दिए गए। नगर आयुक्त ने कहा कि डंपिंग यार्ड से समय पर कूड़ा उठाया जाए और कहीं भी कचरा जमा न होने पाए। कंट्रोल रूम में प्राप्त कॉल, सोशल मीडिया और 311 एप की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

## केजीएमयू में हंगामा करने वाले पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज

लखनऊ। केजीएमयू कैंपस में शनिवार को छात्र संघ पूर्व अध्यक्ष के प्रदर्शन के दौरान कई डॉक्टर की तीखी नोकझोंक भी हुई थी। केजीएमयू के आर्थोपेडिक विभाग में डाक्टर-तीमारदार के बीच हुई मारपीट की घटना और उसके कैंपस में हंगामे को लेकर चौक पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। इसके चलते मंगलवार को डाक्टरों का प्रस्तावित पीस मार्च भी टल गया। साथ ही बुधवार को हड़ताल की आशंका भी टल गई। एफआईआर दर्ज करने में देरी के चलते केजीएमयू शिक्षक संघ में भारी नाराजगी थी। सोमवार को केजीएमयू शिक्षक संघ की बैठक में ये तय हुआ था कि इस मामले को एग्जीक्यूटिव कमेटी में उठाया जाएगा। मंगलवार को मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो बुधवार को संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। केजीएमयू शिक्षक संघ अध्यक्ष डा. केके सिंह ने बताया कि अब जब पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है तो फिर आंदोलन भी टल गया है। उल्लेखनीय है कि संजीत सिंह पटेल समेत 15 से 20 अज्ञात लोगों को नामजद किया गया है।

## विज्ञान का उपयोग स्वास्थ्य जनजागरूकता के लिए हो : डॉ. सोनिया

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। राजधानी के प्रमुख सरकारी अस्पताल व संस्थानों में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। कहीं पर स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के गुर बताए तो कहीं पर बीमारियों से बचाव का तरीका बताया गया।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस वर्ष की थीम है स्वास्थ्य के लिए साथ मिलकर, विज्ञान के साथ खड़े रहें। यह संदेश हमें बताता है कि बीमारियों से लड़ने में एकता और वैज्ञानिक सोच दोनों ही अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

विभागाध्यक्ष डा. सूर्यकान्त ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया की 10 प्रमुख बीमारियां निम्नवत हैं - हृदय (इस्केमिक हृदय रोग, स्ट्रोक) और श्वसन (कोविड-19, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, लोअर रेस्पिरेटरी इंफेक्शन), नियोनेटल कंडिशन, ट्रेकिया, ब्रोंकस लंग कैंसर, एल्जाएमर एण्ड डिमेंशिया, डायरिया, डायबिटीज, लीवर एवं किडनी डिजीज है। वैश्विक स्तर पर कुल मौतों के 10 प्रमुख कारणों में से 7 गैर-संचारी रोग हैं, जो सभी मौतों का 38 प्रतिशत या शीर्ष 10 कारणों का 68 प्रतिशत जिम्मेदार हैं। भारत में लगभग 10 करोड़ हायपरटेंशन व हृदय रोग, सांस के रोगी 10 करोड़, 10 करोड़ डायबिटीज, और प्रतिवर्ष 7 लाख रोगी कैंसर के है। विश्व में टीबी का हर चैथा मरीज भारतीय है। आकड़ों के अनुसार भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा मानसिक रोगी रहते हैं, भारत में हर तीन में से एक व्यक्ति मानसिक रोगी होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति वर्ष दुनिया भर में लगभग 1.3 करोड़ लोगों की मौतें पर्यावरणीय कारणों से हो जाती हैं, जिनसे पूरी तरह से बचा जा सकता है। डा. सूर्यकान्त ने बताया कि अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, व्यायाम और योग की कमी और फास्ट फूड का सेवन भी खराब स्वास्थ्य के लिए जिम्मेदार है। जबकि पारंम्परिक भारतीय थाली स्वास्थ्य के गुणों से भरपूर होती है। इस गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए खीरा, खरबूज, तरबूज का सेवन अधिक करना चाहिए साथ ही कोल्डड्रिंक व जूस के स्थान पर मौसमी फल व देशी पेय जैसे कि मठ्ठा, लस्सी, शिकांजी, नारियल पानी, बेल का शरबत, गन्ने का रस आदि का सेवन करना चाहिए। सत्तू का सेवन भी इस मौसम में विशेष लाभकारी होता है।

केजीएमयू कुलपति डा. सोनिया नित्यानन्द ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सभी को सन्देश देते हुए कहा कि विज्ञान का उपयोग स्वास्थ्य जनजागरूकता के लिए हो। इस अवसर पर विभाग के चिकित्सक डा. आरएएस कुशवाहा, डा. संतोष कुमार, डा. राजीव गर्ग, डा. दर्शन कुमार बजाज, डा. ज्योति बाजपेयी, डा. अंकित कुमार, डा. मंजीत, डा. पंखुड़ी, डा. तुसार, समस्त जूनियर डाक्टर्स, स्वास्थ्यकर्मी एवं भर्ती मरीजों के तीमारदार भी उपस्थित रहें।

दूसरी तरफ उजरियाँव में शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रो. डा. सीएम सिंह, निदेशक, आरएमएलआईएमएस के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# लोकभवन के सामने महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

## राजस्व अधिकारियों व मानकनगर पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजस्व अधिकारियों और मानकनगर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बुजुर्ग महिला ने मंगलवार दोपहर लोकभवन के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। यह देख आत्मदाह निरोधी दस्ते व पुलिसकर्मियों ने दौड़कर महिला को पकड़ लिया। तेल की बोतल छीनने के बाद हजरतगंज पुलिस उसे लेकर कोतवाली पहुंची। छानबीन में पता चला कि महिला ने करीब डेढ़ एक माह पूर्व भी आत्मदाह का प्रयास किया था। शुरूआती छानबीन में सामने आया कि महिला का पड़ोसी से भूमि विवाद है। पुलिस पीड़िता की काउंसलिंग कर रही है।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि मूल रूप से मानकनगर न्यू श्रीनगर निवासी संध्या सिंह (63) इंदिरानगर में रहती हैं। मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे संध्या लोकभवन के गेट नंबर-3 पर पहुंच गई। संध्या ने बैग से पेट्रोल की बोतल निकाली और खुद पर उड़ेल लिया। यह देख हजरतगंज पुलिस व आत्मदाह निरोधी दस्ते में तैनात पुलिसकर्मी दौड़े। पीड़िता इससे पहले कि आग लगा पाती, पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया।

पुलिस उसे लेकर हरजतगंज कोतवाली पहुंची। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि पड़ोसी इकबाल सिंह से उनका थाना मानकनगर क्षेत्र में जमीनी विवाद चल रहा है। जिसकी पैमाइश को लेकर वह राजस्व विभाग में कई बार शिकायत कर चुकी हैं। आरोप है कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर 16 फरवरी को जमीन की पैमाइश करने कानूनगो और लेखपाल के साथ माल पुलिस पहुंची थी। चार घंटे पड़ोसी इकबाल के साथ राजस्व अधिकारी बातचीत करते रहे, लेकिन उचित कार्रवाई नहीं की। पीड़िता का आरोप है कि पैमाइश के दौरान वह नहीं थी। विरोध पर लेखपाल ने कहा कि पांच लीटर पेट्रोल मुझसे लो और आत्महत्या कर लो।

पीड़िता द्वारा आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जा रही है। इससे पहले भी 27 फरवरी को संध्या ने लोकभवन पर आत्मदाह का प्रयास किया गया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि थाना मानकनगर पुलिस द्वारा राजस्व विभाग से पत्राचार कर निस्तारण की प्रक्रिया भी प्रारम्भ की जा चुकी है। पीड़िता को मानक नगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

## आधा दर्जन से अधिक छात्रों को सचिवालय में नौकरी का झांसा देकर लाखों ठगे

- प्रत्येक छात्र से लिए 12 लाख

**लखनऊ।** राजधानी में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे संतकबीर नगर के पांच युवकों को सचिवालय में नौकरी दिलाने की बात कहकर जालसाजों ने ठगी की। पीड़ितों ने मूल शैक्षिक दस्तावेज दिए। साथ ही नकद व खाते में 12-12 लाख दिए। उसके बाद आरोपियों ने सभी को जाली नियुक्ति पत्र थमा दिया। पीड़ित सचिवालय ज्वाइनिंग करने पहुंचे तो फजीर्वाड़ा सामने आया। डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश पर मड़ियांव पुलिस ने दंपति समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

संतकबीरनगर के नोक्ता निवासी अभिषेक यादव, रितेश यादव,, सुनील कुमार, संदीप कुमार व विजय कुमार यादव लखनऊ में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। पीड़ित अभिषेक यादव ने बताया कि कुछ समय पहले उनकी मुलाकात दीपक दुआ से हुई। बताया कि उनकी मौसी का बेटा अजीत सिंह है। उनकी कई परीक्षा कराने वाली कंपनी हैं। उन्होंने उनके साथ मिलकर कई प्रांतों में अलग-अलग विभागों में नियुक्ति करायी है। दीपक ने कहा कि अजीत व अन्य लोग की लखनऊ में प्रमुख सचिव से मीटिंग हैं। वे लखनऊ आने वाले हैं। अभिषेक ने यह बात साथियों को बतायी। उसके बाद दीपक ने सभी छात्रों की मुलाकात इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर अजीत सिंह, मो. इस्माइल, बेगम नूरजहां, मोनू, रवि कटारिया, दीपक दुआ और ज्योति दुआ से करायी। बातचीत में आरोपियों ने बताया कि सचिवालय में भर्ती आयी है, जिसकी जिम्मेदारी उन्हें मिली है। आप लोग 12-12 लाख रुपये की व्यवस्था एक सप्ताह में करने को कहा था।

# सड़क हादसे में दवा कम्पनी के मैनेजर की मौत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से हुई दवा कंपनी के एरिया मैनेजर की मौत मामले में मृतक की पत्नी ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से फतेहपुर जिले के खागा स्थित खेमकरनपुर टेकारी और वर्तमान में सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा में मीरानपुर पिनवट स्थित आशापुरम गोल्ड कॉलोनी निवासी महिला मीना सिंह के मुताबिक बीती 3 अप्रैल को उनके पति व एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल लि. कंपनी के एरिया मैनेजर महेंद्र सिंह (40) रात करीब 8:30 बजे अपना काम समाप्त कर बाइक से घर लौट रहे थे।

सरोजनीनगर में मीरानपुर पिनवट स्थित किसान पथ अंडरपास (नहर के सामने) के पास तेज रफ्तार ट्रक (एमएच 04 एमआर 2271) के ड्राइवर ने लापरवाही से बिना हार्न बजाये तेज रफ्तार से आया और जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में महेंद्र सिंह घायल हो गए। मीना का कहना है कि बाद में एंबुलेंस से उन्हें सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस मामले में मीना सिंह ने सरोजनी नगर थाने में तहरीर देकर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। फिलहाल सरोजनी नगर पुलिस ने मीना की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक नंबर के आधार पर उसके चालक का पता लगा रही है।

## बस की ठोकर से किसान की गयी जान

**लखनऊ।** ठाकुरगंज के आईआईएम रोड में सब्जी मंडी से घर लौट रहे बाइक सवार दो लोगों को बेकाबू बस ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां देर रात इलाज के दौरान घायल किसान ने दम तोड़ दिया। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। माल के गोपरामऊ निवासी सरवन (30) किसान था। परिवार में पत्नी रीता और दो बेटे शोभित व शुभ हैं। रिश्तेदार संतराम ने बताया कि सोमवार सुबह सरवन गांव के बहादुर के साथ बाइक से गल्लामंडी के पास सब्जी बेचने गए थे। वापस आते वक्त आईआईएम रोड स्थित कूड़ा चौराहे के पास पीछे से बेकाबू बस ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी बाइक सवार दोनों युवक दूर जा गिरे। बाइक में पीछे बैठे सरवन बस की चपेट में आ गया। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। घटना देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। राहगीरों ने डॉयल-112 पर हादसे की सूचना दी। जानकारी मिलते ही ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। देर रात इलाज के दौरान सरवन की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने घायल की मौत की जानकारी पुलिस को दी।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता लापता

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र से सोमवार को एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर के ओमेक्स सिटी निवासी व हरदोई में लेखपाल पद पर तैनात रोहित यादव की 23 वर्षीया पत्नी शिवा सोमवार दोपहर घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने आसपास उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद परिचितों और रिश्तेदारों के यहां उसके बारे में जानकारी की, लेकिन कहीं भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद उन्होंने बिजनौर थाने में मामले की सूचना दी।

**सूचना**

मेरे पुत्री के आधार कार्ड पर त्रुटिवश उसका नाम इलमा रेदा अंकित हो गया है जबकि उसके शैक्षणिक प्रमाण पर आयरा (AAYRA) दर्ज है जो कि सत्य व सही है। उसे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। सुल्तान अहमद पुत्र अब्दुल रउफ ग्राम शम्भूपुर गहजी पोस्ट-थाना अहरौला बूढ़नपुर जिला-आजमगढ़।

# राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता मामले में रिकॉर्ड देखने से हाईकोर्ट ने किया परहेज

विधि संवाददाता



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सोमवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी से जुड़े कथित दोहरी नागरिकता विवाद के मामले में केंद्र सरकार के रिकॉर्ड की जांच करने से फिलहाल परहेज किया है। मामले की सुनवाई न्यायालय कक्ष के बजाय जज के चेंबर में हुई, क्योंकि केंद्र सरकार ने इसे संवेदनशील मुद्दा बताया था। अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को तय की गई है।

मंगलवार को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध आदेश में न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने कहा कि केंद्र सरकार के अधिकारी रिकॉर्ड के साथ उपस्थित थे, लेकिन अदालत इस स्तर पर गांधी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की सत्यता की जांच करने का प्रस्ताव नहीं करती है और न ही रिकॉर्ड का परीक्षण किया गया है। यह आदेश भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया गया।

याची ने 28 जनवरी 2026 को लखनऊ की विशेष एम पी / एम एल ए अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया गया था। निचली अदालत ने कहा था कि नागरिकता का मुद्दा तय करने का अधिकार उसके पास नहीं है। याची ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और विस्तृत जांच की मांग की है।

उन्होंने भारतीय न्याय संहिता (इठर), आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के तहत कई आरोप लगाए हैं। इससे पहले सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता संबंधी शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई। बाद में अदालत ने खुद गृह मंत्रालय से संबंधित सभी रिकॉर्ड तलब किए थे। हालांकि मंगलवार को बेंच ने इन रिकॉर्ड को देखने से फिलहाल इनकार कर दिया।

गौरतलब है कि यह शिकायत पहले रायबरेली की विशेष अदालत में दायर की गई थी, लेकिन याची की मांग पर हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर 2025 को इस मामले को लखनऊ ट्रांसफर कर दिया था। इसके बाद 28 जनवरी 2026 को लखनऊ की अदालत ने याचिका खारिज कर दी, जिसके खिलाफ अब हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

## 11 साल से जेल में बंद दुराचार का आरोपी बरी

- मानसिक दिव्यांग नाबालिग के दुराचार के मामले में मिली थी उम्र कैद की सजा

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने विचरण अदालत के फैसले को पलटते हुए दुराचार के आरोप में 11 साल से जेल में बंद सजायाफ़्ता युवक को बरी कर दिया है। पीठ ने मामले की पुलिस जांच में गंभीर त्रुटियाँ पाई और कहा कि साक्ष्य की कमी के कारण अभियुक्त को दुराचार के आरोप में दोषसिद्ध करना उचित नहीं है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की पीठ ने निर्मल कुमार की अपील को मंजूर करते हुए पारित किया। अयोध्या जनपद के मवई थाने का यह मामला वर्ष 2010 का है। वादी ने अपनी 14 वर्षीय मानसिक दिव्यांग पुत्री के साथ दुराचार का आरोप लगाया था। घटना के तीन दिन बाद पीड़िता की मृत्यु भी हो गई थी। जिसके बाद उसके पिता ने दुराचार के साथ-साथ हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। विचरण अदालत ने वर्ष 2018 में अपीलार्थी को दुराचार के आरोप में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी, हालांकि मृत्यु के कारण की पुष्टि न होने के कारण हत्या के आरोप से बरी कर दिया था।

हाईकोर्ट ने विचारण अदालत के निर्णय को खारिज करते हुए कहा कि फॉरेंसिक रिपोर्ट में मानव वीर्य के सैंपल तो मिले, लेकिन यह कोई तथ्यात्मक साक्ष्य नहीं बन सके कि वे सैंपल आरोपी के थे, क्योंकि डीएनए टेस्ट या कोई अन्य ठोस जांच नहीं कराई गई थी। इस चूक को कोर्ट ने जांच में गंभीर त्रुटि करार दिया। पीठ ने यह भी कहा कि ऐसे गंभीर आरोपों में केवल संदेह या आशंका के आधार पर किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं है। पीठ ने पाया कि साक्ष्य की कमी के कारण मामले में दोषसिद्धि सुरक्षित नहीं कही जा सकती। पीठ ने अपीलार्थी को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है।

## फोटोग्रॉफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न




**लखनऊ।** मंगलवार को फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा एक भव्य प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भागीदारी भवन, अंबेडकर पार्क के समक्ष, लखनऊ में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में प्रदेश के लगभग सभी जनपदों से 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपस्थित प्रतिनिधियों ने अपने-अपने जनपदों के फोटोग्राफर्स से संबंधित विभिन्न समस्याओं को प्रदेश संगठन के समक्ष रखा। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चन्द्र वर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि संगठन से जुड़े सभी फोटोग्राफर्स की समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाएंगे तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। यह सम्मेलन फोटोग्राफर्स के हितों की रक्षा एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ता व अधिकारी परेशान

**लखनऊ।** शहर में तेजी से लगाये जा रहे प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ता और अधिकारी परेशान हो गये है। उपभोक्ता का कहना है कि केन्द्र सरकार के तरफ से प्रीपेड़ मीटर लगाने के लिए मना कर दिया गया है। जबकी अधिकारियों का कहना है कि पहले जो मीटर लगे है उनको बदलकर स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। आलमबाग में रहने वाले राकेश ने बताया कि जब स्मार्ट प्रीपेड़ मीटर लगाने पर रोक लगा दिया गया है तो फिर मीटर लगाया जा रहा है। जबकी अधिकारियों का कहना है कि प्रीपेड मीटर नही लगाया जा रहा है यह मीटर मात्र स्मार्ट मीटर है। सरोजनीनगर के रहने वाले दुर्गेश ने बताया कि पहले स्मार्ट मीटर लगाया जाता है फिर उसे बाद में प्रीपेड़ कर दिया जाता है।

## पूर्व विधायक की शिकायत पर इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

**लखनऊ।** प्रभारी निरीक्षक थाना गुडम्बा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव को लाइनहाजिर कर दिया गया है। उनपर आरोप है कि वे भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ परेशान करने वाली कार्रवाई कर रहे थे, जिसे लेकर करीब दर्जनभर कार्यकर्ताओं ने बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र पूर्व विधायक अविनाश त्रिवेदी के घर जाकर उनसे मदद की गुहार लगाई थी। पूर्व विधायक ने कार्यकताओं के साथ पुलिस के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर निष्पक्ष जांच की मांग की थी, जिसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की गयी और उन्हें लाइनहागिर किया गया। उनके स्थान पर अतिक्ति निरीक्षक थाना मड़ियांव अंजनी कुमार मिश्र को प्रभारी निरीक्षक थाना गुडम्बा बनाया गया है।

## ट्रांसमिशन में पद समाप्त करने की तैयारी: संघर्ष समिति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने खुलासा किया है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन विद्युत वितरण क्षेत्र में वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के माध्यम से बड़े पैमाने पर पद समाप्त करने के बाद अब ट्रांसमिशन क्षेत्र में भी इसी प्रकार की व्यापक रिस्ट्रक्चरिंग लागू करने की तैयारी कर रहा है। इससे बड़ी संख्या में नियमित एवं संविदा कर्मियों की छंटनी की आशंका उत्पन्न हो गई है।

संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने हाल ही में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में ट्रांसमिशन क्षेत्र में रिस्ट्रक्चरिंग प्रक्रिया प्रारंभ करने की घोषणा कर दी है। प्रथम चरण में सिविल इंजीनियरिंग से जुड़े लगभग 150 पदों को समाप्त करने का ऐलान है। संघर्ष समिति के अनुसार, ट्रांसमिशन व्यवस्था में कई मंडलों एवं खंडों के विलय (मर्जर) का निर्णय लिया गया है। इसके तहत गोरखपुर और प्रयागराज मंडलों को मिलाकर एक वाराणसी मंडल, मुरादाबाद और ग्रेटर नोएडा मंडलों को मिलाकर एक मेरठ मंडल बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त गौतम बुद्ध नगर व गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर व मुरादाबाद तथा आजमगढ़ व गोरखपुर खंडों के विलय की भी योजना है।

प्रस्तावित ढांचे के अनुसार अधीक्षण अभियंता के पदों की संख्या 7 से घटाकर 5, अधिशासी अभियंता के 22 पद घटाकर 15, सहायक अभियंता के 62 पद घटाकर 30 तथा अवर अभियंता (जेई) के 180 पद घटाकर मात्र 80 किए जाने का प्रस्ताव है। इस प्रकार पहले चरण में ही अभियंताओं एवं जूनियर इंजीनियरों के डेढ़ सौ से अधिक पद समाप्त किए जा रहे हैं।

## लापता युवक का मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह सड़क किनारे युवक का शव मिला है। उसकी पहचान रैंकिश (22) के रूप में हुई। वह निगोहां थाना क्षेत्र के नंदौली गांव का रहने वाला था। करीब 12 घंटे से लापता था। उसके परिजनों ने दोस्तों पर हत्या करके शव फेंकने का आरोप लगाया है। घटना निगोहां थाना क्षेत्र में निगोहां गांव स्थित गैस गोदाम के पास बाबू खेड़ा रोड की है।

घटना स्थल से मृतक के घर की दूरी 6 किमी है। पुलिस घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मृतक के बड़े भाई लवकुश ने बताया कि रैंकिश सोमवार सुबह ब्रह्मदासपुर के राजमिस्त्री नंदकिशोर और रामराज के साथ घर बनाने शहर गया था। देर शाम तक वह वापस नहीं लौटा। उसके मोबाइल नंबर नंबर पर कॉल की गई तो नंबर नहीं लगा। उसकी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

## कोर्ट के आदेश पर मारपीट कर धमकाने का केस दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर पुलिस ने सोमवार को कोर्ट के आदेश एक महिला की शिकायत पर तीन महिलाओं सहित दो पुरुषों के खिलाफ मारपीट सहित धमकी की धारा मे केस दर्ज किया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित बंगाली टोला खान कॉलोनी तेलीबाग की रहने वाली आरती शर्मा पत्नी आनंद कुमार के अनुसार वह बीते वर्ष फरवरी माह में अपनी महिला मित्र हसीना के साथ आईटी कालेज से विकास नगर में रोजगार और किराए की मकान के लिए भटक रही थी, एक पान की दुकान पर रुक दुकानदार से काम और मकान के विषय में बात करने लगी वही खड़े एक व्यक्ति ने एक महिला का पता बताते हुए उनके पास भेजा।

पीड़िता अपनी महिला मित्र के साथ बताए गए पते पर पहुंच तो वहां उनकी मुलाकात के अधेड़ उम्र की प्रमोदिनी गौतम नामक महिला से हुई बातचीत के दौरान उसने काम दिलाने का आश्वासन देते हुए शाम करीब 6:30 बजे कृष्णा नगर पुलिस चौकी के पास मुलाकात करने को कहा।

आरोप है कि तय हुए शाम पर जब वह अपनी सहेली के साथ बताए हुए स्थल पर पहुंची तो एक घंटे इंतजार करने के पश्चात करीब 7:30 बजे एक बोलेरो गाड़ी उनके पास आकर रुकी जिसमें प्रमोदिनी समेत उनकी दो बहने और दो अन्य पुरुष बैठे हुए थे उनलोगों को गाड़ी में बैठा लिया। काम की बात पूछने पर कहा कि रात के समय उन्हें मसाज और स्पेशल सर्विस देना होगा जिसके एवज में उन्हें पर क्लाइंट 5 हजार रुपए मिलेंगे। इस काम के लिए वह लोग राजी नहीं हुई तो गाड़ी में ही उनलोगों ने पिटाई शुरू कर दिया किसी तरह दोनों महिलाओं ने गाड़ी से कूद अपनी जान बचाई और कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी थी।

## इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में लगी भीषण आग

**लखनऊ।** नाका थाना क्षेत्र स्थित इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई। लोगों ने यह देख डायल-112 व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पाकर हजरतगंज और आलमबाग फायर स्टेशन से 2-2 दमकलें मौके पर पहुंचीं और कठिन प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। दमकलकर्मियों में मौके पर जाकर गोदाम का शटर का ताला तोड़ा और आग बुझाना शुरू किया। इस पूरे एक्शन में करीब 40 मिनट से अधिक समय लगा। गोदाम महिमा इलेक्ट्रॉनिक का बताया जा रहा है। गोदामों के अंदर रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। आग बड़ी होने पर अतिरिक्त गाड़ियां बुलाईं। एफएसओ राम कुमार रावत ने बताया कि आग सूचना कंट्रोल रूम से मिली थी। मौके पर पहुंचे तो देखा कि आग ज्यादा बड़ी थी तो अतिरिक्त दमकल बुलानी पड़ीं। दुकान का शटर बंद था। ऐसे में आग बुझाने में मशक्कत करनी पड़ी।

**न्यायालय सूचना**

H. C. J. Form No. 33 Part-7
एच. सी. जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7
हेतु संदर्षित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) महोदय कादीपुर
कम्प्यूटराइज्ड बाद सं.-
T202504680406262
अन्तर्गत धारा 134 रा. सं. उ.प्र.
ता. पेशी 10.14.2926
राम मिलन ........वादी
बनाम
हरीराम आदि ........प्रतिवादी
1. हरीराम सुत राजमनि
2. पवन कुमार उर्फ सोनू सुत हरीराम
नि. ग्राम धनअपुर, परगना-अल्देमऊ, तहसील कादीपुर, जिला-सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित ..................ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है .......... अतः एवं आपको एतत् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 200 के दिवस को पूर्वाह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 200 कि दिवस को निकाली गयी।
न्यायालय

## अंतरर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

**लखनऊ।** मुरादाबाद से लखनऊ में टप्पेबाजी करने वाले अंतरर्राज्यीय गिरोह का हजरतगंज पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त साइकिल बरामद की। दावा है कि गिरोह एक शहर में वारदातें कर निकल जाता है। हजरतगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि 20 मार्च को इंदिरानगर निवासी बलराम साधवाणी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**जनता इण्टर कालेज, अम्बारी-आजमगढ़**

पत्रांक : मेमो-01-2026-27 दिनांक :- 07/04/2026

**सूचना**

सोसाइटी जनता जूनियर हाईस्कूल अम्बारी, आजमगढ़ के साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि जनता इण्टर कालेज अम्बारी आजमगढ़ के प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों का चुनाव 03/05/2026 दिन रविवार को संस्था मुख्यालय पर सम्पन्न होगा। **चुनाव कार्यक्रम**-नामांकन दिनांक 03/05/2026 समय 11 बजे से 12 बजे तक। नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक। मतदान दिनांक 03/05/2026 को दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक। निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों की घोषणा एवं शपथ।

प्रबन्धक
जनता इण्टर कालेज अम्बारी
आजमगढ़

# हादसों में मृतकों व घायलों की संख्या में आयी कमी : डीजीपी

- जेडएफडी त्रैमासिक समीक्षा बैठक में आये परिणाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के मार्ग दर्शन से प्रदेश के सभी 07 पुलिस कमिश्नरेट एवं 68 जिलों में 01 जनवरी 2026 से अभी तक 487 सर्वाधिक दुघर्टना बाहुल्य थानों में जेडएफडी योजना लागू की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य इन क्रिटिकल थानों मे हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर योजनाबद्ध तरीके से अंकुश लगाना है। इस सम्बन्ध में पुलिस महानिदेशकउत्तर प्रदेश ने एक विस्तृत एसओपी जारी की तथा उसके क्रम में 487 थानों में 573 सी0सी0 टीमों का गठन किया गया। इन सी0सी0 टीम को आधुनिक इलेक्ट्रानिक इन्फोर्समेन्ट डिवाइस यथा स्पीड लेजर गन, ब्रेथ एनालाइजर, डेसीबल मीटर आदि प्रदान किये गये तथा इनको सम्बन्धित थानों के सर्वाधिक दुर्घटना बाहुल्य मार्गो के चिन्हीकरण तथा उसमें दीर्घकालिक उपाय तथा प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही किये जाने की जिम्मेदारी दी गयी।

इस योजना के त्रैमासिक समीक्षा के बड़े सार्थक एवं उत्साहवर्धक परिणाम प्राप्त हुये हैं कि वर्ष 2025 की तुलना में वर्ष 2026 में दुर्घटनाओं में 7.43% मृतकों की संख्या में 11.55% तथा घायलों की संख्या में 8.05% प्रतिशत की कमी आयी है। प्रदेश में कुल 68 जनपदों तथा 07 कमिश्नरेट के 20 जोन को मिला कर कुल 88 इकाई हैं। इन 88 इकाईयों के क्रिटिकल थानों में से 51 इकाईयों में दुर्घटनाओं में कमी आयी है तथा 05 इकाईयों में दुर्घटनाओं में कोई वृद्धि नही हुयी है। इस प्रकार से कुल 88 इकाईयों में से 56 इकाई अर्थात 63.6% इकाईयां ग्रीन जोन में हैं। इसी प्रकार से मृतकों की संख्या में 88 इकाईयों में से 60 इकाईयों में कमी तथा 06 इकाईयों में कोई वृद्धि नही हुयी है, 88 इकाईयों में 66 अर्थात 75% ग्रीन जोन में हैं।

प्रदेश के 18 परिक्षेत्र में से 13 परिक्षेत्र तथा 08 जोन में से 06 जोन में दुर्घटनाओं की संख्या एवं मृतकों की संख्या में कमी आयी है साथ ही 07 पुलिस कमिश्नरेट में से 05 पुलिस कमिश्नरेट में दुर्घटनाओं एवं उनमें मृतकों की संख्या में कमी परिलक्षित हुई है। वर्ष के प्रथम त्रैमास में अब तक करीब 450 दुर्घटना जनित मृत्यु में कमी हुयी है, अर्थात प्रत्येक दिन करीब 05 बहुमूल्य जीवन को बचाया गया है। इसी प्रकार दुर्घटनाओं की संख्या में 506 की कमी आयी है, अर्थात प्रत्येक दिन 05.62 दुर्घटनायें कम हुयी है।

यातायात निदेशालय स्तर पर इन थानों के सीसी टीम के प्रभारियों को वीडियों क्रान्फ्रेंसिग से संवेदित किया जा रहा है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात निदेशालय ने विशेषज्ञों के सहयोग से 02 बार प्रशिक्षण कराया है, जिसमें 07 पुलिस उपायुक्त, 05 एएसपी, 48 पुलिस उपाधीक्षक, 73 निरीक्षक/उपनिरीक्षक, यातायात एवं 73 उप निरीक्षक नागरिक पुलिस को प्रशिक्षण दिया गया, जिससे विवेचना की गुणवत्ता में सुधार परिलक्षित हुआ है।

## राजस्व न्यायालयों के वकीलों की समस्याओं के निवारण पर होगा विचार

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवायी के दौरान कहा है कि वह राजस्व न्यायालयों के वकीलों की समस्याओं के निवारण के लिए प्रणाली बनाने पर विचार करेगी। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 20 मई की तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने गौतम की ओर से दाखिल याचिका पर दिया। याचिका में अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना तहसील में अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने का मुद्दा उठाया गया था। हालांकि सुनवायी के दौरान न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि तहसील में न्यायिक कार्य सुचारु रूप से होने लगा है तथा वकीलों की शिकायत का जिलाधिकारी ने संज्ञान भी ले लिया है।

## युवकों ने सफाईकर्मी को पीटा

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में सोमवार सुबह यूजर चार्ज वसूलने गए निजी कंपनी के कर्मचारी को मोहल्ले के दो युवकों ने गंदगी को लेकर कहासुनी के बाद जमकर पिटाई कर दी। जिससे कर्मचारी का एक हाथ फैक्चर हो गया। आलमबाग कोतवाली प्रभारी रामबाबू सिंह ने बताया मूलरूप से मोहान हसनगंज उन्नाव निवासी आदित्य कनौजिया पुत्र सुरेश के अनुसार वह लायन एनवायरो में कर्मचारी है। सोमवार सुबह करीब 11 बजे ओमनगर मोहल्ले में दो घरों से यूजर चार्ज वसूल रहे थे।

# अधिक मास के कारण इस बार ज्येष्ठ माह में पड़ेंगे 8 बड़े मंगल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक हर माह में पड़ने वाले मंगलवार खास महत्व होता है। क्योंकि यह दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। लेकिन जब बात ज्येष्ठ माह के मंगलवार की आती है, तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। क्योंकि ज्येष्ठ मास के हर मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है।

इस दिन भक्त व्रत रखते हैं, पूजा करते हैं और भंडारे का आयोजन करते हैं। मान्यता है कि इस दिन की गई सच्ची भक्ति हर संकट को दूर कर देती है और जीवन में नई ऊर्जा भरती है। आमतौर पर ज्येष्ठ माह में 3 से 4 बड़े मंगलवार पड़ते हैं, लेकिन इस बार यानी 2026 में ज्येष्ठ में इस बार आठ बड़े मंगलवार पड़ रहे हैं।

अधिकमास की वजह से इस बार ज्येष्ठ माह 60 दिन को होगा। इसलिए इस माह में अधिक बड़े मंगल पड़ रहे हैं। इन दिनों अंजनी पुत्र बजरंगबली की पूजा अर्चना करना विशेष फलदायी माना जाता है। पंचांग अनुसार इस बार ज्येष्ठ माह 2 मई से शुरू होकर 29 जून तक रहेगा। इस हिसाब से मई और जून में कुल 8 मंगलवार पड़ेंगे।

**बड़ा मंगलवार का महत्व:** धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक ज्येष्ठ माह के मंगलवार के दिन कोई न कोई विशेष घटना हुई हैं, इसलिए ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार को विशेष माना जाता है।

रामायण की कथा के अनुसार जब प्रभु श्रीराम माता सीता की तलाश में भटक रहे थे, तो हनुमान जी पहली बार हनुमान जी से मिले थे। कहा जाता है कि हनुमान जी और प्रभु श्रीराम का मिलन पहली बार ज्येष्ठ माह के मंगलवार को हुआ था, इसलिए इस ज्येष्ठ माह के मंगलवार को बड़ा या बुढ़वा मंगलवार के नाम से जाना गया। इतना ही ही नहीं हनुमान जी ने रावण का अंहकार तोड़ते हुए पूरी सोने की लंका में आग लगा दी। यह घटना ज्येष्ठ माह के मंगलवार के दिन हुई थी इसलिए इसे बड़ा मंगलवार कहा गया।

ज्येष्ठ माह के मंगलवार को हनुमान जी को अमरत्व का वरदान मिला था। अमरत्व का वरदान मिलने के बाद हनुमान जी चिरंजीवी हो गए थे। इस दिन व्रत भी रखते हैं। व्रत रखने का उद्देश्य केवल भोजन से दूर रहना नहीं, बल्कि मन और इंद्रियों को नियंत्रित करना होता है। व्रत के दौरान दिनभर भगवान का ध्यान किया जाता है और शाम को पूजा के बाद फलाहार लिया जाता है। इससे मन शांत होता है और नकारात्मक विचारों से दूरी बनती है।

**बड़ा मंगल की पूजा-विधि:** बड़ा मंगल के दिन पूजा करने के लिए सुबह जल्दी उठना शुभ माना जाता है। स्नान करने के बाद साफ और लाल या केसरिया वस्त्र पहनें। घर में पूजा स्थल या मंदिर में हनुमानजी की प्रतिमा के सामने दीपक जलाएं। पूजा के दौरान रोली, चावल, फूल और प्रसाद अर्पित करें। हनुमानजी को विशेष रूप से बूंदी, बेसन के लड्डू और केले का भोग लगाया जाता है। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ करें। अगर समय हो तो सुंदरकांड का पाठ करना और भी शुभ माना जाता है। अंत में आरती करें और प्रसाद बांटें।

**हनुमान जी को चढाये चोला:** बड़ा मंगल के दिन हनुमान मंदिरों में चोला चढ़ाने की विशेष परंपरा होती है। इसके लिए चमेली के तेल में सिंदूर मिलाया जाता है और श्रद्धा से हनुमानजी को चढ़ाया जाता है। ध्यान रखने वाली बात यह है कि चोला हमेशा पैरों से शुरू करके ऊपर की ओर चढ़ाया जाता है। इसके बाद दीपक जलाकर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। यह परंपरा विशेष रूप से उन लोगों के लिए मानी जाती है जो जीवन में किसी परेशानी या बाधा का सामना कर रहे हों।

**हनुमानजी के मंत्र:** इस दिन हनुमानजी के मंत्रों का जाप करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। सरल मंत्र जैसे ॐ हनुमते नमः का जाप भी सकारात्मक ऊर्जा देता है। जो लोग नियमित रूप से मंत्र जाप करते हैं, उन्हें मानसिक शांति और आत्मबल में वृद्धि महसूस होती है। कहा जाता है कि सच्चे मन से किया गया जाप व्यक्ति के अंदर छिपी शक्ति को जागृत करता है।

**दान और सेवा का विशेष महत्व:** बड़ा मंगल की सबसे खास बात है सेवा। इस दिन लोग जगह-जगह भंडारे लगाते हैं, ठंडा पानी और शरबत वितरित करते हैं। गर्मी के इस मौसम में राहगीरों को पानी पिलाना बहुत बड़ा पुण्य माना जाता है। इसके अलावा बंदरों को गुड़-चना खिलाना और पक्षियों के लिए पानी रखना भी शुभ माना जाता है। यह दिन हमें यह सिखाता है कि पूजा के साथ-साथ सेवा भी उतनी ही जरूरी है। अगर श्रद्धा और विश्वास के साथ इस दिन पूजा की जाए, तो जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कई लोग मानते हैं कि उनके रुके हुए काम बनने लगते हैं, आत्मविश्वास बढ़ता है और डर कम होता है। हनुमानजी को संकटमोचन कहा जाता है, यानी संकटों को दूर करने वाले। इसलिए जो व्यक्ति सच्चे मन से उनकी आराधना करता है, उसे मानसिक और आध्यात्मिक शक्ति मिलती है।

### ज्येष्ठ माह 2026 में कब-कब पड़ रहा है बड़ा मंगल

- पहला बड़ा मंगल – 5 मई
- दूसरा बड़ा मंगल – 12 मई
- तीसरा बड़ा मंगल – 19 मई
- चौथा बड़ा मंगल – 26 मई
- पांचवां बड़ा मंगल – 2 जून
- छठवां बड़ा मंगल – 9 जून
- सातवां बड़ा मंगल – 16 जून
- आठवां बड़ा मंगल – 23 जून

### इस बार 60 दिन तक चलेगा ज्येष्ठ मास

इस साल अधिकमास की शुरूआत 17 मई 2026 से होगी और यह 15 जून 2026 को समाप्त होगा. चूंकि 2 मई 2026 से ज्येष्ठ महीना शुरू हो रहा है, जिससे अधिकमास ज्येष्ठ मास के बीच में पड़ेगा और इसी के साथ जुड़ जाएगा. इसलिए इस साल जेठ का महीना 30 की बजाय 60 दिन का होगा. पंचांग के अनुसार साल 2026 में ज्येष्ठ महीना 2 मई 2026 से 29 जून 2026 तक चलेगा. इस दौरान 8 मंगलवार पड़ेंगे, यानी कि 8 बड़ा मंगल मनाए जाएंगे. इस तरह अन्य साल की तुलना में हनुमान जी के भक्तों को बड़ा मंगल पर उनकी कृपा पाने के दोगुने मौके और पुण्य फल प्राप्त होंगे।

**अधिकमास में क्या करना चाहिए:** अधिक मास के अधिष्ठाता भगवान विष्णु हैं, इसलिए भगवान की भक्ति करनी चाहिए। पुराणों के मुताबिक इस अधिकमास में यज्ञ-हवन श्रीमद् देवी भागवत, श्री भागवत पुराण, श्री विष्णु पुराण, भविष्योत्तर पुराण सुनना फलदायी माना गया है। इस महीने में दीपदान, मालपुए और पान का दान करना चाहिए।

# श्रद्धा पूर्वक मनाया गया गुरु तेग बहादुर जी का प्रकाश पर्व



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सिखों के 9वें गुरु साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज का प्रकाश पर्व मंगलवार को श्रद्धा और सत्कार से मनाया गया। इस मौके पर गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजा। सुबह गुरुग्रंथ साहिब जी पर फूलों की वर्षा हुई। वहीं हजूरी जत्थों ने शबद-कीर्तन से संगत को निहाल किया।

यहियागंज स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी में प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर सुबह पांच बजे से देर रात तक विशेष दीवान सजाया गया। सुबह सात बजे गुरु ग्रंथ साहिब जी के ऊपर गुलाब के फूलों की वर्षा की गई। डॉक्टर अमरजोत सिंह ने बताया कि सन 1670 में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी इस स्थान पर आए थे और यहां तीन दिन रुके थे। एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मानसरोवर को फूलों और रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया। गुरुद्वारा में श्री अखंड पाठ का समापन हुआ। शाम को कीर्तन दीवान सजा। रागी जत्थे ने अपने सुंदर शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर अध्यक्ष सरदार सम्पूरन सिंह बग्गा ने बताया कि 3 दिवसीय दीवान की आरंभता 5 अप्रैल अमृत वेले से नितनेम के पाठ , सुखमनी साहिब जी के पाठ एवं अखंड पाठ के साथ हुई थी जिसकी आज 7 अप्रैल को सुबह 8 बजे अखंड पाठ कि समाप्ति के साथ हुई एवं हजूरी रागी भाई हरविंदर सिंह जी ने आशा दीवार के कीर्तन किये। और हैड ग्रंथि ज्ञानी परमजीत सिंह जी संगत को गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के इतिहास के बारे में बताया। और हजूरी रागी भाई हरविंदर सिंह जी शब्द कीर्तन किया। उसी के साथ 7 अप्रैल शाम को प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए विशेष कीर्तन दीवान शाम 6 बजे से आरम्भ होंगे जो कि रात्रि 11 बजे तक चला जिसमे श्री दरबार साहिब अमृतसर से विशेष तोर पर लखनऊ आये हुए हजुरी रागी भाई जगतार सिंह जी कीर्तन जथा कीर्तन किया और गुरु का लंगर वितरित किया गया। वही सम्पूरन सिंह बग्गा जी ने यह भी बताया की हजूरी रागी भाई हरविंदर सिंह जी शब्द कीर्तन करते हुए शाम के दीवान की समाप्ति रात्री 11 बजे की गयी। उपरांत अध्यक्ष सरदार सम्पूरन सिंह बग्गा एवं महासचिव चरणजीत सिंह एवं सचिव गगनदीप सिंह बग्गा एवं कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह (पम्मी),परमजीत चन्दर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरिंदर बग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इकबाल सिंह ने संगतो को गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के 405 वे प्रकाश पर्व पर गुरु महाराज को नमन किया। दीवान की समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर अटूट वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज जी के प्रकाश पर्व को बहुत ही श्रद्धा भाव के साथ मनाया।

### यहियागंज : गुरु ग्रंथ साहिब जी पर हुई फूलों की वर्षा



**लखनऊ।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी यहियागंज में श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी का प्रकाश पर्व आज बहुत ही श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। प्रातः 7:30 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के ऊपर गुलाब के फूलों से फूलों की वर्षा की गयी। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में प्रातः 5:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक एवं शाम 7:00 बजे से देर रात्रि तक विशेष दीवान सजाए गए श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी 1670 में इस स्थान पर आए थे एवं तीन दिन रुके थे। इस आयोजन में मुख्य रूप से श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर के मुख्य ग्रंथि सिंह साहब ज्ञानी अमरजीत सिंह जी ने श्री गुरु तेग बहादुर साहब के जीवन पर प्रकाश डाला एवं भाई जगतार सिंह जी व भाई गुरदेव सिंह कोहाड़का जी ने शबद कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। इस अवसर पर डॉक्टर अमरजोत सिंह एवं हेड ग्रंथि ज्ञानी परमजीत सिंह जी ने श्री दरबार साहब से आए मुख्य ग्रंथि सिंह साहब ज्ञानी अमरजीत सिंह जी को गुरु घर का सत्कार शॉल एवं सिरोपा भेंट किया। गुलशन जोहर ने बताया कि प्रातः से लेकर देर रात्रि तक गुरु का लंगर एवं मिष्ठान प्रसाद वितरित हुआ।

# 'बालीगंज 1990' में दिखी प्यार व बदले की कहानी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ के बीएनए में चल रहे स्वर्ण जयंती समारोह के तीसरे दिन नाटक बालीगंज 1990 का मंचन हुआ। इसका निर्देशन अतुल सत्य कौशिक ने किया। बालीगंज 1990 कहानी सन 1990 में सेट एक थ्रिलर ड्रामा है। कहानी कलकत्ता की एक मशहूर जगह बालीगंज की है। इस शहर में कार्तिक और वासुकी 10 साल से एक गंभीर रिश्ते में हैं। दोनों एक दूसरे से काफी प्रेम करते थे। लेकिन एक दिन कार्तिक अपने सपनों का पीछा करते हुए मुंबई चला जाता है। उसके जाने के बाद वासुकी एक मशहूर आर्टिस्ट से शादी कर लेती है।। वासुकी शादी के बाद प्रतिशोध और जबरदस्ती की जिंदगी जी रही है। वो अपनी इस हालत का कसूरवार कार्तिक और उनके असफल प्यार को मानती है। काफी समय बाद एक दिन कार्तिक वासुकी को अपने घर पर कॉफी के लिए बुलाता है। वासुकी की आंखों में कार्तिक को वही 10 साल पुराना प्यार और जुनून दिखता है।

ये देख वो काफी खुश और थोड़ा भ्रमित भी होता है। लेकिन वासुकी को कार्तिक की आंखों में अजीब सी आग दिखी। ऐसी आग जो उनके जीवन को बदलने का दम रखती है। कार्तिक उनके असफल प्रेम का कारण वासुकी को समझता है, क्योंकि उसने किसी और से शादी कर ली। प्यार और नफरत को दिखाते इस नाटक का दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया।

# नौटंकी : 'ये कैसा इंसाफ' ने खोली भ्रष्टाचार की पोल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह में विविध सेवा संस्थान द्वारा सुप्रसिद्ध रंगकर्मी निर्देशक आतमजीत सिंह द्वारा लिखी व निर्देशित नौटंकी ये कैसा इंसाफ का मंचन किया गया। इसमें समाज की न्याय व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं रिश्वत लेकर मनमाने फैसले सुनाने की चली आ रही प्रवृत्ति पर एक चुटिला प्रहार है। पूरी नौटंकी लोगों के आपसी झगड़ों पर रिश्वतखोर काजी की अदालत में हुए फैसलों पर आधारित है।

पहला मुकदमा छैला और छबीला का है छैला अपने बड़े भाई छबीला से खेत जोतने के लिए बैल मांग कर ले जाता है जब वापस करता है तो बैल की पूंछ कटी होती है। काजी के समक्ष अपने बयान पर छैला बताता है कि बैल नथा न होने के कारण मजबूरन उसने बैल की पूंछ हल बांध दी और बैल की जुताई के दौरान झटका लगने से बैल की पूंछ कट गई। काजी जैसे ही फैसला सुनाने लगता है, छैला चुपके से अशर्फियों की थैली उसको पकड़ता है और फैसला अपने हक में करवा लेता है। दूसरा मुकदमा काजी के पास भोला नाम का व्यक्ति लेकर आता है और छैला पर इल्जाम लगाता है कि छैला ने पुल से छलांग लगाई और सीधा उसके पिता पर आ गिरा, जो नाव से वहां गुजर रहे थे। छैला फिर काजी को रिश्वत देकर फैसला अपने हक में करवाता है। तीसरा मुकदमा सराय की एक मालकिन चंदनबाई का है , उसके बच्चे को वहां ठहरा हुआ यात्री छैला पालने में झुलाता है। इस बार भी छैला फंस जाता है। अनोखी घटनाओं, चुटीले संवादों , हास्य व्यंग्य से भरपूर प्रस्तुति ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। काजी की सशक्त भूमिका में गगनदीप सिंह, जोकर की भूमिका में पंकज सत्यार्थी, छैला प्रियांक, छबीला अभिजीत, चंदनबाई श्रेया ,भोला आदित्य ने मुख्य भूमिका निभाई। जयनित्य, आंचल, अकील, अलंकार, शिवदीन, शिखा, अमर, वान्या, ने भी अपने अभिनय से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वही सहायक निर्देशन सरबजीत सिंह का रहा। हारमोनियम पर इलियास खान, नक्कारे पर मोहम्मद सिद्दीक एवं ढोलक पर मुन्ना खान थे। वेशभूषा करमजीत कौर ,मुखसज्जा शाहिर, सचिन व प्रकाश व्यवस्था मनीष सैनी की थी।

# भगवान के शरणागत होने से ही होगा जीवन का कल्याण: आचार्य उमेश



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति 'सुहासिनी' के तत्वावधान में राजाबाजार स्थित 'गीता भवन' में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन मंगलवार को श्रीकृष्ण बाल-लीला और गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया गया। कथा के भक्तिमय प्रसंगों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए और पूरा पांडाल 'जय श्री कृष्णा' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

कथा व्यास आचार्य उमेश कुमार मिश्रा ने प्रवचन देते हुए कहा कि, ₹गोवर्धन पूजा केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और अहंकार के त्याग का संदेश है। जब इंद्र को अपनी शक्तियों पर अभिमान हो गया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठ उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर भक्तों की रक्षा की और यह सिद्ध किया कि भगवान सदैव अपने शरणागत भक्तों का हाथ थामे रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मनुष्य को अपने कर्मों में शुचिता रखनी चाहिए और हर परिस्थिति में ईश्वर पर विश्वास बनाए रखना चाहिए। कथा के दौरान भगवान की बाल-लीलाओं का वर्णन करते हुए आचार्य जी ने बताया कि कन्हैया ने माखन चोरी के माध्यम से भक्तों के हृदय को चुराने की कला सिखाई है। कथा के बीच जब आचार्य जी ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, तो श्रद्धालु अपनी सीटों से उठकर नृत्य करने लगे। विशेष रूप से इन भजनों ने समां बांध दिया। गोवर्धन गिरधारी, सुध लेना हमारी...छोटी-छोटी गैया, छोटे-छोटे ग्वाल, छोटो सो मेरो मदन गोपाल...इस अवसर पर 'सुहासिनी' की अध्यक्ष श्रीमती रागिनी रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा रस्तोगी, मंत्री श्रीमती शालिनी रस्तोगी, कोषाध्यक्ष श्रीमती ऋचा रस्तोगी, संगठन मंत्री श्रीमती क्षमा रस्तोगी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रागिनी रस्तोगी ने बताया कि बुधवार को रुक्मिणी विवाह का भव्य प्रसंग सुनाया जाएगा, जिसमें भगवान के विवाह की झांकी आकर्षण का केंद्र होगी।

# भारत रत्न पं.रविशंकर की जयंती पर दी गयी सुरों की श्रद्धांजलि





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री, उ.प्र. की कला संवर्धन-संरक्षण की नीति के अनुपालन में एवं जयवीर सिंह की प्रेरणा व मार्गदर्शन में तथा प्रो. जयंत खोत अध्यक्ष, विभा सिंह उपाध्यक्ष एवं निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर के निर्देशन में पंडित रविशंकर म्यूजिक फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा भारत रत्न पंडित रविशंकर की 107वीं जयंती के उपलक्ष्य में संगीत की धुनों में भारत की आत्मा, के माध्यम से पंडित रविशंकर को सुरीली श्रद्धांजलि अकादमी परिसर में स्थित संत गाडगेजी महाराज प्रेक्षागृह में अर्पित की गई।

इसमें संगीत की त्रिवेणी-नृत्य, गायन और वादन का सुरीला और दर्शनीय संगम पेश किया गया। इस समारोह में कलाकारों का अभिनंदन भी किया गया। वैदिक गुरुकुल आश्रम के बच्चों ने इस अवसर पर शान्ति पाठ भी किया। इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत ने समारोह में आमंत्रित वरिष्ठ कलाकारों का स्वागत करते हुए बताया कि अकादमी एक ओर जहां संगीत के नवांकुरों को प्रोत्साहित कर रही है वहीं दूसरी ओर लुप्त होती कलाओं को संरक्षण भी प्रदान कर रही है।

समारोह की औपचारिक शुरूआत भारत गान की प्रभावी प्रस्तुति से की गई। इसमें तेजस्विनी इंगले, मुक्ता चटर्जी, राहुल अवस्थी, आशीष तिवारी के समूह गायन दल ने प्रतिभाग कर प्रशंसा हासिल की। इसमें लगभग 25 संगीत के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा वेशभूषा में शुभ सुख चैन की बरखा बरसे, भारत भाग्य है जागा, भारत गान सुनाकर राष्ट्रभक्ति का सशक्त भाव जागृत किया। पंडित रवि शंकर म्यूजिक फाउण्डेशन के अध्यक्ष नबारुन चटजीर्का प्रयास है कि अयोध्या जी में 11 हजार गायकों के माध्यम से भारत गान का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जाए। इस क्रम में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की प्रादेशिक प्रतियोगिता में गोरखपुर संभाग के पुरस्कृत कलाकार एवं पंडित रविशंकर के पौत्र आर्यन चटर्जी ने सरोद का सुमधुर वादन किया।

समरीन के कुशल संचालन में हुए समारोह का केन्द्रीय आकर्षण रहा भारतीय संगीत वाद्यों की सुरमयी त्रिवेणी। इसमें उत्तर भारत के लोकप्रिय वाद्य संतूर के साथ मध्य भारत में लोक्रपिय बांसुरी और दक्षिण भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वाद्य वायलिन का सुमधुर वादन सुनने का सुनहरा अवसर मिला। पंडित रविशंकर के शिष्य रहे पद्मश्री तरुण भट्टाचार्या ने संतूर वादन में नए प्रयोगों और वैश्विक मंचों पर प्रस्तुतियों के जरिए विशिष्ट पहचान बनाई है। कश्मीर का यह प्राचीन वाद्य शततंत्री वीणा भी कहा जाता है क्यों कि अखरोट की लकड़ी से बने इस वाद्य में 100 तार होते हैं जिन्हें दो छोटी-छोटी डंडियों जिसे मिजराब कहते हैं के माध्यम से स्वरित किया जाता है। पद्मश्री तरुण भट्टाचार्या के प्रभावी संतूर वादन के सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया था।

इस संगीत त्रिवेणी में संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष एवं मैसूर के लोकप्रिय कलाकार पंडित मैसूर मंजूनाथ ने अत्यंत सुरीला वायलिन वादन किया। भारत के एक अत्यंत प्रतिष्ठित कर्नाटक शास्त्रीय वायलिन वादक पंडित मैसूर मंजूनाथ अपने बड़े भाई मैसूर नागराज के साथ मिलकर प्रसिद्ध मैसूर ब्रदर्स के रूप में विश्वभर में लोकप्रिय हैं। उनके कर्णप्रिय वादन से समारोह परवान चढ़ा। इसी संगीत त्रिवेणी में पद्मश्री पंडित रोनू मजूमदार ने सुमधुर बांसुरी वादन कर सबका दिल जीत लिया। प्रतिष्ठित ग्रैमी अवार्ड के लिए नामांकित एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित पद्मश्री पंडित रोनू मजूमदार ने आर.डी. बर्मन, किशोर कुमार, आशा भोसले और विशाल भारद्वाज जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया है। इस संगीत त्रिवेणी में ताल वाद्य तबले पर लोकप्रिय कलाकार पंडित देव नारायण मिश्रा ने बनारस अंग का तबला वादन कर प्रशंसा हासिल की। दूसरी ओर नवांकुर ज्योतिर्मय रॉय चौधरी के तबला वादन ने भी वाहवाही अर्जित की। इस अवसर पर बिरजू महाराज कथक संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश तिवारी, आकाशवाणी लखनऊ की कार्यक्रम प्रमुखप्रभारी सुमोना पांडेय सहित कई वरिष्ठ संगीतकार और संगीत रसिक उपस्थित रहे।

# मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश का ग्रांड फिनाले 9 को



**लखनऊ।** क्वीनीफाइड इंक प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में आज होटल दयाल गेटवे गोमती नगर लखनऊ में मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश, मिस टीन उत्तर प्रदेश और मिसेज उत्तर प्रदेश के फाइनलिस्ट्स के सैशे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर चयनित प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, व्यक्तित्व और ग्रेस से सभी को प्रभावित किया। पूरे आयोजन में एक सकारात्मक और उत्सवपूर्ण माहौल देखने को मिला, जहां हर प्रतिभागी ने अपने सपनों को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम बढ़ाया। समारोह की संयोजिका और क्वीनीफाइड इंक प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक प्रीति यादव ने बताया कि मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश, मिस टीन उत्तर प्रदेश और मिसेज उत्तर प्रदेश का ग्रैंड फिनाले आगामी 9 अप्रैल को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा। यह फिनाले न केवल ग्लैमर और प्रतिभा का संगम होगा, बल्कि उत्तर प्रदेश की प्रतिभाशाली महिलाओं के आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का एक भव्य मंच भी बनेगा।

संक्षेप

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

**शुकुल बाजार, अमेठी।** दो माह के मासूम बच्चे को गोद में लेकर काम से निकली महिला की बाइक से गिरकर मौत हो गई। हादसे के बाद मासूम के सिर से मां का साया उठ गया, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना परसी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के दूधघारी किसनी निवासी करिश्मा (27) पत्नी हितलाल मंगलवार को अपने दो माह के बच्चे को गोद में लेकर किसी काम से पूरे गुड़ियन खेममऊ गांव जा रही थी। जैसे ही वह शिवरतन का पुरवा गांव के पास पहुंची, अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में करिश्मा गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि गोद में मौजूद मासूम सुरक्षित बच गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## केएनआईटी उप डाकघर बना हाईटेक

**सुलतानपुर (वीओएल)।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर भारतीय डाक सेवा को 21वीं सदी के अनुरूप हाईटेक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में ह्याप्न-नेक्स्टटेक योजना के तहत कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान (केएनआईटी) स्थित उपडाकघर को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर विकसित किया गया है। प्रयागराज रीजन के पोस्टमास्टर जनरल राजीव उमराव ने इसका उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि डाक अधीक्षक राजेश कुमार तिवारी के प्रयासों और सरकार की मंशा से यह आधुनिक डाकघर तैयार हुआ है, जो युवाओं को डाक विभाग की योजनाओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर सहायक अधीक्षक ए.के. त्रिपाठी, पवन मिश्रा, वरिष्ठ निरीक्षक दीपक मौर्य सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थान के प्रोफेसरों ने भी भाग लिया। उपडाकघर के पोस्टमास्टर पुष्पेंद्र द्विवेदी ने बताया कि यह हाईटेक डाकघर छात्रों में डाक सेवाओं को और सुलभ व प्रभावी बनाएगा।

## एनटीपीसी में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता रैली संपन्न

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई जिसका नेतृत्व परियोजना के महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) आशुतोष बिष्वास ने किया। श्री बिष्वास ने कहा कि तनाव मुक्त वर्क लाइफ बैलेंस के लिए ध्यान एवं व्यायाम बहुत जरूरी है इससे तन के साथ साथ मन भी स्वस्थ होता है। परियोजना चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंतोष कुमार ने सभी स्वागत किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रभात फेरी में उपस्थित जन समूह को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा की गईं। रैली में विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी,जीवन ज्योति अस्पताल के डॉक्टर, पैरा मेडिकल स्टाफ, महिलाएं, स्कूली बच्चे तथा सी सीआईएसएफ के अधिकारी व उनके परिवार जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण को मिली वित्तीय स्वीकृति

### भूमि पूजन को लेकर विधायक ने कार्य स्थल का लिया जायजा



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** विकास क्षेत्र कूरेभार अंतर्गत जफरापुर में प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विद्यालय के निर्माण के लिए शासन स्तर से प्रथम किस्त के रूप में 1172.795 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर की ओर से इस संबंध में परियोजना प्रबंधक, यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि. निर्माण इकाई-11 अयोध्या को पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी पत्र के अनुसार शिक्षा निदेशक (बेसिक) लखनऊ के कार्यालय के पत्रांक का संदर्भ लेते हुए मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय जफरापुर, विकास क्षेत्र कूरेभार, तहसील जयसिंहपुर जनपद सुलतानपुर के निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत की गई है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि विद्यालय के निर्माण कार्य के लिए प्रथम किस्त के रूप में 1172.795 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही परियोजना प्रबंधक से अनुरोध किया गया है कि निर्माण कार्य से संबंधित अनुबंध की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए, ताकि विद्यालय निर्माण का कार्य समय से शुरू कराया जा सके। इसी कड़ी में मंगलवार को ब्लॉक कूरेभार के जफरापुर ग्राम सभा में प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल आवासीय विद्यालय का भूमि पूजन को लेकर विधायक विधायक राज प्रसाद उपाध्याय गांव पहुंचे और सम्भ्रांत जनो जनप्रतिनिधियो के साथ कार्य स्थल का जायजा लेते हुए अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक भूमि पूजन प्रस्तावित होने की बात कही। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय बनने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त शिक्षा उपलब्ध होगी। विद्यालय में बेहतर कक्षाएं, शौचालय, पेयजल, खेल मैदान सहित अन्य संसाधन विकसित किए जाने की योजना है। इससे कूरेभार क्षेत्र के आसपास के गांवों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा और उन्हें दूर-दराज के विद्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी श्री उपाध्याय के अनुसार निर्माण कार्य शुरू होने के बाद इसे निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द विद्यार्थियों को नई सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान जफरापुर ग्राम प्रधान दिलीप कुमार वर्मा, बीजेपी नेता संदीप पांडेय हर्षवर्धन शर्मा, मुकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## डलमऊ पुलिस की दबंग-परस्ती का खुला खेल कप्तान से पीड़ित ने लगायी न्याय की गुहार

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है। एक दलित गरीब युवक को जातिसूचक गालियां देते हुए लूटने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले दबंग आरोपी को डलमऊ पुलिस का संरक्षण मिलने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित प्रदीप कुमार पासी ने दर्जनों बार थाने के चक्कर काटने के बावजूद न्याय नहीं पाया। अंततः कप्तान दफ्तर पहुंचकर उच्चाधिकारियों के सामने डलमऊ पुलिस व कोतवाल की पूरी कार्यशैली को बेनकाब कर दिया। प्रदीप कुमार पासी, ग्राम जोतियामऊ, थाना डलमऊ निवासी ने कप्तान कार्यालय में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 24 फरवरी को शाम करीब 6 बजे जब वे गांव लौट रहे थे, तभी कंधरपुर निवासी सुनील कुमार मौर्य ने कुटिया तिराहे पर उन्हें रोक लिया। आरोपी सुनील कुमार मौर्य ने पहले तो मां-बहन की गालियां दीं, फिर साले पासी रुक जा कहते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित को जबरन पीटा और कहा, तेरे पास जो है निकाल दे और 4500 रुपये जबरन छीन लिए आरोपी ने पीड़ित का आधार कार्ड भी जबरन छीन लिया। घटना के दौरान सुनील कुमार मौर्य ने खुलेआम धमकी दी, साले पासी, कहीं इस बात को किसी को बताया या थाना पुलिस में रिपोर्ट किया तो मैं तुझे जिंदा नहीं छोडूंगा। आरोपी ने कई बार जाति सूचक गालियां दीं और कहा कि डलमऊ पुलिस उसके साथ है, इसलिए कोई कुछ नहीं कर पाएगा। प्रदीप कुमार ने तुरंत डलमऊ थाने में शिकायत की। लेकिन थाने से उन्हें बार-बार झूठा आश्वासन मिलता रहा। शिकायती पत्र देने के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। उल्टा आरोपी सुनील कुमार मौर्य का मनोबल और बढ़ गया। पीड़ित का आरोप है कि आए दिन सुनील कुमार उन्हें धमकाता रहता है। पीड़ित ने स्पष्ट कहा, अगर कल को मेरे साथ कोई अप्रिय घटना घटी तो इसके जिम्मेदार डलमऊ पुलिस और कोतवाल होंगे, जो लंबे समय से दबंगों को संरक्षण दे रहे हैं। कप्तान कार्यालय में प्रदीप कुमार ने डलमऊ पुलिस की पूरी कार्यशैली पर सवाल उठाए। कि सामान्य नागरिक का रोना कौन सुनेगा, आरोपी को पुलिस का पूरा संरक्षण हासिल है, इसलिए वह खुलेआम घूम रहा है और मुझे लगातार धमका रहा है। स्थानीय स्तर पर इस घटना से चचाओं का दौर जारी है। लोगों का कहना है कि डलमऊ थाना क्षेत्र में दबंगों का राज चल रहा है और पुलिस किसान-मजदूरों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेती। डलमऊ कोतवाल पर दबंगों को बचाने का आरोप पहले भी लग चुका है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन के प्रति किया जागरूक



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** मंगलवार को बीआरसी जयसिंहपुर क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्राओं और किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जयसिंहपुर से पहुंचे चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी और अभिभावकों तक संदेश पहुंचाने की अपील की। डॉ. दिग्विजय सिंह ने बताया कि सरकार ने सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए विशेष वैक्सीन उपलब्ध कराई है। यह वैक्सीन 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं और किशोरियों को लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि समय रहते टीकाकरण कराने से भविष्य में होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से काफी हद तक बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर पर उपलब्ध रहेगी और पात्र बालिकाओं को निःशुल्क लगाई जाएगी। बाहर निजी अस्पतालों या बाजार में इस वैक्सीन की कीमत करीब चार हजार रुपये तक है, लेकिन सरकार इसे सरकारी अस्पतालों में पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध करा रही है। डॉ. सिंह ने कहा कि टीकाकरण को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति में न रहें और अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाएं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किशोरियों को समय पर सुरक्षित किया जा सके। विद्यालयों में भी छात्राओं को स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

## अमेठी में विवादित होर्डिंग पर सपा का विरोध, सड़क पर उतरने की चेतावनी

**अमेठी।** कस्बे के रेलवे स्टेशन के बाहर लगे विवादित होर्डिंग को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता राजेश मिश्र एडवोकेट ने इस होर्डिंग पर कड़ा विरोध जताते हुए प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राजेश मिश्र ने कहा कि जब यह बैनर और पोस्टर लगाए जा रहे थे, तब प्रशासन पूरी तरह मौन रहा। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी भड़काऊ सामग्री लगाने की अनुमति किसने दी। उनका आरोप है कि यह सब जानबूझकर कराया जा रहा है, ताकि चुनाव से पहले माहौल को प्रभावित किया जा सके। उन्होंने कहा कि होर्डिंग में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की छवि को गलत तरीके से पेश किया गया है, जो निंदनीय है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जल्द ही इस होर्डिंग को हटाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता है, तो समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। गौरतलब है कि इस होर्डिंग में एक तरफ सपा सरकार के दौरान कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए गए हैं, वहीं दूसरी ओर वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की कार्रवाई को प्रमुखता से दिखाया गया है।

## पूर्व सपा विधायक पर दर्ज केस में फैसला टला

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कादीपुर के पूर्व सपा विधायक रामचन्दर चैधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के खिलाफ दर्ज मुकदमे में मंगलवार को फैसला टल गया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट के एडीजे राकेश ने फैसले के लिए 29 अप्रैल की तिथि तय की है। 17 दिसंबर 2002 को कादीपुर के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के पास सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। इससे नाराज लोगों ने सड़क जामकर प्रदर्शन किया था। इसमें कई पुलिस कर्मियों को चोटें आई थी। मामले में पुलिस ने पूर्व सपा विधायक राम चन्दर चैधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

## अमन हत्याकांड में आरोपित की जमानत खारिज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अमन यादव हत्याकांड के मामले में जेल में निरुद्ध चांदा थाने के राजेपुर गांव निवासी दुर्गेश यादव उर्फ कार्तिक की जमानत अर्जी जिला जज सुनील कुमार ने खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता रवि शुक्ल के मुताबिक चांदा थाने के साढ़ापुर गांव निवासी अमन यादव की छह दिसंबर 2025 को ईशीपुर फ्लाई ओवर से अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। हत्या करने के बाद शव इब्राहीमपुर में गोमती नदी में फेंक दिया गया था। मृतक के चचेरे भाई संदीप यादव ने विजय बहादुर यादव, अजय यादव, दीपक यादव राका समेत कई अन्य आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## समीक्षा अधिकारी बनी श्वेता पांडेय ने पिता के सपनों को किया साकार



**रायबरेली।** सदर क्षेत्र के पीएसी कॉलोनी में रह रहे पाण्डेय परिवार को तब खुशी हासिल हुई जब स्वेता पांडे ने 193 रैंक लाकर समीक्षा अधिकारी बन गई । पिता की ख्वाहिश रहती है कि उनका बेटा, बेटी पिता के नाम को रोशन करे और जिंदा न रहने पर सपनो को तो नहीं देख पाया किंतु एक वर्ष पूर्व दुनिया से चले जाने के बाद उनती आत्मा को बेटी के सफलता पर जरूर सुकून मिला होगा। त्रियुगीनारायण पांडेय जो पुलिस विभाग में उप निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्ति हुए और अचानक 2025 में उनका निधन हो गया स उनके दो लड़का और दो लड़की है। बड़ा लड़का हरिवंश पांडेय बैंक अधिकारी है वहीं बड़ी लड़की पिता के सपनों को साकार करने के लिए अथक परिश्रम किया किंतु किस्मत ने साथ नहीं दिया और मात्र दो अंक कम होने से सफलता नहीं मिल सकी । वहीं दूसरी लड़की स्वाती पांडेय दो वर्ष पूर्व आर टी ओ विभाग में क्लर्क के पद पर नियुक्ति हुई किंतु अपने पिता के सपनों को साकार करने के लिए लगातार तैयारी कर रही थी प्रदेश में परिणाम आते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। आस पड़ोस के लोगों ने घर पहुंचकर बधाई दी और सफलता के लिए जब स्वेता पांडे से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पिताजी की इच्छा थी कि उनकी बेटी अधिकारी बने इसलिए हमने मेहनत करना नहीं छोड़ा और परिवार के आशीर्वाद से सफलता हासिल हुई श्वेता पांडे ने कहा कि आज मैं अपने पिता को बहुत याद कर रही हूँ उसकी आंखें नम हो गई। इस मौके पर धीरज पांडेय लकी, नन्हे पांडेय, राहुल, ऋषभ, प्रिया पांडे समेत दर्जनों लोगों ने एक दूसरे को मीठा खिलाकर खुशियां मनायी।

# बाइक रैली निकाल कर अध्यापकों ने अभिभावकों व बच्चों को किया जागरूक




**बछरावां, रायबरेली।** नवीन शैक्षिक सत्र नामांकन के लिए विकासखंड बछरावां के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने बाइक रैली निकालकर अभिभावकों को नामांकन के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत दयानंद पीजी कॉलेज में मुख्य अतिथि शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी अध्यक्ष नगर पंचायत बछरावां, विशिष्ट अतिथि दयानंद पीजी कॉलेज बछरावां के प्राचार्य डॉ सुभाष श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही खंड शिक्षा अधिकारी बछरावां इंद्रा देवी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरूआत की गई। यह रैली नगर पंचायत बछरावां का भ्रमण करते हुए प्राथमिक विद्यालय बछरावां, प्रा. विद्यालय तिलेंडा, प्रा. विद्यालय रानीखेड़ा, उच्च प्राथमिक विद्यालय रानीखेड़ा से होते हुए पीएम श्री विद्यालय बहादुर नगर में पहुंची। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही खंड शिक्षा अधिकारी बछरावां इंद्रा देवी ने नवीन शैक्षिक सत्र में विकासखंड बछरावां के सभी विद्यालयों का नामांकन पिछले शैक्षिक सत्र से बढ़ाने पर जोर दिया और शिक्षकों से अपील की कि 6 वर्ष से 14 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी बच्चा स्कूली शिक्षा से वंचित न होने पाए। उन्होंने कहा कि आज परिषदीय विद्यालयों में नामांकित बच्चों के पठन-पाठन के लिए सुयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति की गई है और पुस्तकें, ड्रेस, जूता मोजा, बैग के साथ ही विटामिन व कैलोरी युक्त भोजन परोसा जाता है। इस कार्यक्रम में डॉ मनीष सिंह, रामदयाल, अमित शुक्ला, मनीष श्रीवास्तव, वेद प्रकाश शुक्ल, दीप्ति पांडेय, अमित चौधरी, आशीष कुमार, अजय कुमार, मनमोहन दीक्षित, राकेश पाठक, अनिल त्रिपाठी, अनिल यादव, पुष्पेंद्र त्रिपाठी पीयूष सिंह, जेपी मौर्य, अश्वनी कुमार, राम लखन, नीलम पुष्कर, रेखा सिंह, वंदना सिंह, प्रेसी सोनकर, समरेश बहादुर, चौधरी चरण सिंह, सुमन सिंह, पूजा श्रीवास्तव, बृजेंद्र मनी अवस्थी, सतगुरु प्रेमी, पूनम, अल्का सिंह, आस्तिक कुमार, रजनी अवस्थी, कुलदीप, देशराज, अनूप कुमार, अंकुर, अरुण शर्मा, अभयकांत त्रिवेदी, पीयूष कुमार आदि सैकड़ों शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र व अनुदेशक उपस्थित रहे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता का संदेश, छात्रों ने दिये स्वस्थ जीवन के सूत्र



**रायबरेली।** बेहतर और स्वस्थ भविष्य के प्रति जागरूकता तथा सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए एवं सारगर्भित घोषों और विचारों के माध्यम से जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने कहा कि आज के व्यस्ततम जीवन में लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह होते जा रहे हैं, जो कई बीमारियों का कारण बनता है, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, इसलिए हमें अपने दैनिक जीवन में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छता को प्राथमिकता देनी चाहिए, अच्छी आदतों से न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा बल्कि हम मानसिक रूप से भी सशक्त होंगे।

**एनएसबीवीएम में मना विश्व स्वास्थ्य दिवस :** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया जिसमें विद्यालय की टीचर माधवी अवस्थी ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया 7 अप्रैल 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की गई थी इसलिए प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को ही यह दिवस मनाया जाता है। यह दिन व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य की अहमियत का अहसास करवाता है। विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने बच्चों के प्रति अपने संबोधन में कहा अच्छा स्वास्थ्य समृद्ध समाज की कुंजी है। हमको अपने खानपान पर विशेष ध्यान रखना चाहिए खाने से पहले हाथों को जरूर धो लेना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवजात मौत मामला : जांच तेज रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की तैयारी

**कमरौली, अमेठी।** कमरौली औद्योगिक क्षेत्र स्थित आयशा चाइल्ड केयर में नवजात की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने जांच तेज कर दी है। घटना के बाद गठित टीम ने अस्पताल पहुंचकर भर्ती रजिस्टर, उपचार से संबंधित दस्तावेज और स्टाफ की उपलब्धता की जानकारी जुटाई। वहीं पुलिस ने भी परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच आगे बढ़ा दी है।सूत्रों के मुताबिक जांच में यह देखा जा रहा है कि अस्पताल में नवजात के इलाज के लिए आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षित स्टाफ और आपातकालीन व्यवस्था मौजूद थी या नहीं। साथ ही यह भी जांच का विषय है कि मरीज को भर्ती करते समय किस डॉक्टर के नाम पर इलाज शुरू किया गया और वह मौके पर उपलब्ध था या नहीं। घटना के बाद कमरौली औद्योगिक क्षेत्र में संचालित निजी चाइल्ड केयर सेंटरों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई छोटे अस्पताल बिना पर्याप्त संसाधनों के गंभीर मरीजों को भर्ती कर लेते हैं। इन केंद्रों में ओपीडी पर्चा, जांच और भर्ती के नाम पर अलग-अलग शुल्क वसूला जाता है, जबकि आपात स्थिति में समय पर विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं रहते। इससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है।

**लापरवाही मिली तो होगी सख्त कार्रवाई :** सीएमओ अंशुमान सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच के लिए टीम भेज दी गई है और विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट मिलने के बाद यदि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही सामने आती है तो अस्पताल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर पंजीकरण निरस्त करने समेत अन्य कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे। परिजनों ने मांग की है कि जगदीशपुर तथा बीएचईएल क्षेत्र में संचालित सभी निजी चाइल्ड केयर सेंटरों की संयुक्त जांच कराई जाए और मानक पूरे न करने वाले अस्पतालों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## बिनोवापुरी में बैंक ऑफ बड़ौदा की नयी शाखा शुरू



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में कदम उठाते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा ने विनोबापुरी में अपनी नई शाखा का शुभारंभ किया। शाखा का उद्घाटन महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख वाराणसी, मिथलेश कुमार ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने बैंक की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा देश के आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि नई शाखा से स्थानीय व्यापारियों, महिलाओं और विद्यार्थियों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। बताया कि सुलतानपुर में बैंक ऑफ बड़ौदा की यह 37वीं शाखा है, जिससे क्षेत्र में वित्तीय सेवाओं की पहुंच और मजबूत होगी। बैंक भविष्य में भी ग्राहक हित को ध्यान में रखते हुए शाखा विस्तार करता रहेगा। उद्घाटन समारोह में उपायुक्त स्वतः रोजगार के.डी. गोस्वामी, उपायुक्त उद्योग नेहा सिंह, डीडीएम नाबार्ड अभिनव द्विवेदी सहित बैंक के क्षेत्रीय व उप क्षेत्रीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बैंक की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई।

## भतीजे ने बुआ को बहकाकर छीन लिए 19 हजार रुपये, दो बाल अपचारी गिरफ्तार

**रायबरेली।** थाना भदोखर क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके भतीजे ने मिलकर रुपये छीनने की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने मात्र 24 घंटे के अंदर दोनों बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर 18,700 रुपये और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों को आज किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल को ग्राम पुरे केसरी मजरे झकरासी निवासी छेदाना पत्नी श्यामलाल ने अपनी भैंस 19,000 रुपये में बेची थी। वे रुपये जमा कराने अपने भतीजे के साथ ग्रामीण बैंक मुंशीगंज जा रही थीं। बैंक पहुंचने पर भतीजे ने बताया कि बैंक में लंच टाइम चल रहा है और रुपये उसके दोस्त के यहां जमा करा देंगे। भतीजे ने बुआ को अपनी साइकिल पर बैठाकर प्रयागराज हाईवे की सर्विस रोड से ले जाना शुरू किया। जुबेलेशन होटल के पास पहुंचते ही एक युवक मोटरसाइकिल पर आया और महिला के हाथ से रुपये भरा झोला छीनकर फरार हो गया। महिला ने शक जताते हुए कहा कि यह पूरी घटना उनके भतीजे ने अपने दोस्त के साथ मिलकर रची थी। महिला की तहरीर पर थाना भदोखर में मुकदमा दोनों बाल अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में गठित टीम ने तेजी से छानबीन की। थाना भदोखर पुलिस ने दोनों बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर 18,700 रुपये और घटना में प्रयुक्त टीवीएस स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल के साथ किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया। पूछताछ में एक बाल अपचारी ने स्वीकार किया कि उसने अपनी बुआ को बहकाकर हाईवे की सर्विस रोड से ले जाने की योजना बनाई थी। वह लगातार अपने साथी को लोकेशन की सूचना दे रहा था। जुबेलेशन होटल के पास पहुंचते ही साथी ने झोला छीन लिया।

# हर्षोल्लास से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव



**महराजगंज, रायबरेली।** शिक्षा क्षेत्र महराजगंज के जमुरावां गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से वार्षिकोत्सव का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम प्रधानाध्यापक छोटेलाल और मंच संचालक महेश कश्यप की देखरेख में संपन्न हुआ। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत, देश भक्ति गीत, समूह नृत्य, कविता पाठ और विभिन्न शैक्षिक प्रस्तुतियों के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर अभिभावकों और अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और पूरे कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य कराती हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान अनुराग चैधरी प्रधानाध्यापक छोटेलाल, मंच संचालक महेश कश्यप, पूनम, स्नेह लता वर्मा, शकुंतला, प्रदीप कुमार चैरसिया, राजरानी, सरिता सिंह, दिनेश कुमार, मंजू देवी, रीता सिंह, ललिता मिश्रा, इंद्रेश सिंह, संजीव कुमार समेत अन्य शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की प्रधानाध्यापक छोटेलाल ने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर शैक्षिक सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, ताकि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को मंच मिल सके। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंध समिति शिक्षकों अभिभावकों और ग्राम वासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की।

## 20 अप्रैल को निकलेगी विशाल कलश यात्रा रात में मथुरा-वृंदावन की विराट रासलीला

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तहसील स्थित श्री बाबा बरखंडी आश्रम में 20 अप्रैल को धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार, दोपहर 3 बजे से धार्मिक कार्यक्रमों की दूसरी बैठक आयोजित की जाएगी। इसके बाद शाम 6 बजे तक विभिन्न अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। वहीं, रात 8 से 12 बजे तक मथुरा-वृंदावन की विराट रासलीला का मंचन होगा, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक श्री त्यागी जी महाराज ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। आयोजन की व्यवस्थाओं एवं प्रचार-प्रसार में ओम पांडेय, चंदन गुप्ता, विकास सोनी, प्रिंस मेडिकल स्टोर जयसिंहपुर, नंदन गुप्ता, छोटू अग्रहरि, अंशु शुक्ला, तनु तिवारी, राहुल अग्रहरि सहित अन्य सहयोगी जुटे हुए हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

संक्षेप

## कुंदनगंज कस्बा में मानस सम्मेलन का आयोजन आठ से

**बछरावां, रायबरेली।** कुंदनगंज कस्बा में त्रिमूर्ति माता मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्री बाजपेई बाबा मंदिर परिसर में 8 अप्रैल से तीनदिवसीय श्री राम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं। सांय काल 5 बजे से रात्रि 11 तक मानस मनीषी भगवान श्री राम की पावन पुनीत कथा सुनायेंगे। आयोजन समिति के सदस्य राज कुमार चैरसिया ने बताया संत सम्मेलन में मानस वक्ता आस्था द्विवेदी जबलपुर मध्य प्रदेश, साध्वी पुष्पांजलि शुक्ला कानपुर के अलावा संजय महराज, आचार्य गौरी शंकर शुक्ला, अश्विनी कुमार मिश्र प्रमुख रूप से भाग लें रहें हैं।

## 3 जुआरी गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस ने तीन अभियुक्तगणों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है, जिनसे 1315 रुपए व 52 पत्ता ताश बरामद किए गए। मंगलवार को थाना पचोखरा पुलिस द्वारा चैकिंग संदिग्ध वाहन व्यक्ति के दौरान मुखबिर खास की सुचना पर गाँव एटा रोड से गाँव बुर्ज वाले जाने वाली सडक पर से तीन अभियुक्तगण वीनेश पुत्र गीतम सिंह निवासी गढ़ी हरांय थाना पचोखरा, श्याम सिंह पुत्र शिवलाल निवासी गढ़ी हरांय थाना पचोखरा. वीरपाल पुत्र राजबहादुर निवासी गढ़ी हरांय थाना पचोखरा को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण से 1315 रुपए व 52 पत्ता ताश बरामद किये गये। थाना पुलिस ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाजा पर 13 जी0 एक्ट जुआ पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की है।

## प्रशिक्षण प्रमाण पत्र मिलने पर दल बहादुर सिंह ने जतायी प्रसन्नता

**लालगंज, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य और सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने गेगासो मंडल के महामंत्री दल बहादुर सिंह को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 से संबंधित प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने बताया कि दल बहादुर सिंह ने मंडल प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया और सफलतापूर्वक मेधावी श्रेणी में प्रशिक्षण उत्तीर्ण किया।

# समाज को गोभक्त बना दो तो गौ हत्याएं रुक जायेंगी : संघ प्रमुख



**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा हमें देश में गो हत्या रोकनी है तो समाज को गो भक्त बनाना होगा। देश में गो हत्या अपने आप पूरी तरह बंद हो जाएगी। हमें अपने अंदर के भाव को बदलना होगा, देश खुद ही बदल जाएगा। अयोध्या में श्रीराम मंदिर 2014 के बाद नहीं बना। लेकिन, जब पूरे देश में मंदिर की मांग शुरू हुई तो न्यायालय को भी निरंतर सुनवाई कर निर्णय लेना पड़ा और 2019 के बाद अयोध्या में दिव्य श्रीराम मंदिर बना। यह बात पानीघाट स्थित पहाड़ी बाबा गोशाला में चल रहे जगद्गुरु मलूकदास जयंती महोत्सव में मंगलवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कही। उन्होंने अपने जीवन से हमें संदेश दिया। संत हमारे सामने सशरीर दिखाई देते हैं। लेकिन, संत हमारे कल्याण के लिए जीवन जीते हैं। संत हमेशा से धर्म के लिए लड़े और मरे भी हैं। धर्म के लिए लड़ने वाला मरता नहीं है। अधर्मी को मार देता है और अपनी सत्ता वापस लेता है। यही भारतवर्ष में ऋषि मुनियों के संघर्ष से होता आया है। सत्य आज भी जीवित है। संत वेदों का वास्तविक अर्थ जानते हैं। उसके अनुसार चलकर दिखाते हैं। संतों का आविर्भाव ही इसीलिए हुआ है। जो कभी बदलता नहीं। लेकिन, हम भौतिक दुनिया को जानते हैं, वह दुनिया नश्वर है। लेकिन, एक शाही दुनिया है, जिसे अमरत्व प्राप्त है। वह अमरत्व की दुनिया वास्तव में है और रहेगी। इसका कभी अंत नहीं होगा। हम सामान्य लोगों को नित्य का मतलब समझना होगा। हम निचले स्तर पर हैं, हमें नित्य को पकड़कर चलना होगा।

### संतों के चरण छूकर संघ प्रमुख ने लिया आशीर्वाद

इससे पूर्व मलूकपीठ में जगद्गुरू मलूकदास के समाधि स्थल पर पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत ने समाधि स्थल पर पूजा-अर्चना कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद आश्रम में मलूकेश्वर महादेव का महाभिषेक कर भगवान सीताराम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मलूक पीठ के बाद संघ प्रमुख पानीघाट स्थित पहाड़ी बाबा गोशाला पहुंचे। जहां संत मलूकदास जयंती महोत्सव में मंच पर मौजूद संतों का सम्मान कर संघ प्रमुख ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत एवं योग गुरु बाबा रामदेव ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# मथुरा में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद प्रांतीय उपाध्यक्ष का भव्य स्वागत

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** ठाकुर मुरारी लाल के आवास पर प्रेमपाल सोलंकी प्रांतीय उपाध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल और हरेंद्र सिंह प्रांतीय संगठन मंत्री राष्ट्रीय हिंदू परिषद का भव्य स्वागत किया।

उपाध्यक्ष सोलंकी ने कहा सभी मथुरा के ब्लॉकों में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद समिति गठित कर हनुमान चालीसा केंद्र की स्थापना ब्लॉक के प्रत्येक गाँव में की जाएगी। राष्ट्रीय बजरंग दल हनुमान चालीसा केंद्र चलाए जाएंगे जिसमें मुख्य मुद्दा हिंदू समाज की घटती संख्या, लवजिहाद, गोहत्या, धर्मांतरण जैसे मुद्दों को गाँव के सभी हनुमान



चालीसा केंद्रों पर कर हिंदू समाज का जनकल्याण करेगा। पूरे देश में डॉ प्रवीण कुमार तोगड़िया का विषय चल रहा है। प्रांतीय संगठन मंत्री हरेंद्र सिंह ने कहा लव जिहाद में ज्यादातर हिंदू लड़की फंस रही है। उसके लिए जागरूक करने का बीड़ा उठाने पर जोर दिया। इस दौरान ठाकुर मुरारी,विजय सिंह राजपूत, विधानसभा अध्यक्ष बृजमंडल क्षत्रिय राजपूत सभा, ठाकुर राजकुमार तोमर, ठाकुर नरेंद्र सिंह राजेंद्र अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, योगेश सिसोदिया और पूर्व जिलाध्यक्ष हिंदू युवा वाहिनी ,अश्वनी कुमार शर्मा, ताराचंद शर्मा, दीपेंद्र शर्मा, लटूरी सिंह, योगेश आदि उपस्थित रहे।

# फिरोजाबाद के मुख्य बाजारों में एसएसपी का फ्लैग मार्च, संदिग्धों पर तत्काल कार्रवाई के आदेश



**फिरोजाबाद।** जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधियों में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे खुद सड़क पर उतरे। उन्होंने भारी पुलिस बल के साथ शहर के मुख्य बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। गश्त के दौरान एसएसपी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बिना नंबर प्लेट वाली और संदिग्ध मोटरसाइकिलें मिलने पर उन्हें तत्काल सीज करने की कार्रवाई के आदेश दिए। भ्रमण के दौरान एसएसपी ने मुख्य बाजार और सरार्फा बाजार में पैदल मार्च कर व्यापारियों और आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों से बातचीत कर उनका हाल जाना। सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने सभी प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए प्रेरित किया, ताकि आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। आने वाले त्योहारों के मद्देनजर एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित करें। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखने की हिदायत दी। इस पैदल मार्च के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, और थाना प्रभारी उत्तर, दक्षिण व रसूलपुर अपनी अपनी फोर्स के साथ मौजूद रहे। पुलिस टीम ने मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भी भ्रमण कर असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया।

# शहीद भाई का फोटो हाथों में लेकर लगायी न्याय की गुहार



**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक भाई द्वारा शहीद हुए अपने भाई का हाथों में फोटो लेकर जेबड़ा चौराहा पर जमकर हंगामा करने लगा और वहीं सड़क पर धरने पर बैठ गया यह देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। भाई का आरोप था भाई को शहीद हुए डेढ़ साल बीत गए हैं लेकिन अभी तक नगर पंचायत मक्खनपुर और प्रशासन ने गोल चक्कर और स्मृति द्वारा नहीं बनवाया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को समझा बूझकर प्रशासन के उच्च अधिकारियों से बात करा कर युवक को शांत कराया। नई बस्ती थाना मक्खनपुर निवासी पवन कुमार पुत्र छोटेलाल दोपहर दो बजे अपने हाथों में डेढ़ वर्ष पूर्व शहीद हुए भाई अनुज यादव का फोटो हाथ में लेकर जेबडा चौराहा पर हंगामा कड़ा कर दिया भाई का आरोप था डेढ़ वर्ष पूर्व भाई शहीद हो गए थे जिसके बाद से प्रशासन ने कोई शुद्ध नहीं ली है और ना ही नगर पंचायत मक्खनपुर ने भाई ने आरोप लगाते हुए बताया कि अभी तक भाई के स्मृति में ना गोल चक्कर बना है और ना ही स्मृति द्वारा बना है। अभी तक नगर पंचायत मक्खनपुर और उच्च अधिकारियों ने मामले का संज्ञान नहीं लिया है हंगामा कर रहे युवक को देखकर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान युवक ने नगर पंचायत मक्खनपुर के अधिशासी अधिकारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अवध टिप्पणियां करना शुरू कर दी सूचना पर पहुंचे थाना मक्खनपुर प्रभारी चमन शर्मा ने युवक को काफी देर तक समझने के बाद मामला शांत कराया 2 घंटे तक चले हंगामें के बाद लोगों में तरह तरह की चर्चा होती रही। पीड़ित भाई ने बताया नगर पंचायत मक्खनपुर द्वारा तीन गोल चक्कर पास किए गए हैं जिसमें शहीद हुए मेरे भाई के नाम से एक भी गोल चक्कर नहीं है।

# केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने 352 किलो डोडा पोस्त पकड़ा, छह गिरफ्तार



**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे के पास केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने 325 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 65 हजार रुपये नकद भी बरामद किए हैं। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे दो वाहनों को भी जब्त कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, कोटा (राजस्थान) की टीम को नशे की तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने यमुना एक्सप्रेस-वे के पास घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान एक ट्रक और एक एक्सयूवी 700 कार को रोककर जांच की गई। जांच में ट्रक से भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि बरामद डोडा पोस्त का वजन करीब 325 किलोग्राम है। मौके से 65 हजार रुपये नकद भी मिले हैं। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे ट्रक नंबर पीबी 11 सीआर 6535 और एक्सयूवी 700 नंबर एचआर 51 एपी 7071 को जब्त कर लिया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हरेंद्र सिंह और मंजीत सिंह निवासी पंजाब, जीवन सिंह, मणिपारस, सतपाल सिंह और नवनीत सिंह के रूप में हुई है। सभी से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी झारखंड से डोडा पोस्त लेकर पंजाब की ओर जा रहे थे। रास्ते में मथुरा के पास यमुना एक्सप्रेस-वे पर टीम ने उन्हें पकड़ लिया। अधिकारियों के अनुसार इस कार्रवाई का नेतृत्व नारकोटिक्स विभाग के सुप्रीटेंडेंट अमर सिंह ने किया। उनके साथ निरीक्षक पूरन मल मीणा, उपनिरीक्षक गजराज सिंह मीणा, एएनटीएफ जयपुर और भरतपुर चैकी की टीम भी शामिल रही। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और इस तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। मामले में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बीएसए ने की स्कूली वाहनों की फिटनेस और सुरक्षा की समीक्षा, 15 तक चलेगा अभियान

**फिरोजाबाद।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों एवं नगर शिक्षा अधिकारी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य केंद्र स्कूली वाहनों की फिटनेस और बच्चों की सुरक्षा रहा। जिलाधिकारी फिरोजाबाद और परिवहन विभाग के निदेर्शों के क्रम में, जनपद में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक संचालित किए जा रहे विशेष अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गठित निरीक्षण टीमों के साथ तालमेल बिठाकर सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के वाहनों की सघन जांच सुनिश्चित करें। इस अभियान के तहत वाहनों की फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, चालक के लाइसेंस और अन्य आवश्यक अभिलेखों की बारीकी से जांच की जाएगी। बीएसए आशीष कुमार पाण्डेय ने स्पष्ट रूप से कहा कि बच्चों की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन विद्यालयों द्वारा सुरक्षा निदेर्शों का अनुपालन नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। जनपद में जारी यह अभियान बच्चों के लिए एक सुरक्षित और व्यवस्थित विद्यालयी परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बोलेरो रेलिंग से टकरायी चालक व सवारी घायल

**टूंडला।** सवारी लेकर बुलेरो चालक फिरोजाबाद से आगरा जा रहा था। तभी गाड़ी अनियंत्रित होकर सर्विस रोड की रेलिंग से टकरा गई। जिससे गाड़ी चालक व सवारी घायल हो गई। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए भेजा है। बीती रात्रि फिरोजाबाद से आगरा जा रहे एक बुलेरो चालक अपनी सवारी को लेकर जा रहा था, तभी बाघई मोड़ के निकट अनियंत्रित होकर गाड़ी सर्विस रोड की रेलिंग से टकरा गई। जिससे बुलेरो चालक सुखदेव पुत्र राम स्वरूप निवासी मानकपुर हाथरस व सवारी विजय पुत्र रूप किशोर निवासी रेल मंडी जसवंत नगर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वहीं क्षतिग्रस्त बोलोरो पिकअप को हाइड्रा की मदद से हाईवे से हटवाया गया। गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हो सका।

# मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोकझोंक



**मथुरा।** बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए भारी नुकसान को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने मंगलवार को जोरदार विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया जिससे पुलिस और कार्यकताओं के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। होली गेट चैराहे पर रोके जाने के बाद कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम सुशील कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है जिससे वे गंभीर आर्थिक संकट में हैं। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही कर्ज और आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे अब इस आपदा ने उनकी स्थिति और खराब कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि गंग नहर और अपर केनाल में जलकुंभी व सिल्ट जमा होने से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित है और विभाग द्वारा केवल खानापूर्ति की जाती है। कांग्रेस नेताओं ने स्मार्ट मीटर के नाम पर किसानों और गरीबों के उत्पीड़न बिजली आपूर्ति में कटौती तथा अधिकारियों के खराब व्यवहार का भी मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि सरकार के 24 घंटे बिजली देने के दावे हकीकत से कोसों दूर हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने यमुना प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि गंदे नाले सीधे यमुना में गिर रहे हैं। जिससे आस्था को ठेस पहुंच रही है। उन्होंने इसे रोकने की मांग की। शहर में लगने वाले जाम प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पीस व अव्यवस्थित यातायात को लेकर भी नाराजगी जताई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निगम में संभव संतुष्टि और समृद्धि को लेकर हुई जनसुनवाई



**मथुरा।** जन शिकायतों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही किए जाने के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री की पहल पर प्रत्येक मंगलवार को शुरू किए गए ह्लसंभवह्ल संतुष्टि एवं समृद्धि के अंतर्गत जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया, जिसके दृष्टिगत मंगलवार को सुबह दस से भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी जी द्वारा जनसुनवाई की गई एवं वृंदावन जोनल कार्यालय में अपर नगर आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में सहायक नगर आयुक्त जी द्वारा सभी शिकायत कताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान भूतेश्वर जोन में कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 01 अतिक्रमण तथा 03 लाइट, 2 सफाई, 01 नाली में जाली लगाने के लिए, 01 नाली निर्माण कार्य पूर्ण करने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें से 01 लाइट से संबंधित शिकायत का निस्तारण करा दिया गया है एवं वृंदावन जोन में कुल 01 सफाई से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये। जनसुनवाई में सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्याग, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती कल्पना सिंह चैहान सहायक अभियंता निर्माण शशांक सिंह, सहायक अभियंता जल हेमेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा की गांव चलो अभियान चौपाल आयोजित



**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी टूंडला नगर गांव बस्ती चलो अभियान के तहत सेक्टर कच्चा टूंडला के हरी नगर में आयोजित चौपाल में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा देश एवं प्रदेश में मोदी एवं योगी के नेतृत्व में जन कल्याणकारी योजना की जानकारी देने के लिए प्रत्येक बस्ती एवं गांव में चौपाल लगाकर उनकी योजना की जानकारी बस्ती एवं गांव के निवासी गणों को दी जा रही है, केंद्र व प्रदेश की कल्याणकारी योजना का लाभ आमजन को मिल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टूंडला नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर शर्मा नगर अध्यक्ष आजाद जैन जिला मंत्री दिनेश गुप्ता जिला मंत्री संजयचक जिला मंत्री पवन चक निवर्तमान महामंत्री दीपक चौधरी आशु चौधरी दीपक ठैनुआ विकास शर्मा आशुतोष गर्ग विष्णु तिवारी सोनू कश्यप विष्णु भारत रामचरण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आरेडिका में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

रायबरेली। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आरेडिका रायबरेली चिकित्सालय एवं अजंता चिकित्सालय लखनऊ से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. सुकृति सिंह (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. नीरज अग्रवाल (यूरोलॉजिस्ट) एवं डॉ. अभिषेक गुप्ता (मनोचिकित्सक) ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं । शिविर के दौरान कुल 167 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त किया ।

विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 की थीम ह्यह्यस्वास्थ्य के लिए एकजुट विज्ञान के साथ खडे रहेंह्यह्य, के अनुरूप, जिसका अर्थ है स्वास्थ्य के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना। आरेडिका रायबरेली के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी दिखाई। इस अवसर पर यह संदेश प्रभावी रूप से दिया गया कि व्यक्तिगत और सामाजिक स्वास्थ्य दोनों का ध्यान रखना आवश्यक है और स्वास्थ्य संबंधी निर्णय हमेशा सही और प्रमाणित जानकारी के आधार पर लेने चाहिए । यह स्वास्थ्य शिविर एक सकारात्मक पहल के रूप में उभरकर सामने आया, जिसने आरेडिका परिवार में स्वस्थ जीवन जीने के प्रति जागरूकता और रुचि को और अधिक सुदृढ़ किया । आरेडिका चिकित्सालय द्वारा आयोजित यह पहल आरेडिका परिवार के लिए प्रेरणादायक है । भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों और उनके परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा ।

# बारिश से कई इलाकों में हुआ जलभराव



- अचानक बदला मौसम, तेज हवाओं और बादलों की गर्जना के साथ हुई झमाझम बारिश

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** मंगलवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं और बादलों की गर्जना के साथ झमाझम बारिश हुई, जिससे शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। इस अचानक हुई बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हुआ। सुबह जहां मौसम साफ और सुहावना था, वहीं दोपहर में अचानक हुई बारिश ने लोगों को संभलने का मौका नहीं दिया। सड़कों पर पानी भरने से राहगीरों को काफी परेशानी हुई। कई लोगों को बारिश से बचने के लिए दुकानों और छज्जों के नीचे शरण लेनी पड़ी। पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश और आंधी-तूफान ने पहले ही स्थिति को बिगाड़ रखा है। सोमवार शाम को भी तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई थी। मौसम वैज्ञानिकों ने पहले ही आने वाले दिनों में मौसम के और बिगड़ने की संभावना जताई थी, जो अब सही साबित होती दिख रही है। लगातार बदलते मौसम का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है। हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसलें पहले ही काफी हद तक बर्बाद हो चुकी हैं। अब बार-बार हो रही बारिश और तेज हवाएं किसानों की बची-खुची उम्मीदों पर भी पानी फेर रही हैं, जिससे किसान गहरी चिंता में हैं। आम जनजीवन भी इस मौसम की मार से अछूता नहीं है। शहर के निचले इलाकों में जलभराव के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है। दैनिक कार्यों के लिए निकले लोगों को बारिश के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी ऐसे ही मौसम बदलाव की संभावना जताई है, जिससे स्थानीय लोगों और किसानों की चिंताएं और बढ़ गई हैं।

# एएसपी ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर व हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** जनपद में बालिकाओं महिलाओं की सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण अभियान फेज- 05 द्वितीय चरण के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर रविशंकर प्रसाद द्वारा थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर एवं हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन तथा थाना नारखी क्षेत्रान्तर्गत अपना घर आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर एवं अपना घर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था साफ-सफाई तथा भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कि परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए तथा भोजन एवं साफ-सफाई की गुणवत्ता बनाए रखी जाए। इस दौरान थाना प्रभारी उत्तर तथा थाना प्रभारी नारखी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ट्रंप की हताशा

अब यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ईरान पर एक महीने पहले शुरू किए गये हमले से किसी तरह अपना चेहरा बचाते हुए बच निकलने के लिए जूझ रहे हैं। इस युद्ध के लिए दो लक्ष्य घोषित किए गये थे। सत्ता परिवर्तन और परमाणु क्षमता को नष्ट करना। लेकिन पिछले सप्ताह राष्ट्र के नाम किए गये एक अत्यंत निराश करने वाले संबोधन में शांति और तनाव कम करने का मार्ग पेश करने के बजाय राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान को पाषाण काल में पहुंचाने तक उस पर बमबारी करेगा। एक संप्रभु राष्ट्र को पूरी तरह नष्ट करने तक उस पर बमबारी करने को कोई उद्देश्य नहीं माना जा सकता है। इससे न तो ईरान किसी तरह आत्मसमर्पण करने के बारे में सोचेगा और न ही यह पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की गारंटी देगा। ईरान पर बहुत घातक हमले किए गए लेकिन इसके बावजूद उसके पास अब भी मिसाइल क्षमता बची हुई है और इस बात ने उसके विरोधियों तक को चकित किया है। इजरायल को यह सबक मिला है कि लगातार दो साल तक गाजा और लेबनान पर की गई तेज बमबारी के बावजूद वह सुरक्षित नहीं रह सका है। ईरान-प्रायोजित हमास अब भी गाजा के खंडहरों के आधे हिस्से पर नियंत्रण रखता है, जिससे अमेरिकी-नेतृत्व वाले बोर्ड ऑफ पीस की महत्वाकांक्षी रियल एस्टेट योजना खतरे में पड़ जाती है, और हिजबुल्ला ने उत्तरी इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन से हमले जारी रखे हैं। लाल सागर के किनारे ईरान-प्रायोजित हूतियों की देर से हुई लामबंदी ने ईरान की विषम युद्ध क्षमताओं को भी रेखांकित किया है। यह युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बहुत अधिक दबाव डाल रहा है और इसे समाप्त कर पाने में अक्षमता के बावजूद किसी तरह के आत्मावलोकन की प्रक्रिया शुरू होती नहीं नजर आती। इसके बजाय अमेरिकी राष्ट्रपति



अपने देश का इस्तेमाल विशुद्ध तेल एवं गैस निर्यातक के रूप में कर रहे हैं जो पश्चिम एशिया की आपूर्ति पर निर्भर नहीं है। उनका यह भी कहना है कि होर्मुज स्ट्रेट अमेरिका का सिरदर्द नहीं है। यह बात सही है कि इन रास्तों से अमेरिका का आयात नगण्य है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति का वकतव्य असाधारण रूप से जवाबदेही से भागने का रहा है। अगर अमेरिका और इजरायल ने क्रमशः ऑपरेशन एपिक फ्यूरी और राइजिंग लायन नहीं लॉन्च किया होता तो ईरान ने खाड़ी में अमेरिका के सहयोगी देशों के तेल और गैस ढांचों में से कुछ को निशाना नहीं बनाया होता। न ही उसने होर्मुज स्ट्रेट को बंद किया होता। गौरतलब है कि विश्व स्तर पर कच्चे तेल और गैस परिवहन का पांचवां हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। उल्लेखनीय यह है कि अमेरिका के सहयोगी देश, विशेषकर यूरोप में, और प्रतिद्वंद्वी चीन तेजी से वैश्विक सुरक्षा ढांचे को नया रूप देने की कोशिश कर रहे हैं ताकि एक अप्रत्याशित महाशक्ति पर निर्भरता कम की जा सके। ट्रंप के नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) से बाहर निकलने की बात पहले ही वैकल्पिक गठबंधनों को प्रोत्साहित कर रही है। वह नाखुश हैं क्योंकि प्रमुख यूरोपीय देशों ने अमेरिकी सैन्य विमानों को उड़ान अधिकार देने से इनकार कर दिया। अटलांटिक पार संबंधों में बदलाव पिछले वर्ष शुरू हो गया था, जब यूरोप ने यूक्रेन को अपनी सहायता में उल्लेखनीय वृद्धि की, जबकि ट्रंप प्रशासन ने उसकी बड़े पैमाने पर वित्तीय सहायता कम कर दी। पिछले सप्ताह की घटनाओं ने उन प्रवृत्तियों को और मजबूत किया है। ब्रिटेन की पहल, जिसमें विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों को एकत्रित करके होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के तरीकों पर चर्चा की गई, इसका एक उदाहरण है। इसके साथ ही 1974 से पश्चिम एशिया में तेल व्यापार को सहारा देने वाली पेट्रो-डॉलर प्रणाली को चुनौती दी जा रही है, क्योंकि ईरानी शासन अपने सहयोगी समझे जाने वाले देशों को चीनी युआन में तेल खरीदने की अनुमति देकर एक छोटा लेकिन बढ़ता हुआ पेट्रो-युआन व्यापार चला रहा है। कुल मिलाकर ट्रंप बौखालाये हैं और हताशा और बौखलाहट में वे ईरान ऐसा कोई अप्रत्याशित फैसला कर सकते हैं जो मानवता के लिए घातक हो।

---

विचार

जो जीवों की हिंसा करता है वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति हिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

–गौतम बुद्ध.

मनुष्य का आचरण ही बताता है कि वह कुलीन है अथवा अकुलीन, शूरवीर है अथवा भीरू, पवित्र है अथवा अपवित्र।

–बाल्मीकि.

आशा उत्साह की जननी है। आशा में तेज है, बल है, जीवन है। आशा ही संसार की संचालन शक्ति है।

–प्रेमचंद.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

किसी निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाए, तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

–तिरुवल्लुअर.

# एमजीआर की विरासत पर पार्टियों का दावा



शाहिद ए चौधरी



इस बात का कोई ठोस प्रमाण नहीं है कि अन्ना-द्रमुक के आइकॉन एमजी रामचंद्रन का नाम लेने से राजनीतिक पार्टियों को वोट हासिल होते हैं। इसके बावजूद एमजीआर के निधन के 40 वर्ष बाद भी तमिलनाडु के सियासी दलों को लगता है कि उनका नाम लेने से उन्हें चुनावी सफलता हासिल हो जायेगी। इसलिए एमजीआर की विरासत पर लगभग हर पार्टी अपना दावा इस बार के विधानसभा चुनाव में भी कर रही है, जिसकी 234 सीटों के लिए मतदान 23 अप्रैल 2026 को होगा और नतीजों की घोषणा 4 मई 2026 को होगी। मुख्य मुकाबला द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है और अन्ना-द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन में है, जिसका हिस्सा बीजेपी भी है। फिलहाल द्रमुक गठबंधन सत्ता में है, लेकिन इस बार दोनों गठबंधनों में काफी फेरबदल हुआ है।

चूंकि एमजीआर का ताल्लुक फिल्मों से भी था, इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि तमिल सिनेमा की एक अन्य बड़ी व प्रभावी हस्ती विजय, जो टीवीके के अध्यक्ष हैं, अपनी तुलना एमजीआर से करते हैं और हर चुनावी सभा में अपने भाषण के दौरान एमजीआर का नाम लेते हैं। विजय का तो यहां तक कहना है कि जिस किस्म की आलोचना 1972 में एमजीआर की अन्ना-द्रमुक गठित करने पर हुई थी, वैसी ही आलोचना का उन्हें भी सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि ऐसा करने/कहने वाले विजय पहले एक्टर-सियासतदां नहीं हैं। उनसे पहले भाग्यराज ने 1989 में हल्की सी कोशिश की थी; वह असफल रहे। फिल्मों में अपनी भूमिकाओं व व्यक्तिगत दान की वजह से विजयकांत को इतनी कामयाबी अवश्य मिली थी कि लोग उन्हें 'करुप्पु एमजीआर' कहने लगे। कमल हासन ने एमजीआर को अपना 'वाथीयार' बताया, यह दावा करते हुए कि उनकी 'रवरिश एमजीआर की गोद में हुई' और उन्होंने अपनी फरवरी 2018 की चुनावी यात्रा को एमजीआर की फिल्म 'नालाई नमाठे' के नाम पर रखा। अन्ना-द्रमुक ने अपने संस्थापक एमजीआर की विरासत को 1988 के बाद से बराबर बरकरार रखने का प्रयास किया है। टूट-फूट व चुनावी पराजयों से कमजोर होने के बावजूद उसके नेता एमजीआर के नाम को अपने गले से लगाये हुए हैं। तमिलनाडु में चुनावों को मद्देनजर रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एमजीआर का नाम जप रहे हैं। फरवरी में अपनी मलेशिया यात्रा के दौरान उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया था, 'मेरे दोस्त, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने जो लंच का आयोजन किया था, उसमें एक गीत महान एमजीआर की फिल्म ह्यनालाई नमाठे' से भी था। अनवर इब्राहिम एमजीआर के वैसे ही बहुत बड़े फैन जैसे कि हममें से अधिकतर भारतीय हैं।

> 1991 में थिरुनावुक्कारसर ने एमजीआर-द्रमुक का गठन किया था, लेकिन पार्टी कुछ चली नहीं, चुनाव मैदान में सफलता नहीं मिली, तो उन्होंने उसका विलय बीजेपी में कर दिया। सच में, लोग 'डुप्लीकेट' एमजीआर को स्वीकार नहीं करते हैं।

**तमिलनाडु में राज्य विधानसभा चुनाव**

बीजेपी भी एमजीआर की विरासत में गोते लगा रही हैं। एल मुरुगन की वेल यात्रा 2020 के दौरान उसने एमजीआर की फिल्मों के गीत बजाय व उनके डायलॉग प्ले किये और उनकी तुलना मोदी से की। इरादा स्पष्ट था और उम्मीद थी कि अपील काम करेगी। लेकिन हुआ कुछ नहीं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन अक्सर एमजीआर से अपने संबंधों के बारे में जिक्र करते हैं। एक आयोजन में उन्होंने कहा कि उन्हें एमजीआर की पुरानी फिल्मों के गीत बहुत पसंद हैं। एक अन्य आयोजन में उन्होंने एमजीआर को 'पेरियप्पा' कहकर संबोधित किया। वोट की राजनीति इंसान से क्या कुछ करने को मजबूर कर देती है। स्टालिन के पिता एम करुणानिधि स्वयं तमिल आइकॉन हैं कि वह न सिर्फ सफल राजनीतिज्ञ थे बल्कि बहुत कामयाब डायलॉग व पटकथा लेखक थे, तमिल फिल्मों के। द्रमुक उन्हीं के नाम से चलने वाली पार्टी है। यह सही है कि तमिलनाडु में एमजीआर के नाम के बिना कोई राजनीति नहीं करता है। एमजीआर के निधन के बाद उनके अधिकतर फैन उनके पुजारी बन गये। यह परम्परा जारी है; क्योंकि वह एमजीआर को अपना 'कुला थेइवम' (पारिवारिक देवता) समझते हैं, जिनकी विरासत हमेशा के लिए चमकती रहेगी। इस धारणा के बावजूद एमजीआर का नाम स्वतः ही वोट लाने वाला या दीर्घकालीन समर्थन में नहीं बदल जाता है। अगर ऐसा होता तो अन्ना-द्रमुक कभी भी चुनाव न हारती और न ही उसे किसी अन्य पार्टी से गठबंधन करना पड़ता। विस्तृत स्तर पर यह राजनीतिक एक्टर खुद को द्रमुक के प्रमुख विकल्प के तौरपर पेश करने का प्रयास करते हैं। इसी भूमिका को एमजीआर ने मूलतः निभाने का प्रयास किया था, अन्ना-द्रमुक के जरिये।

दरअसल, एमजीआर के संदर्भ में नया उत्साह अन्ना-द्रमुक की अनुमानित कमजोरी की वजह से प्रतीत हो रहा है। पार्टी की वोट हिस्सेदारी जो 2016 के विधानसभा चुनाव में लगभग 40 प्रतिशत थी, वह 2021 में गिरकर 33.3 प्रतिशत रह गई। लोकसभा चुनाव में वह 30.6 प्रतिशत (2019) से गिरकर 20.5 प्रतिशत व 23.3 प्रतिशत (2024) के बीच रह गई। गुटबाजी के कारण भी अन्ना-द्रमुक की साख गिरी है। अब उसके पास जे जयललिता के कद का नेता भी नहीं है। वह तो अपने साथ सबको जोड़े रखती थीं और उनके साथ पार्टी के समर्थक ब्लॉक, विशेषकर महिलाएं, भी जुड़े रहते थे। इस खालीपन की वजह से नये नेता व पुराने खिलाड़ी उत्साहित हुए एमजीआर की विरासत पर दावा करने के लिए, इस उम्मीद में कि उन्हें दिवंगत नेता के वोट बेस पर कब्जा करने का अवसर मिल जायेगा। वास्तव में यह लोग एमजीआर से जुड़े तीन तत्वों को अपनाना चाहते हैं- कल्याणकारी राजनीति, व्यापक जन आकर्षण और द्रमुक विरोधी राजनीतिक जगह जो उन्होंने बनायी। लेकिन इस योजना की स्पष्ट सीमाएं हैं। एमजीआर का संदर्भ देकर न अपने आप गुडविल बनती है और न ही स्थायी वोट बेस का निर्माण होता है।

तमिलनाडु की राजनीति में ताजा ताजा प्रवेश करने वाले अपनी सभाओं में एमजीआर के कटआउट्स लगवाते हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए कि जो भी उन्हें अवसर मिले उसमें वह एमजीआर के समानांतर खड़े दिखायी दें। वह यह भी याद दिलाते हैं कि एमजीआर को उस समय तक राजनीतिक नौसिखिया समझा जाता रहा, जब तक कि 1977 में उन्होंने करुणानिधि के नेतृत्व वाली द्रमुक को पराजित नहीं कर दिया। लेकिन विजय में एमजीआर जैसे गुण नहीं हैं। उनकी फिल्मों में सामाजिक संदेश या राजनीतिक दृष्टिकोण नहीं है, जैसा कि एमजीआर की फिल्मों में था। दोनों में एकमात्र समानता यह है कि अपने फिल्मी करियर के चरम पर उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। समानता यहीं पर समाप्त हो जाती है। एमजीआर सभी जातियों, धर्मों व वर्गों से सफलतापूर्वक संपर्क स्थापित कर सके, जिससे उनकी मजबूत बेस बनी। विजय अब तक यह काम नहीं कर सके हैं। एमजीआर ने अपनी इमेज बनाने के लिए दो दशक से भी अधिक तक मेहनत की थी और इसलिए 1977 में मुख्यमंत्री की शपथ लेने से पहले ही उनकी गुडविल बन चुकी थी। वैसे यह स्वाभाविक ही है कि जो एक्टर राजनीति में प्रवेश करेगा उसकी कम से कम तमिलनाडु में तो एमजीआर से तुलना होगी ही। लेकिन एमजीआर ने अपनी मेहनत की कमाई से लोगों की मदद की और जब वह मुख्यमंत्री बन गये, तो उन्होंने कल्याणकारी योजनाएं लागू कीं। यह गुण दूसरों में दिखायी नहीं देता। यही वजह है कि जिन लोगों ने एमजीआर बनने की कोशिश की या उनके नाम पर पार्टी बनायी, वह सफल न हो सके।

---

सोशल मीडिया



श्री गुरु तेग बहादुरजी के प्रकाश पर्व के पवित्र मौके पर मैं 'हमारी सभ्यता' के महान आध्यात्मिक गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनका जीवन त्याग व बलिदान का शानदार उदाहरण है। पीएम मोदी.

# बौद्धिक परिष्कार

ईश्वर ने मनुष्यको विशिष्ट जीव बनाया है। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है।

जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।


अंतर्दृष्टि

# संकट में है मानव सभ्यता का इतिहास

लोकमित्र

मानव सभ्यता का इतिहास केवल किताबों में ही नहीं लिखा जाता, यह कई और तरीकों से भी दर्ज होता है। कलाकृतियों से, साहित्य से, महान फिल्मों से, दुनिया को बदल देने वाले आविष्कारों से और ऐतिहासिक स्थापत्यों से भी यानी वो महान इमारतें जो अपने आपमें किसी युग की सभ्यता और संस्कृति का पर्याय बन जाएं। 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस के रूप में मनाया जाता है ताकि दीवारों, खंडहरों और पत्थरों में सांस लेते इतिहास से इंसान मानव सभ्यता के अतीत की पदचाप सुन सके। लेकिन जब विश्व धरोहरों पर युद्ध के दौरान दुश्मन सारे नियम-कायदों को भूलकर उन पर बम बरसाएं, उन्हें चकनाचूर करने का एक भी मौका न गंवाएं, तो फिर ऐसे विश्व धरोहर दिवस (18 अप्रैल) की क्या प्रासंगिकता बचती है? यह कोई बढ़ा-चढ़ाकर की जा रही आलोचना नहीं है। मौजूदा समय में ईरान, उसके पहले इराक, सीरिया, जोर्डेन, लेबनान और गाजापट्टी पर कई ऐतिहासिक इमारतों को, जो विश्व धरोहरों के रूप में चिन्हित की गई थीं, गोला-बारूद से नेस्तनाबूद की गई हैं। ये अब महज ढांचे या खंडहर के रूप में ही बची हैं।

जबकि यूनेस्को जिन मानव निर्माण या अतीत की धरोहरों को विश्व धरोहर की मान्यता देता है, उनकी सुरक्षा और संरक्षा का दायित्व पूरी दुनिया का होता है। क्योंकि भले उन पर ऐतिहासिक या भौगोलिक रूप से स्वामित्व किसी देश विशेष का होता हो, लेकिन यूनेस्को के चार्टर के मुताबिक वो समूची मानवता की प्रेरणा स्रोत होती हैं। समूची मानवता उनसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से गौरान्वित होती है। ईरान की प्राचीन नगरी पसेपोलिस, भारत का ताजमहल, कंबोडिया का अंकोरवाट का मंदिर और मिस्र के पिरामिड भले सीमित अर्थों में उन देशों के मालिकाने में आते हों, जहां यह भौगोलिक रूप से स्थित हैं। लेकिन ये किसी देश के बजाय समूची दुनिया और समूची मानव सभ्यता की धरोहर है। इसलिए युद्ध के दौरान भी इन्हें नुकसान न पहुंचे, इसकी युद्धरत पक्षों से उम्मीद की जाती है। लेकिन यह उम्मीदें कभी पूरी नहीं होती। इस समय पिछले लगभग दो महीनों से ईरान में अमेरिका और इजरायल द्वारा जो बमबारी हुई है, उससे तेहरान की कई ऐसी इमारतें, कई ऐसे मकबरे ध्वस्त हो गये हैं, जो वैश्विक सभ्यता और संस्कृति की धरोहर थे। लेकिन यह कोई पहला ऐसा मौका नहीं है। साल 2001 में अफगानिस्तान में तालिबान लड़ाकों ने बामियान में बुद्ध की मूर्तियों को डायनामाइट लगाकर उड़ा दिया था। इससे बुद्ध युग की सबसे संवेदनशील धरोहर मटियामेट हो गई। इराक युद्ध में मेसोपोटामिया के धरोहर के रूप में खड़े महलों को न केवल ध्वस्त कर दिया गया था बल्कि यहां के कई संग्रहालयों में मौजूद मेसोपोटामिया सभ्यता के सैकड़ों अवशेषों को दुश्मन देश और उसके सैनिकों ने लूट लिया था। इसके पहले सीरिया में पालमायरा का विध्वंस भी दुनिया देख चुकी है। इन सब अतीत की गलतियों से इंसान ने कतई कोई सबक नहीं लिया। इसलिए हाल में ईरान की कई धरोहरों को वैसे ध्वस्त किया गया है, जैसे पहले होता रहा है। इस सबको देखकर एहसास होता है कि अखिर विश्व धरोहर दिवस की जरूरत ही क्या रह जाती है? आखिर इसका क्या अर्थ बचता है? अगर हम ये मानते हैं कि महान वैश्विक धरोहरें, हमारे अतीत का गौरव हैं, हमारी सामूहिक मानव स्मृति हैं, तो फिर हम इनके अस्तित्व को इस तरह नष्ट क्यों करते हैं? विश्व धरोहर का मतलब ही है यह पूरी दुनिया की धरोहर है। जब किसी इमारत, किसी भौगोलिक क्षेत्र की विशेष खूबियों को या महान निर्माण स्थलों, पूजा घरों और सांस्कृतिक गतिविधियों को वैश्विक धरोहर मान लिया जाता है, तो फिर उसे अगली पीढ़ियों तक के लिए बचाकर रखने की जिम्मेदारी उस देशभर की नहीं होनी चाहिए, संयोग से जहां यह स्थिति है बल्कि इसकी जिम्मेदारी पूरी दुनिया पर होनी चाहिए, तभी विश्व धरोहर जैसे किसी तमगे का कोई अर्थ होगा।



ऐतिहासिक धरोहरों पर हो रही बमों की वर्षा



आज ईरान तहस-नहस हो रहा है। कल को वो देश भी हो सकते हैं, जो आज कर रहे हैं। इस सिलसिले का अंत तब तक नहीं होगा, जब तक सुरक्षा सिर्फ ताकत से संभव होगी। इसलिए या तो वैश्विक धरोहरों को लेकर सख्त कानून बने और इस पर सख्ती से अमल हो, बिना इस बात की छूट देते हुए कि युद्ध के दौरान सब कुछ जायज होता है वर्ना विश्व धरोहरों का कोई अर्थ नहीं रह जाता। जब लोगों पर पागलपन सवार होता है, तो सब बड़ी-बड़ी बातें भूल जाते हैं। अगर इस पारंपरिक तरीके से धरोहरों के बचने को लेकर हमेशा आशंका हो तो फिर इनके संरक्षण के नये-नये तरीके अपनाये जाने चाहिए। जैसे डिजिटल आर्काइविंग, थ्रीडी स्कैनिंग आदि वर्ना जो रवैय्या इन दिनों या पिछले कुछ दशकों में देखने को मिला है, उससे तो लगता है ये अच्छे से विचार सिर्फ शांतिकाल के मनोराग होते हैं। जब कठिन समय होता है, तब उनके बारे में कोई नहीं कुछ सोचता। क्योंकि अगर युद्धों के दौरान धरोहरों की सुरक्षा संभव न हो तो फिर फायदा क्या है?

भले हम आज कुछ भी कहें आखिरकार बामियान के बुद्ध नष्ट हो गये न? करते रहिए आलोचना देते रहिए, चेतावनियां, मगर फर्क क्या पड़ता है? भारत में 40 से अधिक विश्व धरोहर स्थल हैं, इसलिए हमें अपनी धरोहरों के प्रति बेहद संवेदनशील होना चाहिए। विश्व धरोहरों को बहुत कमाई का साधन बनाने से भी परहेज करना चाहिए। जिस तरह से ताजमहल, अजंता एलोरा की गुफाएं और हम्फी के मंदिर कॉम्प्लैक्स में दिनोंदिन पर्यटकों का हुजूम उमड़ता है, उससे भी इनको नुकसान होता है। विश्व धरोहरों को अगर सचमुच सदियों-सदियों बचाकर रखना है, तो उनकी सुरक्षा को लेकर हमें बेहद संवेदनशील होना पड़ेगा। सिर्फ जंग से ही उन्हें बचाने की जरूरत नहीं है बल्कि पर्यटकों के उमड़ रहे उपभोक्तावादी प्यार से भी उन्हें बचाने की जरूरत है। क्योंकि अगर किसी जगह पर उसे देखने के लिए ही हर दिन हजारों की तादाद में लोग जाएं तो ऐसी जगहों को कई तरह के दबाव झेलने पड़ते हैं। इसलिए इन सबसे से भी धरोहरों को बचाने की जरूरत होती है। अगर हम वैश्विक धरोहरों को लेकर, वैश्विक स्तर की संवेदनशीलता नहीं दिखाते, तो फिर ऐसे दिन का कोई अर्थ नहीं है।

**कुछ तथ्य, कई चुनौतियां**

- धरों को संरक्षित करने के लिए ही विश्व धरोहर दिवस हर साल 18 अप्रैल को मनाया जाता है, इसकी शुरूआत 1982 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मैन्यूमेंट्स एंड साइट्स द्वारा प्रस्तावित की गई और 1983 में इसे यूनेस्को द्वारा मान्यता मिली। लेकिन अब इसकी उपयोगिता संदिग्ध है क्योंकि जब मानव सभ्यता की ऐतिहासिक धरोंहरों को संवेदनहीनता के साथ बमों से उड़ाया जाये, तो ये कैसे बचेंगी?
- साल 2025 में पूरी दुनिया में 1100 से अधिक प्रसिद्ध इमारतों, प्राकृतिक स्थलों और महान सांस्कृतिक गतिविधियों को वैश्विक धरोहर का दर्जा हासिल था।
- भारत में 40 से ज्यादा विश्व धरोहरों हैं, जिनमें ताजमहल, कुतुबमीनार, अजंता एलोरा की गुफाएं, कुंभ जैसा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन तथा दुर्गा पूजा जैसे अनुष्ठानिक समारोह शामिल हैं।
- विश्व धरोहरों को जिन मानवीय गतिविधियों से सबसे ज्यादा खतरा है, उसमें युद्ध और आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, अतिक्रमण और शहरीकरण तथा पर्यटन आदि का दबाव शामिल है। यह सभी आज धरोंहरों के समक्ष चुनौती पेश कर रहे हैं।
- विश्व धरोहरों पर जिस तरह के खतरे मंडरा रहे हैं, उन्हें देखते हुए इनके संरक्षण के कुछ आधुनिक तौर-तरीके भी सुझाये जा रहे हैं। जैसे इनकी थ्रीडी स्कैनिंग यानी डिजिटल संरक्षण, सख्त अंतर्राष्ट्रीय कानून और लगातार शिक्षा और जागरुकता के जरिये चलाये जाने वाले अभियान। इन सबके जरिये ही विश्व धरोहरों की सुरक्षा संभव है।

## आप की बात

### महंगाई की मार

युद्ध के कारण महंगाई का संकट बढ़ रहा है। सरकार मंहगायी कम करने के लिए सीधे बाजार में हस्तक्षेप करे। महंगायी पर सीधे प्रहार के लिए यह जरूरी है कि पेट्रोलियम उत्पादों के दामों में किसी तरह की बढ़ोत्तरी न की जाये। इससे महंगाई कम करने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़े चाहे जो हों आम आदमी महंगाई से परेशान है और इसमें पेट्रोलियम कीमतें आग लगाने का काम कर रही हैं। कोरोना संकट के समय टैक्स में जो कमी हुई उसे पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम पर कर बहुत अधिक बढ़ा दिया जिसके कारण सस्ते तेल का लाभ भी आम जनता को नहीं मिला और अब तो कीमतें सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तेल के दाम में वृद्धि न की जाये। वैसे पूर्व में जब तेल के दाम बढ़ते थे तो विरोध भी होता था लेकिन डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम काफी बढ़ गये हैं लेकिन गंभीर राजनीतिक विरोध देखने को नहीं मिला। पूर्व में जब अंतर्राष्ट्रीय कारणों से जब तेल के दाम बढ़ जाते थे तो भी राजनीतिक दल सड़क पर इतना गदर काटते की देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों के दिमाग में गलत समझ बनने लगी थी। तेल की महंगाई में दो-तीन महीने में गरीब आदमी को मुश्किल से दो-तीन सौ रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे लेकिन पार्टियां पूरा आसमान उठा लेती थीं। आमजन आर्थिक पहलुओं को समझने के बजाय पार्टियों के बहकावे में आ जाता और यही कारण है सरकार विरोधों में दब जाती। 2004 वह दौर था जब देश की आर्थिक स्थिति ऐतिहासिक तौर पर बेहतर थी लेकिन भरत उदय के इस दौर में भाजपा का कमल डूब गया। इसलिए तेल संकट के बावजूद सरकार को दाम बढ़ाने के बजाय इनके उपयोग को सीमित करने का प्रयास करना चाहिए।

**विवेक कुमार सिंह, लखनऊ.**

### विपक्ष की सियासत

कारपोरेट की आड लेकर जिस तरह की राजनीति देश में हो रही है, देश की आर्थिक प्रगति के लिए ठीक नहीं है। इस देश में कारपोरेट का योगदान राजनीति और नेताओं से कई गुना अधिक है। लेकिन फिर भी जिस तरह औद्योगिक घरानों को निशाना बनाकर राजनीति की जा रही है वह चिंता की बात है। देश के कई उद्यमियों को सियासी कारणों से लंबे समय से निशाना बनाया जाता रहा है। पहले राफेल डील को लेकर अनेक आरोप लगाये जाते थे और उसमें कई उद्यमियों को घसीटने का प्रयास किया गया, लेकिन राफेल को लेकर जितने भी आरोप लगाये गये, उनको पहले सुप्रीम कोर्ट ने और फिर देश की जनता ने भी खारिज कर दिया। उसके बाद अडानी समूह को लेकर गंभीर विवाद खड़ा करने की कोशिश हो रही है। यह चिंताजनक है।

**दीपक श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## चौधरी राम सिंह पटेल दूसरी बार बनाए गए अवध क्षेत्र राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष

अयोध्या। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैधरी जयंत सिंह के निर्देश एवं राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी के परामर्श पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी डॉक्टर रामाशीष राय ने अयोध्या जनपद के बीकापुर विधानसभा के ग्राम पंचायत हंसेपुर ( लीलापुर ) निवासी चैधरी राम सिंह पटेल को पार्टी के प्रतिनिष्ठा एवं कार्य की क्षमता को देखते हुए दूसरी बार अवध क्षेत्र का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। पटेल को दूसरी बार क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई पटेल हमेशा पार्टी के कार्यक्रमों और किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करते देखे जा रहे है।

## मिल्कीपुर में महापुरुषों की संयुक्त प्रतिमा स्थापना की मांग

मिल्कीपुर अयोध्या। मिल्कीपुर क्षेत्र में राष्ट्रवादी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष अनुराग सिंह ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार को एक ज्ञापन सौंपकर प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों की प्रतिमाएं एक ही स्थान पर स्थापित कराने की मांग उठाई। ज्ञापन में अनुराग सिंह ने कहा कि शहीदों और महापुरुषों के विचार आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने मांग की कि भगत सिंह, भीमराव अंबेडकर, वल्लभभाई पटेल तथा अशफाक उल्ला खां की प्रतिमाएं मिल्कीपुर में एक साथ एक ही स्थान पर स्थापित की जाएं। इससे युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना प्रबल होगी और वे इन महान विभूतियों के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने आगे कहा कि इन महापुरुषों और शहीदों का देश के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। यदि इनकी प्रतिमाएं एक स्थान पर स्थापित होती हैं, तो यह स्थान युवाओं के लिए एक प्रेरणास्थल के रूप में विकसित हो सकता है, जिससे समाज को नई दिशा और दशा मिलेगी। इस दौरान अधिवक्ता उत्तम मिश्रा, श्याम कुमार यादव और पवन शुक्ला सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## उत्पादन के समय होना चाहिए कूड़ा का पृथक्करणः जयेंद्र कुमार

अयोध्या। नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के कचरा प्रबंधन प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। यह कहना था नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार का। वह साधना सप्ताह के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर तिलकहाल में आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नगरपालिका अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उद्यमियों को कचरे के सुरक्षित संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण और वैज्ञानिक निपटान के लिए तकनीकी दक्षता प्रदान करना रहा। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पाण्डेय ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 तथा सॉलिड वेस्ट में मैनेजमेंट नियम 2016 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को कचरे को स्त्रोत पर ही गीले, सूखे और खतरनाक श्रेणियों में अलग करने की प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षण में सतत विकास को ध्यान में रखते हुए ह्यजीरो-वेस्टह्ण अवधारणा को बढ़ावा दिया गया। संचालन सहायक नगर गुरुप्रसाद पांडे ने किया। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत भार्गव मौजूद थे।

# शिक्षक अभिभावकों के साथ संवाद बढ़ायें

## उच्च शिक्षा की गुणवत्ता व शैक्षणिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करें महाविद्यालयः आनंदीबेन पटेल



अयोध्या। प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को जनभवन में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध अनुदानित एवं राजकीय महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा अपने-अपने संस्थानों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से संबंधित विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस दौरान उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, महाविद्यालयों में शैक्षणिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने तथा एनआईआरएफ रैंकिंग एवं नैक मूल्यांकन की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान राज्यपाल ने निर्देश दिए कि प्राचार्य अध्यापकों को प्रेरित करें, स्थानीय विद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों से संपर्क स्थापित करें तथा अभिभावकों के साथ संवाद बढ़ाएं। साथ ही महाविद्यालयों की विशेषताओं एवं उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी नामांकन हेतु आकर्षित हों। कुलाधिपति ने अध्यापकों की गुणवत्ता सुधार पर बल देते हुए कहा कि जिन शिक्षकों की पीएचडी पूर्ण नहीं हुई है, वे शीघ्र अपनी पीएचडी पूर्ण करें, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं संस्थान तीनों को लाभ मिल सके। ई-कंटेंट लाइब्रेरी के अधिकाधिक उपयोग तथा उसमें शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। राज्यपाल ने महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रिमंडल, अधिकारी, प्रधानाचार्य एवं शिक्षक सभी समन्वय स्थापित कर कार्य करें और सामूहिक प्रयासों से समस्याओं का समाधान निकालें। उन्होंने निर्देश दिए कि महाविद्यालय अपनी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों से निरंतर संपर्क बनाए रखें।

उन्होंने शिक्षकों को समय से कक्षाओं में उपस्थित होकर नियमित शिक्षण कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा अधिकारियों को महाविद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण ( सरप्राइज विजिट ) करने के निर्देश दिए, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित हो सके। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं विशेषकर बालिकाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को अनावश्यक गतिविधियों से दूर रखते हुए सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्यों में संलग्न करने पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्लेसमेंट पर विशेष ध्यान देने, उन्हें ह्यखेलो इंडियाह्ण जैसी योजनाओं में सहभागिता के लिए प्रेरित करने तथा विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों को ह्यअग्निवीरह्ण जैसे रोजगारपरक अवसरों से जोड़ने पर भी बल दिया। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन एवं एनआईआरएफ रैंकिंग में भागीदारी हेतु प्रेरित करते हुए आश्वस्त किया कि इसके लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कुलाधिपति ने महाविद्यालयों को निर्देश दिए कि वे अपने यहां गुणवत्तापूर्ण कार्यशालाएं एवं कार्यक्रम आयोजित कर तथा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करें, जिससे विद्यार्थियों को अधिक अवसर एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पर्याप्त बजट उपलब्ध कराती है, अतः महाविद्यालयों को योजनाबद्ध ढंग से प्रोजेक्ट तैयार कर संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को उसका लाभ पहुंचाना चाहिए। इस अवसर पर कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह, कुलसचिव विनय कुमार सिंह सहित महाविद्यालयों के प्राचार्यगण राजभवन में उपस्थित रहे।

## वैवाहिक सीजन में गैस सिलेंडर की बढ़ी किल्लत

अयोध्या। वैवाहिक सीजन के दौरान गैस सिलेंडर की भारी किल्लत एवं उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों को लेकर आज महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम के नेतृत्व में जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।जिसमें शहर में गैस सिलेंडर की अनियमित आपूर्ति, विलंबित डिलीवरी तथा फर्जी डिलीवरी जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में वैवाहिक कार्यक्रमों की अधिकता के बावजूद आम जनता को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि कई गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। कागजों में डिलीवरी दिखाकर वास्तविक वितरण नहीं किया जा रहा, जो अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, डिलीवरी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए तथा दोषी एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ने कहा कि जिन परिवारों में विवाह जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम निर्धारित हैं, उनके लिए विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सेवा दल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, जिओ हैदर, पूर्व सभासद जनार्दन मिश्रा, सतीश सिंह आदि मौजूद रहे।

## कचहरी व स्टेडियम में बनेगा शौचालय



अयोध्या। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने जनसुनवाई ह्लसंभवह्न के दौरान जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मद्देनजर नगर निगम क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था की जांच तत्काल प्रभाव से कर ली जानी चाहिए। महापौर ने कहा कि गर्मी के दौरान डायरिया, गैस्ट्रो, टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू, फायलेरिया, पीलिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका को देखते हुए पानी की सप्लाई प्वाइंट पर ही जांच कर आवश्यकतानुसार क्लोरिनेशन व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाना आवश्यक है।

उन्होंने इस संबंध में जल निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को संयुक्त रूप से पहल करने की हिदायत दी। महापौर ने कचहरी एवं स्टेडियम में शौचालय निर्माण संबंधी कार्यवाही को तत्काल शुरू करने का निर्देश दिया। संभव के दौरान कल 27 शिकायत आई, जिसमें 16 का मौके पर ही नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने निस्तारण कराया। उन्होंने सड़क-नाली निर्माण कार्य संबंधी अन्य समस्याओं का समयवद्ध निस्तारण करने का निर्देश दिया।

इस मौके पर सीवर लाइन जोड़ने, नालियों की सफाई कराने, मच्छररोधी दवा का छिड़काव कराने, पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर सफाई कर्मचारी नेता विनय बाघमार की अगवाई में प्रतिनिधि मंडल महापौर से मिला और मृतक आश्रित नियुक्ति संबंधी प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही करने की मांग की, जिस पर महापौर एवं नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि बछड़ा सुलतानपुर निवासी प्रकाशचंद्र द्विवेदी एवं बलराम मौर्य की अगुवाई में नागरिकों ने पार्षद छोटू यादव के आवास से आलोक द्विवेदी के आवास तक लगभग 100 मीटर लंबी सड़क निर्माण की मांग की।

## जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय आवासीय का निरीक्षण करने पहुचे डीएम



बाराबंकी। विकासखण्ड बनीकोडर अन्तर्गत ग्राम सनौली में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय आवासीय का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर स्मार्ट क्लास रूम, कम्प्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशालाओं एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों, आवासीय व्यवस्थाओं, स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से बात कर मन लगाकर पढ़ाई करने, लक्ष्य निर्धारित करने एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उनकी पढ़ाई, रहन-सहन, उपलब्ध सुविधाओं एवं विद्यालय में संचालित सह-पाठयक्रम गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु किए जा रहे नवाचारों, डिजिटल शिक्षा के उपयोग एवं छात्राओं के समग्र विकास के लिए अपनाई जा रही व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेकर शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। तथा भोजन की गुणवत्ता, मात्रा एवं पोषण स्तर के संबंध में छात्राओं से फीडबैक भी लिया।

## बिना परमिट, फिटनेस के 4 स्कूली वाहन सीज

- पायनियर व रानी लक्ष्मीबाई इण्टर कालेज मे वाहनों का निरीक्षण करने पहुंचे डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर
- फिटनेस, परमिट, बीमा, ड्राइवर लाइसेंस व सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों की जांच
- वाहनों का ऑनलाइन डेटा पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्यः राजकुमार सिंह



बाराबंकी। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा 1 से 15 अप्रैल तक शुरू किये गये विशेष अभियान के तहत आज मंगलवार को उप परिवहन आयुक्त अयोध्या राजकुमार सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या विश्वजीत सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव की संयुक्त टीम ने जनपद मे संचालित कालेजो पायनियर पब्लिक स्कूल, रानी लक्ष्मीबाई इण्टर कालेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप परिवहन आयुक्त अयोध्या ने मोटर वाहन निरीक्षक के साथ स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, ड्राइवर लाइसेंस सहित सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों की सघन जांच की। तथा यूपी इंटीग्रेटेड स्कूली व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल पर वाहन के दस्तावेज, चालक का लाइसेंस, पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, जीपीएस और सीसीटीवी जैसी सुविधाओं का विवरण अपलोड किये जाने को लेकर निर्देशित किया। तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किये जाने की चेतावनी भी दी। एआरटीओ ने बताया कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत वर्ष 2025 मे 56 ड्राइविंग लाइसेन्स व वर्ष 2026 मे 23 ड्राइविंग लाइसेन्स निलंम्बित किये जा चुके है। तो वही यात्री मालकर अधिकारी ने चेकिंग के दौरान 2 बिना परमिट व 2 बिना फिटनेस के स्कूली वाहन को थानो मे निरुद्ध किया। तथा अन्य अभियोगो मे 10 स्कूली वाहनो के चालान किये।

## महिलाओं के मन से भय को समाप्त करना प्राथमिकता



जिला संवाददाता

- मिशन शक्ति केंद्र महिला अधिकारी लगातार कर रही जागरूकता व महिला सुरक्षा कार्यक्रम–विकास चन्द्र त्रिपाठी
- महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति 05 एक महत्वपूर्ण अभियान : एएसपी

बाराबंकी। मिशन शक्ति फेज-05 के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व मे लगातार जागरूकता अभियान और महिला सुरक्षा के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं के मन से भय को समाप्त कर उन्हें समाज में सुरक्षित और सशक्त महसूस कराना है। महिलाओं के लिए एक सुरक्षित माहौल बनाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी व पुलिस टीमो द्वारा गांवों, कस्बों और स्कूलों में जाकर महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक कर रही हैं। तथा वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930, वन स्टॉप सेंटर 181 आदि हेल्पलाइन नम्बरो के साथ महिलाओं को साइबर अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन धोखाधड़ी और घरेलू हिंसा से बचाव के तरीके बताये जा रहे हैं। इसके साथ ही मिशन शक्ति टीमो द्वारा पारिवारिक विवादों को सुलझाकर दम्पतियों को साथ रहने के लिए प्रेरित कर रही है।

## डीएम ने की जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति के साथ बैठक

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति के साथ विशेष बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा एवं स्कूली वाहनों के संचालन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। तथा समस्त विद्यालय प्रबन्धको, प्रधानाचार्यो को स्कूली वाहनों के सुरक्षा मानकों, फिटनेस, और शासन द्वारा विकसित स्कूल वाहन निगरानी पोर्टल पर डेटा अपलोड किये जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक मे जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग अधिकारियों को बिना फिटनेस, बिना परमिट अथवा नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे स्कूली वाहनों के खिलाफ 1-15 अप्रैल तक विशेष जांच अभियान चलाने के कड़े निर्देश भी दिये। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए विद्यालय प्रबंधन यह सुनिश्चित करें।

# सपाइयों ने पूर्व मंत्री स्वः संग्राम सिंह वर्मा को किया नमन

## पूर्व मंत्री की स्मृति में सपा कार्यालय में दो एसी व साउंड सिस्टम स्थापित करने की घोषणा



बाराबंकी। दादा संग्राम सिंह वर्मा बहुत ही नेक दिल मिलनसार स्वभाव के प्रखर व्यक्तित्व थे। जो सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों की सहायता मदद के साथ पूरा मान सम्मान करते थे यही कारण है कि आज जनपद के कोने कोने में दादा को लोग याद कर रहे हैं। उक्त विचार छाया चैराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने पूर्व मंत्री स्वर्गीय दादा संग्राम सिंह वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये कही। पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि संग्राम सिंह वर्मा हमेशा गांव, गरीब गुरबत में रहने वालो के उत्थान के लिए कार्य करते रहते थे। ऐसे महान कर्मयोगी के सपनों को साकार करना व उनके बताए हुए रास्ते पर चलना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि संग्राम दादा के सपने को पूरा करना हम समाजवादियों की नैतिक जिम्मेदारी है। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा ने अपने बड़े भाई संग्राम सिंह वर्मा के पदचिन्हों पर चल उनके कार्य व्यवहार को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हुए उनकी स्मृति में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में दो ए0सी और पूरा साउंड सिस्टम स्थापित करने की घोषणा की। इस मौके पर सदर विधायक धर्मराज सिंह, पूर्व एमएलसी राजेश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालो मे जिला महासचिव हिमांशु यादव, फैजान किदवाई, हुमायूं नईम खान, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप सिंह, दानिश सिद्दीकी, वीरेंद्र प्रधान, प्रीतम सिंह, अजय कुमार वर्मा बबलू, प्रदुमन यादव, ज्ञान सिंह यादव, सरदार रविंदर सिंह पप्पू, धीरज गुलसिया, आशीष सिंह आर्यन आदि प्रमुख नेताओं पदाधिकारियों श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने एसपी से की मुलाकात



बहराइच। महामना मालवीय मिशन, प्रधान संघ व रूल ऑफ लॉ सोसायटी संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने आज नवागंतुक पुलिस अधीक्षक बहराइच से मुलाकात कर जिले में लगातार बढ़ रहे अवैध नशा क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन व कारोबार की ओर ध्यान आकृष्ट कराया तथा इसपर प्रभावी नियंत्रण लगाए जाने की मांग की। विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए जाने में प्रशासन को हर संभव सहयोग का भी वायदा किया। महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष ( अवध ) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया कि, जिले में विशेषकर भारत नेपाल सीमावर्ती इलाकों में अवैध नशा कारोबार, क्रय-विक्रय उपभोग व उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है, मेडिकल स्टोर्स पर भी नशीली दवाइयों की बिक्री ही रही है जिसकी चपेट में आकर सैकड़ों तरुण व युवा बर्बाद हो रहे हैं इसपर प्रभावी नियंत्रण लगाए जाने की आवश्यकता है। प्रतिनिधि मण्डल ने आज पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव से मुलाकात कर जिले में कानून व्यवस्था के प्रभावी संचालन हेतु संवाद एवं समन्वय स्थापित करने हेतु पहल की तथा अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सामूहिक आग्रह किया।

## भारतीय जनता पार्टी ने मनाया अपना 47वां स्थापना दिवस



बहराइच। विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी आज 6 अप्रैल को अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है इस अवसर पार्टी कार्यालय को भव्य रूप से सजाया गया तथा वरिष्ठ नेताओं व पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीन दयाल उपाध्यय व श्यामता प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद सभी अतिथियों का स्वागत के पश्चात उदबोदन शुरू हुआ जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने कार्यकताओं को सम्भोधित करते हुए कहा की 1980 में जब पार्टी की स्थापना हुई थी तब परिस्थितिया विषम थी आज पार्टी कार्यकर्ता इस स्थापना दिवस को एक उत्सव के रूप में मना रहा है जिले भर में बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किये गए है प्रदेश उपाध्यक्ष ' पदम सेन चौधरी ने कहा की पार्टी हमेसा से राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत से प्रेरित होकर समाज सेवा में अग्रणी रही है सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा की भाजपा कार्यकर्ता निश्वार्थ सेवा अटूट समर्पण और सुशासन के प्रति गहरी प्रतिब्धता के लिए जाने जाते है विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा की - भाजपा का मूल मंत्र हमेशा स्पष्ट रहा है, नेशनल फर्स्ट, पार्टी नेक्स्ट, सेल्फ लास्ट। इसी मूल भावना के साथ भाजपा का हर कार्यकर्ता दिन-रात राष्ट्र-सेवा में समर्पित है। पूर्व विधायक मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा की भाजपा ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के साथ देश को तुष्टीकरण से मुक्त, सुशासन, पारदर्शिता को स्थापित करने का कार्य किया है। आज भाजपा केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के सपनों और आकांक्षाओं की प्रतिनिधि बन चुकी है। तथा कार्यक्रम में उन अनगिनत कार्यकर्त्ताओ को भी याद किया गया जिनके समर्पण और बलिदान ने दसको से पार्टी के विकास को आकर दिया है अंत में भारतीय जनता पार्टी व जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकताओं तथा उनके परिजन को सम्मानित किया किया।

## बहराइच में प्रधानों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बहराइच। बहराइच में पंचायत विकास मंच के बैनर तले जिले भर के प्रधानों ने एकत्र होकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रधानों ने पंचायत चुनाव समय से न होने की स्थिति में वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने तथा मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का बकाया भुगतान कार्यकाल समाप्त होने से पहले सुनिश्चित कराने की मांग उठाई। कार्यक्रम के संयोजक सूरज शुक्ला और डॉ. श्याम चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधान संघ जिला अध्यक्ष भगवानदिन मिश्रा, रामसुन्दर पांडे, बुल्लू सिंह, गुलाम वारिश, अफ्फान खान सहित विभिन्न ब्लॉकों के प्रधान और संयोजक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बताया कि मनरेगा 2005 के अंतर्गत पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिससे करोड़ों रुपये की धनराशि बकाया है। इसके चलते प्रधानों पर सामग्री सप्लाई करने वाली फर्मों का भारी दबाव बना हुआ है। प्रधानों ने चिंता जताई कि उनका कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। यदि इससे पहले भुगतान नहीं हुआ तो प्रधानों और सप्लायरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रदेश की पंचायतों का कार्यकाल 26 मई और 19 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है, जबकि वर्तमान परिस्थितियों में समय पर चुनाव कराना कठिन प्रतीत हो रहा है। संगठन ने संभावित देरी के कारणों में मतदाता सूची पुनरीक्षण में विलंब, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और आरक्षण के लिए आवश्यक ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया का अधूरा रहना बताया।

## एसपी ने किया पुलिस कार्यालय परिसर का भ्रमण



बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान महोदय द्वारा कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए जनसूचना कार्यालय, आयोग सेल, एसएमएसी सेल, विशेष जांच प्रकोष्ठ, सम्मन सेल, एलआईयू शाखा, रिट सेल, पासपोर्ट सेल, मॉनीटरिंग सेल, महिला सहायता प्रकोष्ठ, मीडिया सेल, सीसीटीएनएस सेल, आईजीआरएस शाखा, जनशिकायत प्रकोष्ठ, परिवार परामर्श केन्द्र, वाचक एवं प्रधान लिपिक कार्यालय, आंकिक/लेखा शाखा, अपर पुलिस अधीक्षक ( नगर/ग्रामीण ) कार्यालय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, एएचटी थाना, एसजेपीयू, डीसीआरबी, त्रिनेत्र सेल, चुनाव सेल, फीडबैक सेल आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के सही रख-रखाव, पत्रावलियों को समय से अपडेट करने, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, डाटा को नियमित अपडेट रखने तथा कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित रखने, अनुपयोगी अभिलेखों को नियमानुसार हटाने, कार्यालय में साफ-सफाई बनाए रखने तथा कंप्यूटर व अन्य उपकरणों की देखरेख हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्य जिम्मेदारी, समयबद्धता और ईमानदारी के साथ करने के निर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अशोक कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी पयागपुर श्रीमती हर्षिता तिवारी, क्षेत्राधिकारी नानपारा श्री प्रद्युम्न सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## ऑल-न्यू टाटा इंट्रा ईवी पिकअप लॉन्च

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज इलेक्ट्रिक कमर्शियल मोबिलिटी में अपनी नेतृत्व स्थिति को और मजबूत करते हुए ऑल-न्यू टाटा इंट्रा ईवी पिकअप लॉन्च किया है। अपने इलेक्ट्रिक स्मॉल कमर्शियल व्हीकल पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाते हुए, यह नया पिकअप भरोसेमंद इंट्रा प्लेटफॉर्म की मजबूती को खास तौर पर तैयार किए गए इलेक्ट्रिक सिस्टम के साथ जोड़ता है। इसे भारत की बदलती कार्गो जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे यह भरोसेमंद और कमाई बढ़ाने वाला विकल्प बनता है। यह पूरे देश में टाटा मोटर्स के कमर्शियल व्हीकल डीलरशिप्स पर उपलब्ध होगा, जिसकी बेजोड़ कीमत11.95 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है। ग्रीन मोबिलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ऐसे टिकाऊ समाधानों पर केंद्रित है, जो बड़े स्तर पर कारगर साबित हों और भारत की अलग-अलग कमर्शियल जरूरतों के अनुकूल हों। हमारे इलेक्ट्रिक मिनी-ट्रक्स को मिली मजबूत प्रतिक्रिया और 10 शहरों में चल रही इलेक्ट्रिक बसों की सफलता के बाद, हमने इस साल की शुरूआत में नई पीढ़ी के इलेक्ट्रिक ट्रक्स पेश किए। अब इलेक्ट्रिक पिकअप्स के लॉन्च के साथ हम इस दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा रहे हैं।

## राजस्थान में टैफे जेफार्म का उद्घाटन

नयी दिल्ली। ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (टैफे) ने भवानी मंडी, राजस्थान में अपने अनुकूली अनुसंधान केंद्र, कैफे जेफार्म का उद्घाटन किया, जो टिकाऊ कृषि पद्धतियों को साझा करके कृषि उत्पादकता और किसानों की समृद्धि को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। नव उद्घाटित जेफार्म राजस्थान एक अत्याधुनिक तथा एकीकृत कृषि अनुसंधान एवं विकास केंद्र है, जो अपने विभिन्न अनुभागों के माध्यम से किसानों को सहायता प्रदान करता है जिसमें ग्राहक अनुभव केंद्र (सीईसी) जो लाइव प्रदर्शनों और इंटरैक्टिव अनुभवों के माध्यम से टैफे की उत्पाद श्रृंखला का निदर्शन करता है और उत्पाद प्रशिक्षण केंद्र (पीटीसी) जो डीलरों, सेवा कर्मियों और किसानों के लिए व्यावहारिक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करता है। जबकि किसान संपर्क केंद्र ज्ञान प्रसार, सर्वोत्तम पद्धतियों और आधुनिक कृषि तकनीकों पर जानकारी उपलब्ध कराता है।

## सीटी 2.0 ने मेघालय को वैश्विक पाक मानचित्र पर स्थापित किया

शिलांग। सीटी 2.0, एक अभूतपूर्व पाँच दिवसीय पाक-आधारित इमर्शन पहल, ने लगभग 50 शेफ, क्रिएटर्स और स्टोरीटेलर्स को एक ऐसे अनुभव के लिए एकत्र किया, जिसे मेघालय में पारंपरिक फूड टूरिज्म से आगे बढ़कर डिजाइन किया गया था। सामान्य फूड फेस्टिवल्स से अलग, सीटी 2.0 ने गहन सांस्कृतिक जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित किया, जहाँ प्रतिभागियों ने मेघालय को उसकी समुदायों, परिदृश्यों और परंपराओं के माध्यम से अनुभव किया। सीटी मूवमेंट खाद्य उद्योग से जुड़े लोगों के लिए एक ऐसा मंच है, जहाँ वे विभिन्न स्थानों पर एकत्र होकर न केवल उस स्थान का अनुभव करते हैं, बल्कि फीडर्स की उदारता का भी उत्सव मनाते हैं। अतिथि एक-दूसरे को या पर्यावरण को कुछ लौटाते हैं। उदारता के मूल सिद्धांत पर आधारित यह पहल अतिथि देवो भवः की भावना को पुनर्जीवित करने का प्रयास करती है, जिससे सम्मान, खुलेपन और साझा मूल्यों की संस्कृति विकसित हो। क्षणिक जुड़ाव के बजाय, यह पहल आयोजन से परे दीर्घकालिक विचारों, सहयोग और बौद्धिक पूंजी का निर्माण करती है। इस वर्ष, सीटी 2.0 मेघालय एक्सपीरियंस ने कुछ अलग करने का निर्णय लिया। अपने मिशन को ध्यान में रखते हुए, हमने यह समझने का प्रयास किया कि हम उत्तर-पूर्व में किस प्रकार काम कर सकते हैं और अपने स्टोरीटेलर्स को इससे कैसे जोड़ सकते हैं, ताकि वे मेघालय के भोजन, शिल्प और संस्कृति को आगे ले जा सकें।

## चीन ने फिर बढ़ाये पेट्रोल-डीजल के दाम

बीजिंग। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में तेजी के बीच चीन ने करीब 15 में दूसरी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। यह नई वृद्धि बुधवार से लागू होगी। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध को लेकर संभावित ईंधन संकट की आशंकाओं के बीच चीन ने इससे पहले 23 मार्च को भी पेट्रोल तथा डीजल की कीमतें बढ़ाई थीं।

# सेंसेक्स में 510 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के पार पहुंच गया। कच्चे तेल के दाम में नरमी और दुनिया के अन्य बाजारों में तेजी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

इसके अलावा, आईटी शेयरों में लिवाली से शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में सुधार हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 509.73 अंक यानी 0.69 प्रतिशत बढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह उंचे में 74,686.32 अंक तक गया और नीचे में 73,282.41 अंक तक आया। इससे बाजार में l,403.91 अंक का उतार-चढ़ाव आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 155.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत चढ़कर 23,123.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत टूटकर 109 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। भारतीय बाजारों में कारोबार के दौरान तेज सुधार देखने को मिला। निफ्टी ने शुरुआती नुकसान से उबरते हुए उच्च स्तर हासिल किया। यह सुधार मुख्य रूप से सौदों को पूरा करने के लिए की गयी लिवाली और चुनिंदा क्षेत्रों की मजबूती के कारण हुआ है न कि चौतरफा खरीदारी के कारण। आज की तेजी का एक प्रमुख कारण सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों का मजबूत प्रदर्शन है। घरेलू बाजार में सुधार का रुख जारी रहा। हालांकि, कच्चे तेल की उंची कीमतों और ईरान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की समय सीमा को लेकर जारी आशंकाओं के कारण सत्र की शुरुआत कमजोर रही। मुख्य रूप से बढ़त आईटी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और धातु क्षेत्रों में सीमित रही...। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,671 में बढ़त दर्ज की गई, जबकि l,555 शेयरों में गिरावट आई और 155 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था। जबकि अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 8,167.17 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 8,088.70 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# रुपया 10 पैसे टूटकर 93 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। रुपया मंगलवार को 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.00 (अस्थायी) पर रहा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की समयसीमा और भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले निवेशकों में चिंता बनी रही, जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव देखा गया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अस्थिर वैश्विक हालात के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की उंची कीमतों के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले दबाव में बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 93.05 पर खुला। इसके बाद इसमें गिरावट आई और यह 93.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे कम है। हालांकि, कारोबार के दौरान रुपया 92.86 प्रति डॉलर के उच्च स्तर तक भी गया। अंत में रुपया 93.00 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की गिरावट है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सट्टेबाजी पर रोक लगाने और मुद्रा में उतार-चढ़ाव कम करने के लिए उठाए गए कदमों के बाद, सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे मजबूत होकर 92.90 पर बंद हुआ था। आरबीआई ने सट्टेबाजी पर नियंत्रण के लिए नियम सख्त किए हैं और बैंकों की नेट ओपन पोजिशन (बैंकों के पास शुद्ध रूप से रखी जाने वाली राशि) की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय की है। इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दर तय करने वाली समिति ने सोमवार से चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर तीन दिन की बैठक शुरू कर दी है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का निर्णय बुधवार को घोषित किया जाएगा। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत घटकर 99.83 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.61 डॉलर प्रति बैरल रहा। घरेलू शेयर बाजार की बात करें तो सेंसेक्स 509.73 अंक चढ़कर 74,616.58 अंक पर रहा, जबकि निफ्टी 155.40 अंक बढ़कर 23,123.65 अंक पर पहुंच गया।

## पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित कारोबारों के लिए 2.5 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना पर विचार

नयी दिल्ली। सरकार पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित कारोबारों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को राहत देने के लिए 2.5 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना लाने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस योजना के तहत अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण उधारकर्ताओं द्वारा ऋण चुकाने में चूक होने की स्थिति में उधारदाताओं को 100 करोड़ रुपये तक के ऋणों पर करीब 90 प्रतिशत की ऋण गारंटी प्रदान की जाएगी। बैंक ऋण पर यह गारंटी नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी देगी जो सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। इस योजना के लिए सरकार को करीब 17,000 करोड़ से 18,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करना होगा। सूत्रों ने बताया कि ऐसी ही योजना कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भी लागू की गई थी, जो काफी सफल रही और विभिन्न क्षेत्रों के कई कारोबारों को काम जारी रखने एवं बकाया चुकाने में मदद मिली। सरकार ने मई 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आपात ऋण गारंटी योजना शुरू की थी। इसका उद्देश्य कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न व्यवधान के बीच पात्र एमएसएमई और अन्य कारोबारी इकाइयों को परिचालन देनदारियां पूरी करने और कारोबार फिर से शुरू करने में मदद देना था।

## टोल प्लाजा पर नकद में नहीं होगा भुगतान और यूपीआई से देना होगा अधिक शुल्क



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर 10 अप्रैल से टोल प्लाजा पर नकद भुगतान नहीं होगा। मंत्रालय ने राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा है कि यदि कोई वाहन वैध फास्टैग के बिना टोल प्लाजा में प्रवेश करता है, तो उपयोगकर्ता एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। लेकिन उन्हें लागू टोल शुल्क का 1.25 गुना भुगतान करना होगा।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य टोल प्लाजा पर लंबी कतारों को कम करना और यात्रियों के लिए राजमार्ग यात्रा को सुगम बनाना है। अधिकारी ने कहा कि 10 अप्रैल से टोल बूथ पर नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा और फास्टैग टोल वसूली का प्राथमिक माध्यम बना रहेगा। वैध फास्टैग के बिना आने वाले वाहनों के लिए यूपीआई वैकल्पिक भुगतान विकल्प के रूप में काम करेगा। यदि कोई वाहन चालक बिना फास्टैग या वैध फास्टैग के शुल्क प्लाजा में प्रवेश करता है और यूपीआई के माध्यम से शुल्क का भुगतान करने का विकल्प चुनता है, तो उसे नियम चार के उप-नियम (दो) के प्रावधानों के अनुसार उस श्रेणी के वाहन पर लागू शुल्क का 1.25 गुना भुगतान करना होगा। अधिसूचना में कहा गया है, ...यदि वाहन मालिक या चालक इस नियम के तहत निर्दिष्ट तरीके से शुल्क का भुगतान करने का विकल्प नहीं चुनता है, तो ऐसे वाहन के साथ नियम 14 के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एसआईपीबी ने दी 39436 करोड़ के 31 निवेश प्रस्तावों को मंजूरी

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य निवेश संवर्धन बोर्ड (एसआईपीबी) की 16वीं बैठक में 39,436 करोड़ रुपये से अधिक के 31 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, नायडू की अध्यक्षता में हुई 16वीं एसआईपीबी बैठक में 39,436.84 करोड़ रुपये के निवेश वाली 31 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। एसआईपीबी ने अमरावती क्वांटम वैली में तीन कंपनियों की स्थापना को भी मंजूरी दी जिससे उन्नत प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में राज्य की पहल को मजबूती मिलेगी। बयान के अनुसार, उद्योग, ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं पर्यटन जैसे क्षेत्रों से जुड़ी इन परियोजनाओं से l,11,278 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि आंध्र प्रदेश को सौर ऊर्जा का प्रमुख केंद्र बनना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को अन्य राज्यों को बिजली आपूर्ति के लिए पारेषण प्रणाली तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने पटाखा निर्माण और दुग्ध इकाइयों जैसे क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन पर विशेष जोर दिया। नायडू ने साथ ही कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर जमीन पर उतारा जाए।

# खुदरा क्षेत्र की आय में जोरदार बढ़ोतरी



नयी दिल्ली। घरेलू मांग में मजबूती और बेहतर व्यापक आर्थिक स्थितियों के सहारे देश की प्रमुख खुदरा कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में अपनी आय में दोहरे अंक की जोरदार वृद्धि दर्ज की है।

शेयर बाजार में सूचीबद्ध ट्रेंट, एवेन्यू सुपरमार्ट्स (डी-मार्ट) और वी-मार्ट जैसी कंपनियों ने अपने हालिया तिमाही विवरण में लगभग 20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की है। इस बढ़ोतरी में नए स्टोर खोलने की आक्रामक रणनीति और स्थिर खपत के रुझान का बड़ा हाथ रहा। मार्च (2025-26) तिमाही में अपनी एकल आय 20 प्रतिशत बढ़कर 4,937 करोड़ रुपये रहने की जानकारी दी है, जो एक साल पहले मार्च तिमाही में 4,106 करोड़ रुपये थी। ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी ने बताया कि मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और पूरे वर्ष के दौरान उत्पादों की बिक्री से आय में क्रमशः 21 प्रतिशत और 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ट्रेंट ने इस दौरान 22 वेस्टसाइड और 109 जूडियो स्टोर खोले हैं। आय में हुई यह वृद्धि मुख्य रूप से स्टोर नेटवर्क विस्तार के कारण है, न कि केवल पुराने स्टोर की बिक्री (एलएफएल) बढ़ने से। दमानी परिवार द्वारा एकल आय मार्च तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 17,204.50 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल इसी तिमाही में 14,462.39 करोड़ रुपये थी। 31 मार्च, 2026 तक कंपनी के कुल स्टोर की संख्या 500 पहुंच गई है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में उसकी कुल आय 24 प्रतिशत बढ़कर 971 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले साल 780 करोड़ रुपये थी। पश्चिम एशिया में गहराते तनाव की चिंताओं के बावजूद इन कंपनियों ने बिक्री की मात्रा और कीमत दोनों स्तरों पर सकारात्मक प्रदर्शन किया है। घरेलू खपत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों (संघर्ष वाले क्षेत्रों को छोड़कर) से मिली मजबूती ने इस वृद्धि में योगदान दिया है।

# कच्चे तेल का वायदा भाव 10888 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर




नयी दिल्ली। कच्चे तेल का वायदा भाव मंगलवार को 300 रुपये की बढ़त के साथ 10,888 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

आपूर्ति को लेकर लगातार चिंताओं एवं पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण कीमतों में यह तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अप्रैल में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंध का भाव 300 रुपये या 2.83 प्रतिशत चढ़कर अपने अब तक के सबसे उच्च स्तर 10,888 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह मई में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत एमसीएक्स पर 170 रुपये या 1.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 9,485 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक आपूर्ति के जटिल हालात और ऊर्जा निर्यात के लिए महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बाद यह तेजी आई, क्योंकि व्यापारियों को आपूर्ति में संभावित बाधा और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर चिंता बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मई में आपूर्ति वाले वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चे तेल का वायदा भाव 4.14 डॉलर या 3.7 प्रतिशत की बढ़त के साथ 116.55 डॉलर प्रति बैरल हो गया। वहीं ब्रेंट तेल के जून में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 1.5 प्रतिशत चढ़कर 111.40 डॉलर प्रति बैरल हो गई।

## पेज एक का शेष

### 22 राज्यों

39 करोड़ मतदाताओं को 17 राज्यों और पांच केंद्र शासित प्रदेशों में प्रस्तावित एसआईआर की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। बीते 19 फरवरी को निर्वाचन आयोग ने दिल्ली सहित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा था कि वो एसआईआर से संबंधित प्रारंभिक कार्य जल्द से जल्द पूरा करें, क्योंकि यह कवायद अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। एक बार इन राज्यों में यह कवायद पूरी होने के बाद पूरे देश में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के अखिल भारतीय एसआईआर का आदेश पिछले साल जून में दिया गया था। विभिन्न कारणों से एसआईआर से जुड़े कार्यक्रम में बार-बार बदलाव हुआ। बिहार की तरह राजनीतिक दलों ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। हाल ही में तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने व्यक्तिगत रूप से अपने राज्य में एसआईआर के खिलाफ प्रधान न्यायाधीश की पीठ के समक्ष गुहार लगाई थी। जब निर्वाचन आयोग बिहार में एसआईआर की तैयारी कर रहा था तब इसके कई अधिकारियों ने दावा किया था कि उनके जमीनी स्तर के पदाधिकारियों को बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमा के कई नागरिक मिले थे।

### आज रात हो

के साथ दोनों पक्षों की ओर से बयानबाजी चरम पर पहुंच गई, जिससे ईरानी नागरिकों की चिंता बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने धमकी दी है कि यदि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से नहीं खोलता, तो उसके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों को नष्ट कर दिया जाएगा। इस जलडमरूमध्य के रास्ते शांति काल में दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है।

ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि उनके सहित 1.4 करोड़ लोगों ने युद्ध लड़ने के लिए स्वेच्छा से अपनी सेवाएं देने की पेशकश की है। यह स्पष्ट नहीं है कि हालिया हवाई हमले ट्रंप की पुलों पर हमले की धमकी से जुड़े थे या नहीं। कम से कम दो लक्ष्य ईरान के रेल नेटवर्क से जुड़े थे, जिस पर इजराइल ने पहले हमले की चेतावनी दी थी। इजराइल ने ईरान की अर्थव्यवस्था को झटका देने के उद्देश्य से किए जा रहे हमलों की संख्या में लगातार वृद्धि की है। वहीं, ईरान ने इजराइल और सऊदी अरब पर मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं, जिसके चलते एक प्रमुख पुल को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। ईरान हालांकि, उन्नत अमेरिकी और इजराइली हथियारों या हवाई प्रभुत्व का मुकाबला नहीं कर सकता, लेकिन जलडमरूमध्य पर उसकी पकड़ विश्व अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचा रही है, जिससे ट्रंप पर देश और विदेश दोनों जगह से इस गतिरोध से बाहर निकलने का रास्ता खोजने का दबाव बढ़ रहा है। कूटनीति के रास्ते संकट को सुलझाने की प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों ने कहा कि बातचीत जारी है - लेकिन ईरान ने नवीनतम अमेरिकी प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, और यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के संभावित हमलों को रोकने के लिए समय पर कोई समझौता हो पाएगा या नहीं।

### 1.4 करोड़

बमबारी की जाएगी। यह संख्या पहले सरकारी मीडिया द्वारा बताए गए स्वयंसेवकों के आंकड़ों से लगभग दोगुनी है। सरकार युद्ध के दौरान संदेशों और मीडिया के जरिए लोगों से इस तरह के स्वयंसेवी अभियान में शामिल होने की अपील कर रही है। लगभग नौ करोड़ की आबादी वाले ईरान में कई लोग सरकार से नाराज भी हैं, खासकर देशभर में हुए प्रदर्शनों पर की गई सख्त कार्वाई को लेकर। माना जा रहा है कि 1.4 करोड़ का यह आंकड़ा संभावित अमेरिकी हमले को रोकने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया है। पेजेश्कियन ने कहा, 1.4 करोड़ से अधिक ईरानी लोगों ने अभियान में अपनी जान देने के लिए तैयार रहने का इरादा जताया है। मैं भी ईरान के लिए अपनी जान देने के लिए पहले भी तैयार था, अब भी हूं और आगे भी रहूंगा।

### योगी सरकार

अतिरिक्त व्यय भार भी प्रदेश सरकार उठाएगी। संदीप सिंह ने बताया कि इसी प्रकार अंशकालिक अनुदेशकों को भी बड़ी राहत दी गई है। वर्ष 2017 में निर्धारित 9,000 रुपये मानदेय को बढ़ाकर अब 17,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। प्रदेश के 13,769 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वर्तमान में 24,717 अंशकालिक अनुदेशक कार्यरत हैं। इस वृद्धि से राज्य सरकार पर 217.50 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बढ़ा हुआ मानदेय 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा और मई माह में दिए जाने वाले भुगतान में यह वृद्धि शामिल होगी।

### पवन खेड़ा

प्रक्रिया में सहयोग कर रही है। यह घटनाक्रम रविवार को खेड़ा द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद हुआ है, जिसमें उन्होंने शर्मा की पत्नी के पास तीन पासपोर्ट रखने और चुनावी हलफनामे में संपत्ति संबंधी जानकारी छिपाने का आरोप लगाया गया था। पलटवार करते हुए, शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उनकी पत्नी के खिलाफ निराधार और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाने के लिए एक पाकिस्तानी सोशल मीडिया ग्रुप से प्राप्त गलत सूचना का उपयोग किया। उन्होंने इसे असम चुनावों को प्रभावित करने का एक प्रयास और एक दंडनीय अपराध करार दिया। डीसीपी ने बताया कि खेड़ा के बयान को लेकर शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### यूपी समेत

प्रभावित हो गया।

गाजियाबाद-नोएडा, बदायूं और हाथरस में भी तेज बारिश हुई। बदायूं में दिन में अंधेरा छा गया। आगरा में आंधी से मैरिज हॉल का गेट गिर गया, जिसमें एक ऑटो दब गया। हालांकि, ऑटो का ड्राइवर बाल-बाल बच गया। हाथरस में 40 किमी की रफ्तार से तेज आंधी चली। 10 से ज्यादा पेड़ गिर गए, बिजली के पोल और तार टूट गए, जिससे कई इलाकों में बिजली सप्लाई ठप हो गई। इससे पहले, सुबह लखनऊ, मेरठ और गाजियाबाद में बूंदाबांदी हुई थी। मुरसान-सादाबाद रोड पर पेड़ गिरने से जाम लग गया और आवागमन प्रभावित हुआ। वहीं कुछ जगहों पर बिजली के तार भी टूट गए, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित रही। करीब आधे घंटे तक हुई बारिश के बाद मौसम में ठंडक आ गई। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विभाग ने आज 34 जिलों में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया था। बारिश और तेज हवाओं से प्रदेश के औसत तापमान में 4-5 डिग्री की गिरावट हुई है। पिछले 4 दिन की बात करें तो वाराणसी-कानपुर समेत 43 जिलों में बारिश हुई। मथुरा, संभल और जालौन समेत 10 शहरों में ओले गिरे। आंधी-बिजली गिरने से 15 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रयागराज में दिनभर कड़क धूप के बाद शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली। तेज आंधी के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। गरज और चमक के बीच हुई इस बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। कानपुर में कोका-कोला क्रॉसिंग पर अचानक मौसम बदल गया है। तेज हवाएं चल रही हैं। हल्की बूंदाबांदी भी शुरू हो गई है। संभल में आज तेज हवाओं के बाद हुई झमाझम बारिश से मौसम बदल गया। दिन की तुलना में शाम को तापमान में करीब 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। करीब 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं के बाद तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, बारिश के बाद एयर क्वालिटी इंडेक्स (अदक) 101 दर्ज किया गया।

दो दिन पहले हुई ओलावृष्टि के बाद एक बार फिर बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ था। अब बारिश से फसल दोबारा गीली होकर पूरी तरह खराब हो गई है। गेहूं, मक्का और सरसों की खेती करने वाले किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। जालौन के उरई क्षेत्र में मंगलवार दोपहर अचानक तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब 10 मिनट तक हुई बारिश ने पहले से प्रभावित फसलों पर और संकट खड़ा कर दिया। बीते शनिवार और रविवार को हुई भारी ओलावृष्टि ने किसानों की लगभग 90 प्रतिशत फसल पहले ही बर्बाद कर दी थी। गेहूं और चना जैसी प्रमुख फसलें पूरी तरह चौपट हो चुकी हैं।

### जम्मू-कश्मीर

गत कुछ दिनों में, जांचकर्ताओं ने जम्मू और कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा सहित 19 स्थानों पर छापेमारी की और चार एके असॉल्ट राइफलों सहित बड़ी मात्रा में हथियार और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय कर की गई जांच के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को साजो-सामान और वित्तीय सहायाता करने वाले एक विशाल नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए पांच लोगों में से तीन श्रीनगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि मोहम्मद नकीब भट, आदिल राशिद भट और गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा को आतंकवादियों को आश्रय और भोजन सहित सामरिक सहायता प्रदान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### पीएम 14 को

सके। मुख्यमंत्री धामी ने आम जनता से भी इस अवसर में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान अधिक से अधिक लोग तिरंगा लेकर शामिल हों और पूरे राज्य में उत्सव का माहौल बनाया जाए। साथ ही, कार्यक्रम से पहले प्रदेशभर में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश देते हुए उन्होंने स्वच्छ और सुंदर वातावरण में आयोजन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इकोनॉमिक कॉरिडोर के महत्व को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके शुरू होने से दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएगी। इससे पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही व्यापार और निवेश के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह परियोजना राज्य में रोजगार सृजन के नए द्वार खोलेगी और परिवहन तथा लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह परियोजना राज्य को राष्ट्रीय आर्थिक गतिविधियों से और अधिक सशक्त रूप से जोड़ेगी और भविष्य में प्रदेश की प्रगति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

### हिन्दुस्तान

भावना को बढ़ावा देते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं समारोह में विशिष्ट अतिथियों में सुषमा खर्कवाल महापौर, शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक मुकेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की और उनके निरंतर प्रगति की कामना की। इस आयोजन में शहर एवं प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करना एवं उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना है। हिन्दुस्तान ओलम्पियाड एक सफल एवं प्रेरणादायक पहल के रूप में उभरकर सामने आया, जिसने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच प्रदान किया।

### मणिपुर में

वाहनों को जला दिया और शिविर के कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ की, जिसके कारण सुरक्षाकर्मियों को गोलीबारी करनी पड़ी। उन्होंने या तो आत्मरक्षा में या गुस्से में गोली चलाई।




# राजस्थान ने मुंबई को दिया 151 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : जायसवाल की फिफ्टी, सूर्यवंशी ने 14 बॉल पर 39 रन बनाए

एजेंसी




गुवाहाटी। आईपीएल का 13वां मैच मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच गुवाहाटी में खेला जा रहा है। मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। राजस्थान ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 132 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल और शिमरोन हेटमायर क्रीज पर हैं। जायसवाल ने 17वीं फिफ्टी बनाई है। कप्तान रियान पराग 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अल्लाह गजनफर ने तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। गजनफर ने ध्रुव जुरेल (2 रन) को भी आउट किया। वैभव सूर्यवंशी (14 बॉल पर 39 रन) को शार्दूल ठाकुर ने कैच आउट कराया। 10वें ओवर में यशस्वी जायसवाल ने जसप्रीत बुमराह की बॉल पर छक्का लगाया।

इसी के साथ जायसवाल ने कढछ में 100 छक्के पूरे कर लिए हैं। 9वें ओवर में राजस्थान ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान रियान पराग 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अल्लाह गजनफर ने तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। गजनफर ने ध्रुव जुरेल (2 रन) को भी आउट किया। 8वें ओवर में यशस्वी जायसवाल ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 23 बॉल पर फिफ्टी लगाई। जायसवाल ने आईपीएल में 17वीं फिफ्टी लगाई है। उन्होंने हार्दिक पंड्या की तीसरी बॉल पर चौका लगाया और अर्धशतक पूरा किया। छठे ओवर की चौथी बॉल पर राजस्थान ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर ध्रुव जुरेल 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अल्लाह गजनफर ने छइह कर दिया। पिछले ओवर में वैभव सूर्यवंशी आउट हुए। गजनफर को आईपीएल में पहला विकेट मिला है। 5वें ओवर की आखिरी बॉल पर राजस्थान ने पहला विकेट गंवाया। यहां पर वैभव सूर्यवंशी 14 बॉल पर 39 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शार्दूल ठाकुर ने तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। राजस्थान के ओपनर्स ने अपनी टीम को विस्फोटक शुरूआत दिलाई है। दोनों 3.2 ओवर के पावरप्ले में बिना नुकसान के 59 रन बना डाले हैं। राजस्थान ने 16 बॉल पर 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। यह आईपीएल में दूसरी सबसे तेज फिफ्टी है ।तीसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने 22 रन लिए। इसमें 3 छक्के शामिल रहे। वैभव ने बुमराह के पहले ओवर में 14 रन बनाए। इनमें दो छक्के शामिल रहे। वैभव ने बुमराह के पहले ओवर में 14 रन बनाए। इनमें दो छक्के शामिल रहे। वैभव सूर्यवंशी ने दूसरा ओवर डाल रहे जसप्रीत बुमराह की पहली बॉल पर छक्का लगाया। उन्होंने बुमराह के इस ओवर में 14 रन बनाए। इनमें दो छक्के शामिल रहे। यशस्वी जायसवाल ने पहले ओवर में 22 रन बनाए। उन्होंने दीपक चाहर की बॉल पर 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 4 चौके और एक छक्का शामिल रहा। जायसवाल ने चौके से राजस्थान की पारी की शुरूआत की।

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। मुंबई में हार्दिक पंड्या और ट्रेंट बोल्ट वापसी कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से द्विपक्षीय संबंधों को फिर से शुरू करने का अनुरोध किए जाने के कुछ ही दिन बाद देश की राष्ट्रीय खेल परिषद (एनएससी) ने पूर्व कप्तान और बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल को मंगलवार को पद से हटा दिया और नए चुनाव होने तक बोर्ड के दैनिक कामकाज को चलाने के लिए तदर्थ समिति का गठन किया है। बीसीबी के सूत्रों के अनुसार बुलबुल को मुख्य रूप से टी20 विश्व कप के दौरान हुए विवाद के कारण हटाया गया। उस समय तत्कालीन अंतरिम सरकार के सलाहकार आसिफ नजरुल ने पूर्व कप्तान को एक तरह से अपने काबू में कर लिया था और राष्ट्रीय टीम को इस वैश्विक प्रतियोगिता के लिए भारत जाने की अनुमति नहीं दी थी। भारत-विरोधी कट्टरपंथी नजरुल का रुख यह था कि आईपीएल से मुस्ताफिजुर रहमान को हटाए जाने के विरोध के तौर पर बांग्लादेश के टी20 विश्व कप के मुकाबलों को कोलकाता और मुंबई से हटाकर श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिया जाए।

इस पूरे मामले के दौरान बुलबुल केवल मूक दर्शक बने रहे और पिछले कुछ दिनों में उनके कारण बीसीबी के छह निदेशकों ने इस्तीफा दे दिया। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान और देश के महानतम सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल को 11 सदस्यीय तदर्थ का प्रमुख बनाया गया है। इस समिति की जिम्मेदारी अगले 90 दिन के भीतर क्रिकेट बोर्ड के चुनाव करवाना है। एनएससी के निदेशक अमीनुल एहसान के अनुसार बीसीबी के मौजूदा बोर्ड को भंग करने और तदर्थ समिति गठित करने के फैसले की सूचना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को दे दी गई है। हालांकि आईसीसी के नियम बोर्ड के मामलों में सरकार या किसी बाहरी संस्था के हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देते लेकिन फिर भी इस बात की संभावना कम ही है कि यह वैश्विक संस्था बीसीबी पर प्रतिबंध लगाएगी क्योंकि एनएससी द्वारा चुनाव कराने के लिए समय सीमा पहले ही घोषित की जा चुकी है। तमीम की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति में अतर अली खान, रश्ना इमाम, मिर्जा यासिर अब्बास, सैयद इब्राहिम अहमद, मिन्हाजुल अबेदिन नानू, इशराफिल खुसरो, तंजीम चौधरी, सलमान इस्पहानी, रफीकुल इस्लाम और फहीम सिन्हा शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ साल पहले तक नजफगढ़ में रहने वाले रेलवे सुरक्षा बल के सहायक सब इंस्पेक्टर (एएसआई) राम निवास यादव अपने सबसे छोटे बेटे प्रिंस के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित थे, जिसकी दिलचस्पी केवल टेनिस बॉल टूर्नामेंट में यॉर्कर गेंदबाजी करने में थी। लेकिन इस युवा क्रिकेटर को खुद पर भरोसा था और उसने अपने पिता से सीधे शब्दों में कह दिया, आप मेरी चिंता करना छोड़ दो। मैं अपने से कुछ कर लूंगा। अब बात करते हैं 2026 की। वह बेपरवाह दिखने वाला लड़का अपने वादे पर खरा उतर चुका है।

# गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर रहेगी नजर

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी मजबूती बनाए रखना है तो बुधवार को यहां होने वाले मैच में गुजरात टाइटंस की लड़खड़ाती टीम के खिलाफ केएल राहुल की अगुवाई वाले उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने गेंदबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे वह पिछले कुछ मैच जीतने में सफल रही। बल्लेबाजी में उसकी तरफ से 22 वर्षीय समीर रिजवी ने अधिक जिम्मा संभाला है। इस युवा बल्लेबाज ने अपने धैर्य और कौशल का शानदार नमूना पेश करके प्रभावित किया है। अगर राहुल और शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज लय में आ जाते हैं, तो दिल्ली कैपिटल्स और भी मजबूत टीम बन जाएगी। राहुल अपनी शुरुआती दो पारियों में जिस तरह से आउट हुए हैं, उसके लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता और वह किसी भी समय बड़ी पारी खेल सकते हैं। तीसरे नंबर पर हालांकि नीतीश राणा असफल रहे हैं और लग रहा है कि वह इस नंबर पर ज्यादा दबाव महसूस कर रहे हैं। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने यहां पिछले मैच में




अपनी लय हासिल कर ली थी, जिससे उन्हें पावरप्ले में गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाजों कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज की जोड़ी का सामना करने के लिए जरूरी आत्मविश्वास मिलेगा। आईपीएल में लगातार तीसरा अर्धशतक (एक अर्धशतक पिछले सत्र के अपने आखिरी




मैच में लगाया था) लगाने वाले रिजवी आक्रामक फॉर्म में हैं। उनमें स्पिनरों की जमकर धुनाई करने की क्षमता तो पहले से थी ही, लेकिन अब वह तेज गेंदबाजों को भी नहीं बख्श रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने पारी के शुरू में संयमित रवैया अपनाया लेकिन बाद में उन्होंने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपनी टीम को आसान जीत दिलाई।

दिल्ली की तरफ से गेंदबाजों में मुकेश कुमार ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, वहीं कप्तान अक्षर पटेल पावरप्ले और बीच के ओवरों दोनों में प्रभावी रहे हैं। लुंगी एनगिडी ने दिल्ली की गेंदबाजी इकाई को मजबूती प्रदान की है, जिसमें टी नटराजन और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी शामिल हैं। इसके विपरीत गुजरात टाइटन्स एक ऐसी टीम है जो दोनों विभाग में लड़खड़ा रही है। गुजरात टाइटन्स अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर जरूर से ज्यादा निर्भर नजर आ रही है और उसका मध्यक्रम नहीं चल पा रहा है। गुजरात टाइटन्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 205 रन का लक्ष्य से हासिल कर लेना चाहिए था, लेकिन सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन से मिली अच्छी शुरुआत का मध्यक्रम के बल्लेबाज फायदा नहीं उठा सके। ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों को दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। कप्तान शुभमन गिल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछला मैच नहीं खेल पाए थे।

## संक्षेप

### ध्रुव श्योराण को गोल्फ चैंपियनशिप में बढ़त

विशाखापत्तनम। ध्रुव श्योराण ने पहले दौर में चार अंडर 67 के स्कोर के साथ मंगलवार को यहां एक करोड़ रुपये इनामी आंध्र ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में बढ़त बना ली। ध्रुव ने एस चिकारंगप्पा और खलिन जोशी की बेंगलुरु की जोड़ी पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है। चिकारंगप्पा और जोशी तीन अंडर 68 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। ध्रुव अभी पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 11वें स्थान पर हैं। मौजूदा सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त छठा स्थान हैं जो उन्होंने पिछले महीने अहमदाबाद में इंडोरामा वेंचर्स ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में शामिल किया था। अंगद चीमा 69 के स्कोर से संयुक्त चौथे जबकि सप्तक तलवार एक अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर हैं।

### विराट कोहली ने की धुरंधर की तारीफ

नयी दिल्ली। चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल की व्यस्तता के बावजूद धुरंधर 2 देखी और सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जमकर तारीफ करते हुए कहा कि वह चार घंटे तक स्क्रीन से नजरें नहीं हटा सके। कामयाबी का इतिहास रच चुकी आदित्य धर की धुरंधर का दूसरा भाग 19 मार्च को रिलीज हुआ और अब तक फिल्म दुनिया भर में 1600 करोड़ रूपये से अधिक का व्यवसाय कर चुकी है। गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिये आईपीएल खेल रहे कोहली ने फिल्म देखने के बाद इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा , धुरंधर देखी और सच कहूं तो, भारत में बनी ऐसी फिल्म मैंने पहले कभी नहीं देखी। पूरी फिल्म में हर तरह के जज्बात उभर आए। उन्होंने आगे लिखा , लगभग चार घंटे तक मैं एक बार भी बोर नहीं हुआ और आंखें भी नहीं हटाईं। आदित्य धर, आपकी प्रतिभा और मेहनत पूरी फिल्म में साफ दिख रही है। आपको सलाम है। कोहली ने धर की तारीफ करते हुए आगे लिखा , आप सच में जीनियस हो। सभी एक्टर्स ने अच्छा काम किया लेकिन रणवीर सिंह , इस फिल्म के बाद आपका लेवल ही अलग हो गया है।

# लखनऊ में बास्केटबॉल का रोमांच युवा खिलाड़ियों ने दिखाया दम

खेल संवाददाता

लखनऊ। विद्याज्ञान स्कूल ने सुपर गोल्डन लीग 3/3बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-12 व अंडर-14 फाइनल में रोमांचक जीत के साथ विजेता ट्रॉफी जीती। रॉयल स्पोर्ट्स गंज स्टेडियम (आरएसजी), लखनऊ में

**सुपर गोल्डन लीग 3/3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता**

हाल ही में आयोजित प्रतियोगिता में शहर की कई प्रतिभाशाली टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान खेले गए फाइनल में सीनियर महिला वर्ग में फोर वारियर्स ने बेहद रोमांचक मुकाबले में जीडी गोयनका 6-5 से पराजित किया। वहीं अंडर-21 बालक वर्ग में एबीए बॉलर्स ने जीडी गोयनका को 6-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। अंडर-17 फाइनल में एलाइट टीम ने स्विस स्क्वाड को 9-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-14 वर्ग के रोमांचक फाइनल में विद्याज्ञान ने अतिरिक्त समय तक चले मैच में



एलाइट को 10-9 से हराया। वहीं अंडर-12 फाइनल में विद्याज्ञान ने जनता इंटर कॉलेज को 8-5 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी जीती। समापन समारोह में मुख्य अतिथि स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) एवं रॉयल स्पोर्ट्स गंज स्टेडियम (आरएसजी), लखनऊ के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने पुरस्कार वितरित किए।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के टूनार्मेंट युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करती हैं तथा अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करती हैं।

# पलक व मुकेश का विश्व रिकॉर्ड, जीता स्वर्ण

एजेंसी

ग्रेनाडा (स्पेन)। भारतीय निशानेबाज पलक और मुकेश नेलावल्ली ने मंगलवार को यहां राइफल और पिस्टल के आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

पलक और मुकेश की भारतीय जोड़ी ने कुल 487.7 अंक बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया जो कि जूनियर विश्व रिकॉर्ड भी है। इस जोड़ी ने क्वालीफिकेशन दौर में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 581 अंक के साथ पदक दौर में जगह बनाई। कियानसुन याओ और काई हू की चीन की जोड़ी ने 484.8 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि वेरोनिका मेजर और अकोस कैरोली नागी की हंगरी की जोड़ी ने




फाइनल में कुल 414.9 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

पलक ने फाइनल में 243.0 जबकि मुकेश ने 244.7 अंक बनाए। क्वालीफिकेशन दौर में पलक और मुकेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। उनसे आगे चीन की जोड़ी थी जिसने 586 अंक जुटाए।

### खेल के सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा : क्लासेन

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने उम्मीद जताई कि सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अच्छी शुरुआत नहीं करने के बावजूद आगे खेल के सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेगा। सनराइजर्स को अपने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उसने कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हराया।

# भारतीय महिला टीम रूस के साथ खेलेगी तीन मैत्री मैच

नयी दिल्ली, सात अप्रैल (भाषा) भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम रूस के खिलाफ 11 से 17 अप्रैल तक सोची में तीन मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम की मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है।

यह मैच 11, 14 और 17 अप्रैल को सोची के मात्सेस्टा फुटबॉल सेंटर में खेले जाएंगे। इस साल चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारी कर रही भारतीय टीम सोमवार देर रात सोची पहुंची। भारतीय महिला टीम पिछले महीने यांगून गई थी जहां उसने मेजबान टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले। इन दोनों मैच में उसने जीत (2-0 और 3-2) हासिल की थी। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास शिविर में हिस्सा लिया था। सूज़ौ में होने वाले एशियाई कप में भारत को ग्रुप बी में रखा गया है जहां उसका सामना ऑस्ट्रेलिया (दो मई), जापान (पांच मई) और लेबनान (आठ मई) से होगा। सभी मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू होंगे।

भारत की अंडर-17 महिला टीम इस प्रकार हैः

गोलकीपरः मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी, तम्फसाना देवी कोन्जेंगबाम।

डिफेंडरः अलीना देवी सारंगथेम, अलीशा लिंगदोह, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेद लाकड़ा, जॉयशिनी चानू हुइद्रोम, रितु बड़ाईक, तानिया देवी टोनंबम।

# चैम्पियनशिप : ध्रुव, तनीषा मिश्रित युगल में जीते

एजेंसी

निंगबो। भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप 2026 के मिश्रित युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई जबकि बाकी जोड़ियां हारकर बाहर हो गई। कपिला और क्रास्टो ने थाईलैंड के फुनावत होरबान्लूकीत और बेनयापा ऐमसार्द को 21 . 14, 11 . 21, 21 . 15 से हराया। इससे पहले रोहन कपूर और रूत्विका शिवानी गाडे की जोड़ी मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त गोह सून हुआत और लेइ शेवोन जैमी की जोड़ी से 34 मिनट तक चले मुकाबले में 13 . 21, 19 . 21 से हारकर बाहर हो गई। एक अन्य मैच में असित सूर्या और अमृता प्रथमेश की जोड़ी मलेशिया के वोंग तियेन सि और लिम चियू सियेन से 31 मिनट में 16 . 21, 15 . 21 से हार गई। एकल वर्ग के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे। पुरूष एकल में आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप उपविजेता लक्ष्य सेन का सामना हांगकांग के ली चियुक यू से होगा। वहीं महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से खेलेंगी।

भारत की पुरूष टीम में सेन के अलावा किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय और आयुष शेट्टी भी हैं। वहीं महिला टीम में सिंधू के साथ तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और मालविका बंसोड़ हैं। वहीं दूसरी ओर भारत की बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप 2026 के मिश्रित युगल में शुरूआत निराशाजनक रही जब उसकी दोनों जोड़ियां मंगलवार को पहले दौर से हारकर बाहर हो गई। रोहन कपूर और रूत्विका शिवानी गाडे की जोड़ी मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त गोह सून हुआत और लेइ शेवोन जैमी की जोड़ी से 34 मिनट



तक चले मुकाबले में 13 . 21, 19 . 21 से हारकर बाहर हो गई। एक अन्य मैच में असित सूर्या और अमृता प्रथमेश की जोड़ी मलेशिया के वोंग तियेन सि और लिम चियू सियेन से 31 मिनट में 16 . 21, 15 . 21 से हार गई। एकल वर्ग के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे। पुरूष एकल में आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप उपविजेता लक्ष्य सेन का सामना हांगकांग के ली चियुक यू से होगा। वहीं महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से खेलेंगी। भारत की पुरूष टीम में सेन के अलावा किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय और आयुष शेट्टी भी हैं ।वहीं महिला टीम में सिंधू के साथ तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और मालविका बंसोड़ हैं।

### मुक्केबाजी : मीनाक्षी, जैसमीन विश्वनाथ व सचिन फाइनल में

उलानबटोर। मौजूदा विश्व चैम्पियन जैसमीन लंबोरिया और मीनाक्षी हुड्डा एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंच गई जिससे स्वर्ण पदक के लिये खेलने वाले भारतीय मुक्केबाजों की संख्या बढकर आठ हो गई है। विश्वनाथ सुरेश (50 किलो) और सचिन सिवाच (60 किलो) ने भी फाइनल में जगह बनाई। वहीं आकाश (75 किलो), लोकेश (85 किलो), नरेंदर बेरवाल (90 प्लस किलो ) और हर्ष चौधरी (90 किलो) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के आठ मुक्केबाज फाइनल खेलेंगे। महिलाओं के 48 किलोवर्ग सेमीफाइनल में मीनाक्षी ने थाईलैंड की थिपसाशा योदवारी को 4- ।से हराया। अब उनका सामना स्थानीय मुक्केबाज नोमुंदारी एंख अमगालान से होगा। जैसमीन ने 57 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में उजबेकिस्तान की निजिना उक्तामोवा को 3- 2 से हराया। अब वह थाईलैंड की पुनरावी रयूनरोस से खेलेंगी। पुरूष वर्ग में विश्वनाथ ने जोर्डन के हुताइफा एशिश को 5 . 0 से हराया। विश्व कप पदक विजेता सचिन ने थाईलैंड के साकदा रूआमथाम को 4- । से मात दी।

# सब जूनियर हॉकी : ओडिशा, चंडीगढ, केरल जीते

एजेंसी




राजगीर। चंडीगढ, हरियाणा, ओडिशा, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीयू ने 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय पुरूष चैम्पियनशिप में मंगलवार को डिविजन ए के अपने मैच जीते। पहले मैच में चंडीगढ ने महाराष्ट्र को 5-0 से हराया। दूसरे मैच में हॉकी हरियाणा ने पूल सी में हॉकी मणिपुर को 3-0 से मात दी। ओडिशा ने पूल डी के मैच में केरल को 8-0 से हराया। वहीं दादरा और नगर हवेली और दमन और दीयू हॉकी ने तमिलनाडु हॉकी यूनिट को 6-0 से शिकस्त दी। वहीं दूसरी ओर भारत की सीनियर महिला हॉकी टीम चार मैचों की श्रृंखला के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी।

इस श्रृंखला के मैच 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने मैच 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को अर्जेंटीना के नेशनल सेंटर ऑफ हाई परफार्मेंस एथलेटिक्स सेंटर (जिसे सीएएनएआरडी के नाम से भी जाना जाता है) में खेलेगी। भारत और अर्जेंटीना के बीच हाल में कुछ कड़े मुकाबले खेले गए हैं। इनमें पिछले साल जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 का मैच भी शामिल है जिसका फैसला 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में किया गया। भारतीय टीम का यह दौरा बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप और इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इससे भारतीय टीम को विभिन्न संयोजन आजमाने का मौका भी मिलेगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, हम 24 खिलाड़ियों की टीम के साथ अर्जेंटीना जा रहे हैं। यह एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय है। इस दौरे का उद्देश्य अधिक से अधिक खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन करने का मौका देना है। अर्जेंटीना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है और इस श्रृंखला से हमें प्रति खिलाड़ी को परखने का मौका मिलेगा। हम देखना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर कौन बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने कहा, इस टीम में जगह बनाने के लिए आपको सबसे पहले यह साबित करना होगा कि आप एक टीम प्लेयर हैं। व्यक्तिगत प्रतिभा महत्वपूर्ण है लेकिन अगर आप इस टीम के साथ तालमेल नहीं बिठा सकते और एक-दूसरे की मदद नहीं कर सकते हैं तो आपके लिए इस टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा।

पुरुषों और महिलाओं दोनों का विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में एक साथ आयोजित किया जाएगा, जबकि एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होंगे।

# हमेशा नारी शक्ति को हर रूप में प्राथमिकता दी

## उनकी सरकार ने हमेशा हर तरह से महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता दी है : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार ने हमेशा हर तरह से महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि राजग सरकार द्वारा लाए गए महिला आरक्षण अधिनियम के साथ, भारत अधिक नारी-नेतृत्व वाली शासन व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा महिलाओं के विधायी नेतृत्व को बढ़ावा देना विषय पर एक समाचार पत्र में लिखे लेख पर की। लेख में अन्नपूर्णा देवी ने रेखांकित किया है कि महिलाओं का अधिक प्रतिनिधित्व मजबूत, अधिक समावेशी शासन और एक विकसित भारत की कुंजी है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रतिनिधित्व का वास्तविक प्रभाव में बदलना जरूरी है। सरकार ने हमेशा नारी शक्ति को हर रूप में प्राथमिकता दी है। इसलिए, नारी शक्ति वंदन अधिनियम की नींव रखते हुए, भारत महिला नेतृत्व वाली शासन व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।



यह भी विकसित भारत का एक प्रमुख आधार है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को आमतौर पर महिला आरक्षण अधिनियम के रूप में जाना जाता है। इस अधिनियम को संसद ने 2023 में मंजूरी दी थी,जिसके जरिये लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। संविधान में संशोधन करके लाया गया यह कानून निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लागू होगा। प्रधानमंत्री ने शनिवार को संसद के बजट सत्र को तीन दिनों के लिए यानी 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक बढ़ाने की घोषणा की, ताकि महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन किया जा सके और इसे 2029 से लागू किया जा सके। अधिकारियों ने कहा कि यदि परिसीमन प्रक्रिया से पहले ही कानून लागू करने का प्रस्ताव वास्तव में साकार हो जाता है, तो संविधान में एक और संशोधन की आवश्यकता होगी। सरकार द्वारा संसद के तीन दिवसीय सत्र में इस संबंध में कानून में संशोधन किए जाने की उम्मीद है।

मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से खुले मन से और बिना किसी राजनीतिक नफा-नुकसान का आकलन किये बिना संबंधित विधेयकों का पूर्ण समर्थन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह सशक्तिकरण से संबंधित मुद्दा है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से देश की माताओं और बहनों का विश्वास जीतने में भागीदार बनने की अपील की।

# एसआईआर के बाद मतुआ, अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के नाम मतदाता सूचियों से हटाये गयेः ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूचियों से मतुआ और अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के नाम हटा दिए गए हैं।



नदिया जिले के चकदाहा में एक रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस उन लोगों के साथ खड़ी रहेगी जिनके नाम एसआईआर की प्रक्रिया के बाद मतदाता सूचियों से हटा दिए गए थे। निर्वाचन आयोग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पश्चिम बंगाल में लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटा दिए गए हैं। बनर्जी ने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय में उनके दखल के बाद, निर्णय के लिए विचाराधीन लगभग 60 लाख मामलों में से लगभग 32 लाख नाम सूचियों में बहाल कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, खास समुदायों.....मतुआ, राजबंशी और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर मतदाता सूचियों से नाम हटाए जा रहे थे। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे और मतगणना 4 मई को होगी।

## संक्षेप

### राजनाथ ने ममता बनर्जी पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया

बैरकपुर (पश्चिम बंगाल)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला किया और उनकी सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने, वोट-बैंक के लिए घुसपैठ को बढ़ावा देने और राज्य को कुशासन तथा भ्रष्टाचार के दौर में धकेलने का आरोप लगाया। उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, सिंह ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने समाज को जाति, धर्म और संप्रदाय के आधार पर बांट दिया है, जबकि राजनीति इसके बजाय न्याय, मानवता और समानता पर आधारित होनी चाहिए। ममता जी, मैं आपको एक सुझाव देना चाहता हूं। राजनीति करें, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति नहीं। राजनीति संतुष्टि की होनी चाहिए, तुष्टीकरण की नहीं। आपने समाज को जाति, धर्म और संप्रदाय के आधार पर बांटा है। राजनीति जाति या धर्म के आधार पर नहीं होनी चाहिए। राजनीति न्याय और मानवता या न्याय और समानता पर आधारित होनी चाहिए। अवैध आव्रजन के मुद्दे पर भाजपा के हमले को तेज़ करते हुए, सिंह ने दावा किया कि बनर्जी घुसपैठ रोकने को तैयार नहीं हैं क्योंकि वह घुसपैठियों को एक राजनीतिक वोट बैंक के तौर पर देखती हैं।

# कांग्रेस गठबंधन बहुमत हासिल करेगाः खरगे

असम। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दावा किया कि असम विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन 126 सीटों में से 72-73 सीटें जीतकर सरकार बनाएगा। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में यह भी कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भारत में सबसे भ्रष्ट नेता हैं तथा उनके खिलाफ लगे आरोपों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत को टिप्पणी करनी चाहिए। खरगे ने दावा किया, "कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन असम में अगली सरकार बनाने जा रहा है। हम 72-73 सीटें जीतेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा पर निशाना साधा। खरगे ने आरोप लगाया, भारत में कोई भी मुख्यमंत्री उनके जैसा अहंकारी नहीं है। हिमंत विश्व शर्मा केवल अपने परिवार के विकास के लिए काम कर रहे हैं। वह चाय, स्कूल, कोयला, अंडा, जमीन, सुपारी, हर चीज में सिंडिकेट चला रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि शर्मा के कैबिनेट का हर सदस्य भ्रष्ट है।

# एसआईआर के बाद मतदाता सूची से 91 लाख नाम हटे

कोलकाता। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद मतदाता सूची से करीब 91 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं।

मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य के अंतिम मतदाता आधार की घोषणा अभी बाकी है। हालांकि, उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष अक्टूबर के अंत में 7.66 करोड़ मतदाताओं के आधार पर, राज्य में इस समय कुल हटाए गए मतदाताओं का प्रतिशत 11.85 प्रतिशत से अधिक है। एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत से अब तक कुल हटाए गए नामों की अंतिम संख्या 90.83 लाख से थोड़ा अधिक रही।

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई जांच में इन 60.06 लाख में से 27.16 लाख विवेचनाधीन मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। आंकड़ों से पता चलता है कि 28 फरवरी को एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियों के बाद न्यायिक जांच के दायरे में आए लगभग 45.22 प्रतिशत नाम हटा दिए गए। वहीं, इस श्रेणी के 32.68 लाख से अधिक मतदाताओं को बरकरार रखते हुए अंतिम सूची में शामिल किया गया है। आयोग के आंकड़ों से पता चला कि सबसे अधिक नाम मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में हटाए गए, जहां न्यायिक जांच के तहत 11.01 लाख नामों में से 4.55 लाख से अधिक नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। इस तरह, जिले में न्यायिक जांच के तहत हटाए गए नामों की संख्या लगभग 41.33 प्रतिशत है। बांग्लादेश की सीमा से लगे उत्तर 24 परगना जिले में भी बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम हटाए गए। यहां जांच के दायरे में आए 5.91 लाख मतदाताओं में से 3.25 लाख से अधिक मतदाता अयोग्य पाए गए। मालदा में, न्यायिक जांच के दायरे में आए 8.28 लाख मतदाताओं में से 2.39 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए।

# नेपाल ने भारत समेत छह देशों से अपने राजदूत वापस बुलाये

काठमांडू। नेपाल ने भारत समेत छह देशों से अपने राजदूत वापस बुला लिए हैं, जिन्हें केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के कार्यकाल में नियुक्त किया गया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर छेत्री ने बताया कि सरकार ने एक मंत्रिमंडल फैसले के माध्यम से भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका में कार्यरत राजदूतों को वापस बुला लिया है। छेत्री के मुताबिक, जिन राजदूतों को वापस बुलाया गया है, उनमें शंकर प्रसाद शर्मा (भारत), चित्रलेखा यादव (ऑस्ट्रेलिया), सुमनिमा तुलाधर (डेनमार्क), पूर्ण बहादुर नेपाली (श्रीलंका), शिवमाया तुम्बाहम्फे (दक्षिण कोरिया) और कपिलमान श्रेष्ठ (दक्षिण अफ्रीका) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि छह देशों में तैनात राजदूतों को सोमवार को पत्र जारी कर एक महीने के भीतर लौटने का निर्देश दिया गया है। अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार ने ओली प्रशासन की ओर से राजनीतिक कोटे के तहत नियुक्त किए गए।

# देश को संपूर्ण खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत : चौहान

जयपुर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खाद्य सुरक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए मंगलवार को देश की संपूर्ण खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने फसलों का उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने, उत्पादन लागत कम करने और किसानों के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

वह यहां पश्चिमी राज्यों के लिए क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। चौहान ने कहा, देश की खाद्य सुरक्षा हमको सुनिश्चित करनी है। 140 करोड़ भारतीय हैं उनके लिए पर्याप्त खाद्यान्न चाहिए। उनके लिए अनाज, फल, सब्जियां, तिलहन, दलहन व दूध भी...सब चाहिए। उन्होंने कहा कि क्योंकि आज के युग में हम किसी पर भी निर्भर नहीं रह सकते। प्रधानमंत्री का संकल्प है आत्मनिर्भर भारत। आज तो दुनिया की परिस्थितियां ऐसी हैं कि भोजन के लिए



निर्भरता कदापि मंजूर नहीं है। हमें आत्मनिर्भर होना चाहिए। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि मुझको खुशी है कि गेहूं हो, चावल हो ..अन्न के तो हमारे भंडार भरे हैं। हालत यह है कि गेहूं व चावल में तो हमें विचार यह करना पड़ता है कि उसे रखे कहां? रखने की जगह नहीं है। तो हमने प्रगति बहुत की है लेकिन दलहन की कमी है। इसका हमें आयात करना पड़ता है। तेल का भी आयात करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करनी है तो दलहन में भी हमको आत्मनिर्भर होना है। तिलहन में भी आत्मनिर्भर होना है। कोई भी चीज ऐसी न हो जो हमें बाहर से मंगानी हो। संपूर्ण खाद्य सुरक्षा हमको सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी आवश्यकता अपने किसानों से अपने देश में पूरी करेगा और केवल इतना ही नहीं प्रधानमंत्री का कहना है कि भारत विश्वबंधु भी है इसलिए हम दुनिया की जरूरत को पूरा करेंगे। कोरोना के समय में भी हमने पूरा किया और अब संकट के समय भी भारत दुनिया को खाद्यान्न आपूर्ति की क्षमता रखता है। किसानों की आय बढ़ाने की बात करते हुए चौहान ने कहा कि किसानों की आय बढ़ानी है, उनके जीवन स्तर को उठाना है और उनकी जिंदगी को भी आसान बनाना है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ और किसान उसकी आत्मा है।

# अमेरिका ने ईरान के तेल उद्योग के लिए अहम खार्ग द्वीप पर फिर हमला किया

वाशिंगटन। अमेरिका ने एक बार फिर ईरान के तेल उद्योग के लिए अति अहम खार्ग द्वीप पर हमला किया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी।


अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका ने द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को मांगों को मानने या बड़े हमले का सामना करने के लिए निर्धारित की गई समय सीमा से कुछ घंटे पहले हुए। इस बीच ट्रंप ने मंगलवार सुबह एक बार फिर धमकी दी कि अगर ईरान ने समझौता नहीं किया तो पूरी सभ्यता आज रात ही खत्म हो जाएगी। ट्रंप ने द्वीप पर महत्वपूर्ण तेल अवसंरचना पर कब्जा करने के लिए जमीन पर सैनिकों को भी उतारने की धमकी दी है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के अभियान में कई अमेरिकी सैन्य कर्मियों की जान जाएगी और यह युद्ध को समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम नहीं होगा। इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के क्रिटिकल थ्रेट्स प्रोजेक्ट द्वारा उपग्रहों से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर किये विश्लेषण के मुताबिक युद्ध के शुरुआती दौर में अमेरिका ने द्वीप पर कई ठिकानों पर हमला किया था, जिनमें हवाई सुरक्षा, एक रडार साइट, एक हवाई पट्टी और एक होवरक्राफ्ट बेस शामिल थे। इससे पहले अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने एक खबर में कहा था कि खार्ग द्वीप पर कई विस्फोट हुए हैं, लेकिन उसने विस्तृत जानकारी नहीं दी थी।

## इंटरटेनमेंट...

# राजपाल यादव के समर्थन में आये सलमान

मुंबई। मुंबई में एक पुरस्कार समारोह में अभिनेता राजपाल यादव की वित्तीय परेशानियों का मजाक उड़ाए जाने पर विवाद खड़ा होने के बाद अभिनेता सलमान खान ने मंगलवार को उनके प्रति समर्थन जताया। यादव ने रविवार रात चेतक स्क्रीन अवॉर्ड्स में हिस्सा लिया, जहां प्रस्तोता सौरभ द्विवेदी ने अभिनेता से जुड़े नौ करोड़ रुपये के चेकबाउंस मामले पर टिप्पणी की। इस मामले में यादव को कुछ समय के लिए जेल जाना पड़ा था। बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

खान ने यादव के आधिकारिक हैंडल को टैग करते हुए कहा कि दिग्गज अभिनेता यादव लगभग 30 वर्ष से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं और अपनी अभिनय कला की वजह से फिल्म निर्माताओं के बीच उनकी भारी मांग रही। खान ने लिखा, काम तो आपको बहुत मिलेगा और इसी डॉलर रेट पर मिलेगा और मिलता रहेगा। हकीकत ये है। उन्होंने कहा, "और ये याद रखना कि कभी-कभी फ्लो में कुछ बातें निकल जाती हैं। आपको (पैसे) लौटाने ही हैं (जवाब मत दो), इसे ध्यान में रखो और दिल से काम करो। डॉलर ऊपर जाए या नीचे, इससे क्या फर्क पड़ता है, भुगतान



तो भारत में ही होना है। यादव सलमान खान के साथ "मुझसे शादी करोगी" और "पार्टनर" जैसी फिल्मों में कर चुके हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने फरवरी में चेक बाउंस मामले में और समय देने की यादव की याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। यह मामला 2012 में आई उनकी फिल्म "अता पता लापता" के लिए लिए गए पांच करोड़ रुपये के कर्ज से जुड़ा था, जो अब बढ़कर नौ करोड़ रुपये हो गया है। उन्हें अंतरिम जमानत मिलने से पहले लगभग 13 दिन तिहाड़ जेल में बिताने पड़े। सौरभ द्विवेदी और कॉमेडियन जाकिर खान संयुक्त रूप से पुरस्कार समारोह का संचालन कर रहे थे।

इस दौरान यादव ने अमेरिका-इजराइल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण जारी तेल संकट और उससे वैश्विक मुद्रा में आए उतार-चढ़ाव पर बात की। इस पर द्विवेदी ने टिप्पणी की, राजपाल भाई, डॉलर-रुपया कितना भी ऊपर-नीचे हो, आपको उतने ही पैसे लौटाने पड़ेंगे जितने उधार हैं। अभिनेता ने इस टिप्पणी को मुस्कुराते हुए नजरअंदाज कर दिया और कहा, मसला तो एक बार सुन लो, मैं तो मसला ही सुनाना चाहता हूं। एक ओर स्थिति को शालीनता से संभालने के लिए सोशल मीडिया पर राजपाल यादव की तारीफ हुई, तो दूसरी ओर सौरभ द्विवेदी को उनकी टिप्पणी के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। हालांकि, यादव ने द्विवेदी का बचाव करते हुए लोगों से उनकी आलोचना न करने की अपील की। उन्होंने कहा, सौरभ और जाकिर खान मेरे छोटे भाइयों जैसे हैं। उन्होंने हमेशा मुझे सम्मान दिया है।

## सारा अर्जुन ने आदित्य धर और धुरंधर की टीम की सराहना की

नयी दिल्ली। अभिनेत्री सारा अर्जुन ने फिल्मकार आदित्य धर और फिल्म धुरंधर की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "इतिहास बन गया है। सारा अर्जुन ने आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म "धुरंधर में येलिना जमाली की भूमिका निभाई। यह फिल्म 2025 में रिलीज हुई थी और इसका सीक्वल धुरंधरः द रिवेंजै 19 मार्च को रिलीज हुआ, जिसने दुनियाभर में 1,500 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। अभिनेत्री ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें टीम के साथ उनकी कई तस्वीरें शामिल थीं। उन्होंने कहा कि पहली मुलाकात में ही उन्हें एहसास हो गया था कि आदित्य धर सिनेमा के लिए कुछ खास करने वाले हैं।

# तमिल एक्ट्रेस सुभाषिनी सुब्रमण्यम का शव मिला

**मुंबई**। साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस सुभाषिनी सुब्रमण्यम का शव उनके चेन्नई स्थित अपार्टमेंट में मिला है। 36 साल की एक्ट्रेस डिप्रेशन में थीं। रिपोर्ट्स के अनुसार, मौत से कुछ समय पहले ही उनका पति से वीडियो कॉल पर झगड़ा हुआ था। न्यूज 18 की रिपोर्ट के अनुसार, सुभाषिनी, चेन्नई के इयप्पंथंगल इलाके में किराए के फ्लैट में रह रही थीं, जहां उनका शव मिला है। उन्होंने 2 साल पहले 2024 में बिपिन चंद्रन से शादी की थी। कुछ समय से दोनों अलग रह रहे थे। 6 अप्रैल को मौत होने से पहले उन्होंने पित बिपिन को वीडियो कॉल किया था, जिसमें दोनों का झगड़ा हुआ था।

> मौत से पहले कॉल पर हुआ था पति से झगड़ा, दो साल पहले हुई थी शादी

सुभाषिनी ने 2024 में बिबिन चंद्रा से शादी की थी। पुलिस जांच के अनुसार, झगड़े के बाद ही सुभाषिनी ने आत्महत्या की है, हालांकि अब तक मौत का सटीक कारण और वजह सामने नहीं आ सकी ही। शव बरामद होने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सुभाषिनी सुब्रमण्यम श्रीलंका की रहनेवाली थीं। वो तमिल टीवी इंडस्ट्री में काम मिलने के बाद चेन्नई आकर बस गई थीं।


# अनन्या पांडे की फिल्म 'चांद मेरा दिल' मई में होगी रिलीज

नयी दिल्ली। अनन्या पांडे और लक्ष्य अभिनीत फिल्म चांद मेरा दिल 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है और करण जौहर के बैनर धर्मा प्रोडक्शंस के तहत इसका निर्माण किया गया है।

फिल्म निर्माताओं ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह खबर साझा की। कैप्शन में लिखा था, पेश है एक ऐसी प्रेम कहानी जहां जिंदगी प्यार से भी तेज रफ्तार से भागती है। चांद मेरा दिल सिनेमाघरों में 22 मई, 2026 को रिलीज होगी। लक्ष्य और अनन्या ने भी आगामी फिल्म के पोस्टर अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किए।



पाण्डेय की हालिया फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी है, जो 2025 में रिलीज़ हुई थी और इसमें उन्होंने कार्तिक आर्यन के साथ अभिनय किया था। वह अब कॉल मी बे के दूसरे सीजन में नजर आएंगी, जो प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। लक्ष्य ने इससे पहले द बैड्स ऑफ बॉलीवुडै में अभिनय किया था। यह सितंबर 2025 में रिलीज हुई थी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com